रजिस्ट्री सं. डी. (डी. एन.)-73 REGISTERED No. D. (D.N.)-73

B 22.8.84

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 29] नई दिल्ली, शनिवार, जुलाई 21, 1984/आषाढ़ 30, 1906
No. 29] NEW DELHI, SATURDAY, JULY 21, 1984/ASADHA 30, 1906

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II —खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय अधिकारियों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाये और जारी किए गए साधारण नियम जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उपनियम आदि सम्मिलित हैं ।

General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय

(विधि कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 24 मई, 1984

सा० का० नि० 765.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, आयकर अपील अधिकरण सदस्य (भर्ती और सेवा की शर्तें) नियम, 1963 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम आय-कर अपील अधिकरण दूसरा संशोधन नियम, 1984 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. आय-कर अपील अधिकरण सदस्य (भर्ती और सेवा की शर्तें) नियम, 1963 में, नियम 7क के पश्चात् निम्नलिखित अन्तःस्थापित की जाएगी, अर्थात् :—

"7ख ज्येष्ठ उपाध्यक्ष—केन्द्रीय सरकार, नियम 7क के अधीन अपील अधिकरण के एक उपाध्यक्ष को उसका ज्येष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त कर सकेगी ।"

टिप्पण : मूल नियमों का निम्नलिखित द्वारा संशोधन किया गया —

(1) सा० का० नि० सं० 1864, तारीख 16-12-1965

(2) सा० का० नि० सं० 4, तारीख 6-12-1972

(3) सा० का० नि० सं० 576, तारीख 23-5-81

(4) सा० का० नि० 905, तारीख 16-9-81

(5) सा० का० नि० सं० तारीख 12-1-84

[सं० ए०-12018(1)/84-प्रशा० 3(वि०का०)]
पी० के० कर्या, संयुक्त सचिव और विधि सलाहकार

MINISTRY OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS

(Department of Legal Affairs)

New Delhi, the 24th May, 1984

G.S.R. 765.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Income-tax Appellate Tribunal Members (Recruitment and Conditions of Service) Rules, 1963, namely :—

1. (1) These rules may be called the Income-tax Appellate Tribunal Members (Recruitment and Conditions of Service) Second Amendment Rules, 1984.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Income-tax Appellate Tribunal Members (Recruitment and Conditions of Service) Rules, 1963, after rule 7A, the following shall be inserted, namely :—

"7B The Senior Vice-President. The Central Government may appoint one of the Vice-Presidents of the Appellate Tribunal appointed under rule 7A, to be the Senior Vice-President thereof."

"Notes :- The Principal rules have been amended vide

(i) G.S.R.No. 1864, dated 16. 12. 1965

(ii) G.S.R.No. 4, dated 26. 12. 1972

(iii) G.S.R.No. 576, dated 23.5.1981.

(iv) G.S.R.No. 905, dated 16.9.1981.

(v) G.S.R.No. dated 12.1.1984.

[No. A-12018(1)/84-Admn. III (LA)]

P. K. KARTHA, Joint Secy. and Legal Adviser

कम्पनि कार्य विभाग

नई दिल्ली, 2 जुलाई 1984

सा० का० नि० 766.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय कंपनी विधि सेवा नियम 1965 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1.(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम केन्द्रीय कंपनी विधि सेवा (संशोधन) नियम, 1984 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. केन्द्रीय कंपनी विधि सेवा, नियम, 1965 की अनुसूची में, भाग ख और उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

'अनुसूची-1—भाग 'ख'

क्रम सं०	श्रेणी	वेतनमान	पद का नाम	पदों की संख्या					
				लेखा शाखा		विधि शाखा		योग	
				स्थायी	अस्थायी	स्थायी	अस्थायी	स्थायी	अस्थाय
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1. अतिकाल	श्रेणी	2000-2250	प्रादेशिक निदेशक निरीक्षण और अन्वेषण निदेशक निरीक्षण और अन्वेषण अपर निदेशक	—	—	—	—	6	—
2. श्रेणी	I	1500-2000	संयुक्त निदेशक (लेखा)	3	—	—	—	3	—
3. श्रेणी	I	1500-2000	संयुक्त निदेशक (विधि)	—	—	4	—	—	—
4. श्रेणी	I	1500-2000	कंपनियों का रजिस्ट्रार श्रेणी-I	3	—	1	—	4	—
5 श्रेणी	I	1500-2000	संयुक्त निदेशक (निरीक्षण)	4	2	—	—	4	2
6 श्रेणी	I	1500-2000	शासकीय समापक श्रेणी-I	—	—	3	—	3	—
7 श्रेणी	II	1300-1700	उप-निदेशक (लेखा 3)	5	1	—	—	5	1
8. श्रेणी	II	1300-1700	उप-निदेशक (विधि)	—	—	2	—	2	—
9. श्रेणी	II	1300-1700	उप-निदेशक (निरीक्षण)	12	—	—	—	12	—
10 श्रेणी	II	1300-1700	उप-शासकीय समापक	—	—	2	—	2	—
11 श्रेणी	II	1300-1700 रु०	शासकीय समापक श्रेणी-II	—	—	—	1	—	1
12. श्रेणी	III	1300-1700	कंपनियों का रजिस्ट्रार श्रेणी-II	1	—	1	—	2	—
13. श्रेणी	III	1100-1600	कंपनी लेखापाल	2	2	—	—	2	2
14. श्रेणी	III	1190-1609	कंपनी अभियोजक श्रेणी-I	—	—	2	2	2	2
15. श्रेणी	III	1100-1600	कंपनियों का रजिस्ट्रार श्रेणी 111 और कंपनियों का अपर रजिस्ट्रार	4	6	3	—	7	6
16. श्रेणी	III	1100-1600	निरीक्षण अधिकारी	11	—	—	—	11	—

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
17. श्रेणी	III	1100-1600	सहायक शासकीय समापक (लेखा)	1	—	—	—	1	—
18. श्रेणी	III	1100-1600	सहायक शासकीय समापक (विधि)	—	—	1	—	1	—
19. श्रेणी	III	1100-1600	शासकीय समापक श्रेणी-III	—	—	1	—	1	—
20. श्रेणी	IV	700-1300	कंपनियों का रजिस्ट्रार श्रेणी-IV/और कंपनियों का सहायक रजिस्ट्रार	16	4	21	2	57	6
21. श्रेणी	IV	700-1300	सहायक निरीक्षण अधिकारी	15	—	—	—	15	—
22. श्रेणी	IV	700-1300	सहायक शासकीय सापक (लेखा)	3	—	—	—	3	—
23. श्रेणी	IV	700-1300	सहायक शासकीय समापक (विधि)	—	—	6	—	6	—
24. श्रेणी	IV	700-1300	शासकीय समापक श्रेणी-IV	—	6	—	1	6	1
			योग	80	15	53	6	339	21

[फा० सं० ए-42013/14/81-प्रशा०-II]
बी० पी० गुप्त, निदेशक प्रशासन

Department of Company Affairs

New Delhi, the 2nd July, 1984

G.S.R. 766— In exercise of the powers conferred by the previso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Central Company Law Service Rules, 1965, namely:—

1. (1) These rules may be called the Central Company Law Service (Amendment) Rules, 1984.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Central Company Law Service Rules, 1965, in Schedule I for Part B and the entries relating there under, the following shall be substituted, namely:—

SCHEDULE 1 PART 'B'

Sl. No.	Grade	Pay Scale	Name of post	Number of posts					
				Accounts Branch		Legal Branch		Total	
				Permanent	Temporary	Permanent	Temorary	Permanent	Templorary
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1.	Super Time Grade.	2000-2250	Regional Director/Director of Inspection and Investigation/Addl. Director of Inspection and Investigation.	—	—	—	—	6	—
2.	Grade I	1500-2000	Joint Director (Accounts)	3	..	—	—	3	—
3.	Grade I	1500-2000	Joint Director (Legal)	—	—	4	—	4	—
4.	Grade I	1500-2000	Registrar of Companies Grade I	3	—	1	—	4	—
5.	Grade I	1500-2000	Joint Director (Inspection)	4	2	—	—	4	21
6.	Grade I	1500-2000	Official Liquidator Grade.	—	—	3	—	3	—
7.	Grade II	1300-1700	Deputy Director (Accounts)	5	1	—	—	5	
8.	Grade II	1300-1700	Deputy Director (Legal)	—	—	2	—	2	—
9.	Grade II	1300-1700	Deputy Director (Inspection)	12	—	—	—	12	—
10.	Grade II	1300-1700	Deputy Official Liquidator.	—	—	2	—	2	—
11.	Grade II	1300-1700	Official Liquidator	—	—	—	1	—	1
12.	Grade II	1300-1700	Registrar of Companies Grade II.	1	—	1	—	2	—
13.	Grade III	1100-1600	Company Accountant	2	2	—	—	2	2
14.	Grade III	1100-1600	Company Prosecutor Grade I.	—	—	2	2	2	2
15.	Grade III	1100-1600	Registrar of Companies Grade III and Addl. Registrar of Companies.	4	6	3	—	7	6
16.	Grade III	1100-1600	Inspecting Officer.	11	—	—	—	11	—
17.	Grade III	1100-1600	Asstt. Official Liquidator (Accounts)	1	—	—	—	1	—
18.	Grade III	1100-1600	Asstt. Official Liquidator (Legal)	—	—	1	—	1	—
19.	Grade III	1100-1600	Official Liquidator, Grade-II.	—	—	1	—	1	—

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
20.	Grade IV	700-1300	Registrar of Companies Grade IV and Asstt. Registrar of Companies.	16	4	21	2	37	6
21.	Grade IV	700-1300	Assistant Inspecting Officer.	15	—	—	—	15	—
22.	Grade IV	700-1300	Asstt. Official Liquidator (Accounts)	3	—	—	—	3	—
23.	Grade IV	700-1300	Assistant Official Liquidator (Legal)	—	—	6	—	6	—
24.	Grade IV	700-1300	Official Liquidator.	—	—	6	1	6	1
			TOTAL	80	15	53	6	139	21

[F.No.A42013/14/81-Admn.II]
V.P. GUPTA, Director (Administration)

नई दिल्ली, 7 जुलाई, 1984

लागत लेखा अभिलेख (विद्युत् केबल और विद्युत् चालक) नियम, 1984

सा० का० नि० 767.—केन्द्रीय सरकार, कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 209 की उपधारा (1) के खंड (घ) के साथ पठित धारा 642 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :—(1) इन नियमों का नाम लागत लेखा अभिलेख (विद्युत् केबल और विद्युत् चालक) नियम, 1984 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. लागू होना—ये नियम लघु औद्योगिक एकक प्रवर्ग के अन्तर्गत आने वाली कम्पनियों को छोड़कर, प्रत्येक ऐसी कंपनी को लागू है, जो निम्नलिखित प्रवर्गों में से किसी भी प्रकार के विद्युत् केबल, विद्युत् चालक, तारों और पट्टियों के उत्पादन प्रसंस्करण या विनिर्माण में लगी हुई हैं, अर्थात् :—

(क) विद्युत् केबल (सभी प्रकार के—अर्थात् पी० आई० एल० सी० पी० वी० सी०, एक्स एल० पी० ई० आदि);

(ख) सभी प्रकार के वी० आई० आर० रबड़ चढ़े केबल और लचीले तार;

(ग) सभी प्रकार के पी० वी० सी० विद्युत् रोधी केबल और लचीले तार जिनके अन्तर्गत स्विचबोर्ड तार और केबल भी हैं;

(घ) इनेमल चढ़े तार और पट्टियां;

(ङ) कागज, ग्लास, रेशम और किसी अन्य प्रकार की विद्युत् रोधी सामग्री चढ़े हुए तार और पट्टियां

(च) ए० ए० सी०/ए० सी० एस० आर० विद्युत् चालक;

(छ) दूरसंचार केबल

स्पष्टीकरण :

इस नियम के प्रयोजन के लिए, लघु औद्योगिक एकक से, राज्य सरकार के, यथास्थिति, उद्योग या लघु उद्योग निदेशालय में रजिस्ट्रीकृत कोई ऐसा औद्योगिक उपक्रम अभिप्रेत है जिसका संयंत्र और मशीनरी में विनिधान मूल्य बीस लाख रुपए से अधिक नहीं है ।

3. अभिलेख रखना :—(1) प्रत्येक कंपनी, जिसे ये नियम लागू है, इन नियमों के प्रारंभ को या उसके पश्चात् प्रत्येक वित्तीय वर्ष की बाबत समुचित लेखा बहियां रखेगी जिसमें, अन्य बातों के साथ-साथ, सामग्री, श्रम और लागत की अन्य मदों के उपयोग के संबंध में, जहां तक कि वे नियम 2 में निर्दिष्ट विद्युत् केबलों, विद्युत् चालकों, तारों और पट्टियों के बारे में है, इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची 1 और अनुसूची 2 में विनिर्दिष्ट विशिष्टियां या यथासाध्य उसके निकटतम किसी प्ररूप में दी जाएंगी :

परन्तु यदि उक्त कंपनी नियम 2 में निर्दिष्ट मदों के अतिरिक्त अन्य उत्पाद का विनिर्माण कर रही है या अन्य क्रियाकलाप में लगी है तो अन्य मदों के उपयोग के संबंध में सामग्री, श्रम और लागत की विशिष्टियां, जहां तक कि वे ऐसे उत्पादों या क्रियाकलाप से संबंधित हैं, नियम 2 में निर्दिष्ट मदों की लागत में सम्मिलित नहीं की जाएंगी ।

(2) उपनियम (1) में निर्दिष्ट लेखाबहियां नियमित आधार पर ऐसे रखी जाएंगी कि उसमें प्रविष्ट की गई विशिष्टियों के आधार पर नियम 2 में निर्दिष्ट प्रत्येक प्रवर्ग के अधीन विद्युत् केबलों, विद्युत् चालकों पट्टियों और तारों के प्रत्येक आकार और प्रकार की उत्पादन लागत और विक्रय लागत की संगणना, किसी वित्तीय वर्ष (जिसे इसमें इसके पश्चात् सुसंगत अवधि कहा गया है) के दौरान नियमित अन्तरालों पर, जो नब्बे दिन से कम का नहीं होगा और सम्पूर्ण वित्तीय वर्ष के लिए सम्भव हो सके, और ऐसी प्रत्येक लेखाबही और अनुसूची 2 में विनिर्दिष्ट प्ररूप, उस कंपनी के, जिससे वे संबंधित है, वित्तीय वर्ष की समाप्ति से नब्बे दिन के भीतर पूरा कर लिया जाएगा ।

(3) कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 209 की उपधारा (6) और उपधारा (7) में निर्दिष्ट प्रत्येक व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि वह कंपनी द्वारा इन, नियमों के उपनियम (1) और (2) के उपबंधों का उसी रीति से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, सभी उचित कदम उठाए जिस रीति से वह उक्त अधिनियम की धारा 209 की उपधारा (1) के अधीन लेखा रखने के लिए बाधी है ।

(4) अनुसूची 1 और 2 के अनुसार रखे गए सांख्यकीय और अन्य अभिलेख ऐसे होंगे कि कंपनी, जहां तक हो सके, लागत में अधिकतम मितव्ययता बरतने की दृष्टि से विभिन्न संक्रियाओं और लागतों पर नियंत्रण रख सके और लागत संपरीक्षक द्वारा अपेक्षित आवश्यक आंकड़े दे सके, जिससे कि समय-समय पर यथासंशोधित लागत संपरीक्षा (रिपोर्ट) नियम, 1968 में निर्दिष्ट सभी विषयों पर वह उचित रिपोर्ट दे सके । ऐसे अभिलेखों का सामाधान उत्पाद-शुल्क विभाग और महानिदेशक, तकनीकी विकास को दी गई विधरणियों के साथ किया जाएगा ।

4. शास्ति :—यदि कोई कंपनी, नियम 3 के उपबंधों का उल्लंघन करेगी तो वह कंपनी और उसका प्रत्येक व्यतिक्रमी अधिकारी, जिसके अन्तर्गत नियम 3 के उपनियम (3) में निर्दिष्ट व्यक्ति भी है, कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 209 के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, जुर्माने से, जो पांच सौ रुपए तक का हो सकेगा और जारी रहने वाले उल्लंघन की दशा में, अतिरिक्त जुर्माने से, जो पहले दिन के पश्चात् प्रत्येक ऐसे दिन के लिए जिसके दौरान उल्लंघन जारी रहता है, पचास रुपए तक का हो सकेगा, दण्डनीय होगा ।

अनुसूची-1

(नियम 3 देखें)

1. सामग्री :

1.1 प्रत्यक्ष सामग्री : नियम 2 के अधीन सूचीबद्ध प्रत्येक प्रवर्ग के विभिन्न प्रकार और आकार के विद्युत् केबलों, विद्युत् चालकों, तारों

और पट्टियों के विनिर्माण के लिए अपेक्षित एलूमिनियम, तांबे, सीसा, सीसा मिश्र धातु, इस्पात तारों, इस्पात टेपों, कागज हेसियन टेपों, पी० वी० सी० रबरकृत, एक्स एल० पी० ई० यौगिक या पी० वी० सी० की सभी प्राप्तियों, निर्गमों और प्रतिशेषों की मात्रा और लागत दोनों का, पृथक-पृथक रूप मे, समुचित अभिलेख रखे जाएंगे । प्रत्यक्ष सामग्री के उक्त अभिलेखों में ऐसे ब्यौरे होंगे, कि कंपनी आयातित और देशी सामग्री की मात्रा, प्राप्तियों की लागत (जिसके अन्तर्गत संकर्म तक सभी सीधे प्रकार भी हैं), निर्गम और प्रतिशेष पृथक-पृथक अवधारित कर सके । आयातित सामग्री की दशा मे पोतपर्यन्त निःशुल्क कीमत, माल भाड़ा और बीमा प्रभार (लागत बीमा और भाड़ा मूल्य), सीमाशुल्क, पत्तन प्रभार, अन्तर्देशीय मालभाड़ा प्रभार के ब्यौरे पृथकतः अभिलिखित किए जाएंगे । वह आधार, जिस पर उक्त मात्राओं और निर्गमों तथा खपत की लागत संगणित की गई है, लागत अभिलेखों मे उपदर्शित किया जाएगा ।

1.2 प्रसंस्करण सामग्री . प्रसंस्करण सामग्री की प्रत्येक मद की प्राप्तियों, निर्गमों और प्रतिशेषों को, दर्शित करते हुए प्रत्येक मद की मात्रा और लागत, दोनों का समुचित लेखा रखा जाएगा। ऐसी प्रसंस्करण सामग्री की लागत के अन्तर्गत संकर्म तक के सभी सीधे प्रभार भी हैं । निर्गमों और खपत का मिलान विभागों, लागत केन्द्रो और विनिर्मित उत्पादो मे समुचित रूप मे किया जाएगा ।

1.3 शलाकाओ, तारों और संघटकों का विनिर्माण

1.3.1 एलमूनियम शलाकाएं, तांबा शलाकाएं और अन्य शलाकाएं : सिल्लियों, छड़ों या खुरचन से किसी कंपनी द्वारा विनिर्मित या किन्ही बाहरी अभिकरणों से प्रसस्कृत कराई गई एल्यूमिनियम या तांबे की शलाकाओं या अन्य शलाकाओं की दशा में पृथक अभिलेख रखें जाएंगे । इन अभिलेखों के विस्तृत ब्यौरों के साथ यह दर्शित किया जाएगा कि प्रत्येक प्रकार की शलाकाओ की विनिर्माण लागत और बाहरी प्रसंस्करण प्रभार कितने हैं जिससे कि कंपनी अनुसूची 2 के प्रारूप "क" और "ख" मे या यथासाध्य उसके निकटतम प्ररूप मे आवश्यक विशिष्टियां दे सकें । यदि कंपनियां बाहर के पक्षकारों के लिए शलाकाएं प्रसंस्कृत करती है तो उनके लिए समुचित अभिलेख रखें जाएंगे जिनमें यह दर्शित किया जाएगा कि बाहर के पक्षकारों के लिए कितनी मात्रा प्रसंस्कृत की गई, उसमें कितना समय लगा और ऐसे पक्षकारो से कितना प्रसंस्करण प्रभार लिया गया ।

1.3.2 विद्युत्‌रोधी सामग्री : यदि कपनी सामग्रियों और रसायनों अथवा पी० वी० सी० यौगिक रबरकृत यौगिक, एक्स० एल पी० ई० यौगिक पोलिथिलिन यौगिक या किसी अन्य यौगिक जैसी विद्युत् का विनिर्माण करती है तो प्रत्येक ऐसी मद की विनिर्माण लागत का पृथक-पृथक अभिलेख, इस अनुसूची के उपाबंध 2 मे या यथासाध्य उसके निकटतम प्ररूप मे, रखा जाएगा । यदि उक्त यौगिकों का क्रय किया जाता है तो उसके लिए पृथक अभिलेख रखे जाएंगे जिनमें प्रत्येक ऐसे विनिर्मित या प्रसंस्करण यौगिक की प्राप्तियो, निर्गमों और प्रतिशेष की मात्रा और मूल्य दोनों को दर्शित किया जाएगा ।

1.4 खपने वाले भण्डार, छोटे औजार, मशीनो के फालतू पुर्जे, डाई आदि :

1.4.1 खपने वाले भण्डारो, छोटे औजारों और मशीन के फालतू पुर्जों और डाइयों की प्रत्येक मद की प्राप्तियों, निर्गमों और प्रतिशेषों की मात्राओं और लागतों दोनो को दर्शित करते हुए, समुचित अभिलेख रखा जाएगा । दर्शित लागत में संकर्म तक के सभी प्रकार सम्मिलित हैं।

1.4.2 खपने वाले ऐसे भण्डारों और मशीनों के फालतू पुर्जों छोटे औजारो की दशा में, जिनकी लागत नगण्य है, कंपनी, यदि वह ऐसा करना चाहे तो, ऐसी मदों के मुख्य समूहों के लिए ही ऐसे अभिलेख रख सकती है ।

1.4.3 खपने वाले भण्डार, छोटे औजारों, मशीनों के फालतू पुर्जों और डाइयों की लागत जो कि वास्तविक निर्गमों पर आधारित होगी, सुसंगत लागत केंद्रों पर की जाएगी। जैसे भवनों, सयंत्रो और मशीनों तथा अन्य आस्तियों की वृद्धि जैसे पूंजी संकर्मों के लिए खपाई गई सामग्री, सुसगत पूंजी शीर्षों के अधीन दर्शित की जाएगी ।

1.5 सामग्री का बरबाद होना, खराब होना, अस्वीकृत किया जाना, हानि आदि .

1.5.1 विनिर्माण मे सामग्री, खपने वाले भण्डार, छोटे औजारों और मशीन के फालतू पुर्जों और डाइयो की, चाहे अभिवहन, भण्डारण, विनिर्माण के दौरान या चाहे किसी अन्य प्रक्रम पर, हुई बरबादी, खराबी, अस्वीकृति और हानि की मात्रा और मूल्य दर्शाने वाले समुचित अभिलेख रखे जाएंगे। बरबादी, खराबी, अस्वीकृति और हानि के लिए कारणों की उक्त हानियों के समायोजन के लिए अनुसरित रीति को लागत अभिलेख में दर्शित किया जाएगा ।

1.5.2 विभिन्न प्रकार की उत्पादित खुरचनो की मात्रा दर्शित करने के लिए समुचित अभिलेख रखा जाएगा ।

1.5.3 यदि किसी खुरचन का पुनः चक्रण किया जाता है तो उसकी मात्रा और पुनः संस्करण प्रभारो की बाबत समुचित अभिलेख रखे जाएंगे ।

1.5.4 अस्वीकृत खुरचनो और बरबाद हुई सामग्रियो के निपटान से प्राप्त राशि तथा संस्करण में पुनः प्रयुक्त अस्वीकृत सामग्रियों के मूल्य पृथक-पृथक अभिलेख रखा जाएगा और उत्पादन लागत में उपरोक्त प्राप्तियों का समायोजन करने की रीति को लागत अभिलेख में दर्शित किया जाएगा ।

2 वेतन और मजदूरी :-

2.1 प्रत्येक लागत केन्द्र मे नियोजित सभी कर्मचारियो की उपस्थिति और उनके उपार्जनों को तथा उन कार्यों को जिन पर उन्हे नियोजित किया गया है दर्शित करने वाले उचित अभिलेख रखे जाएंगे प्रत्येक लागत केन्द्र के अभिलेख में पृथक रूप से निम्नलिखित को भी उपदर्शित किया जाएगा :—

(क) उपार्जित मात्रानुपाती वर मजदूरी .

(ख) उत्पादन बोनस या उत्पादन पर आधारित किसी अन्य स्कीम के अधीन चाहे वैयक्तिक रूप में या चाहे सामूहिक रूप मे उपार्जित प्रोत्साहन मजदूरी,

(ग) उपार्जित अतिकाल मजदूरी,

(घ) नैमित्तिक श्रमिको के उपार्जन ।

2.2 निष्कार्य समय की प्रविष्टिया, उसके कारणो का उल्लेख करते हुए वर्गीकृत शीर्षों के अधीन पृथकतः अभिलिखित की जाएंगी । उत्पाद की लागत अवधारित करने के लिए निष्कार्य समय की बाबत किए गए संदायों की गणना करने में अपनाई गई पद्धति को लागत अभिलेखों में प्रकट किया जाएगा ।

2.3 सयंत्रो और मशीनों या अन्य स्थायी आस्तियों मे परिवर्धन जैसे पूंजी संकर्मों की आबंटित मजदूरी और वेतन का लेखा सुसंगत पूंजी-शीर्षों के अधीन किया जाएगा ।

3. सेवा विभाग व्यय .

प्रत्येक सेवा विभाग या सेवा लागत केन्द्र के लिए जिसके अन्तर्गत जल प्रदाय प्रयोगशाला, कल्याण, परिवहन और परीक्षण भी हैं उपगत व्ययों को उपदर्शित करने वाले ब्यौरेवार अभिलेख रखे जाएंगे । ये व्यय साम्यापूर्ण आधार पर अन्य सेवा और उत्पादन विभागों में प्रभारित किए जाएंगे और निरन्तर उन्ही पर प्रभार किए जाएंगे ।

3.2.1 विद्युत् : क्रय की गई विद्युत् की मात्रा और लागत के लिए समुचित अभिलेख रखे जाएंगे। जहां कंपनी स्वयं विद्युत् का उत्पादन करती है वहां उत्पादित विद्युत् की लागत को दर्शित करने के लिए पर्याप्त अभिलेख रखे जाएंगे। इस अनुसूची के उपाबंध 3 के अनुसार या यथासाध्य उससे निकटतम प्ररूप में विभिन्न लागत केन्द्रों में खपत को दर्शित करने के लिए आवश्यक अभिलेख रखे जाएंगे। लागत केन्द्रों और पृथक-पृथक उत्पादों को विद्युत् की लागत युक्तियुक्त आधार पर निकाली जाएगी और निरन्तर वही रहेगी।

3.2.2 जहां कंपनी के किसी अन्य एकक द्वारा विद्युत् उत्पादन किया जाता है और निर्देशाधीन उत्पादों के विनिर्माण को प्रदाय की जाती है वहां इस प्रकार प्रदाय की गई विद्युत् की मात्रा और लागत निर्धारित करने के लिए पर्याप्त अभिलेख रखे जाएंगे। उस एकक द्वारा प्रभारित दर का आधार युक्तियुक्त होगा और निरन्तर वही रहेगा। विद्युत् केबल विद्युत् चालक तारों और पट्टियों के उत्पादन के लिए आबंटित विद्युत् लागत का आधार युक्तियुक्त होगा और निरन्तर वही रहेगा।

4. कर्मशाला मरम्मत और रख-रखाव :

4.1 कर्मशाला और मरम्मत तथा रखरखाव शाला द्वारा उपगत खर्चों को दर्शित करने वाले समुचित अभिलेख रखे जाएंगे। अभिलेखों में वे आधार भी दर्शित किए जाएंगे जिन पर विभिन्न विभागों और लागत केन्द्रों पर इन व्ययों का प्रभारण किया गया है।

4.2 ऐसे प्रमुख मरम्मत किया गया संकर्मों पर किया गया खर्च जिससे एक से अधिक वित्तीय वर्ष तक फायदा होता है लागत अभिलेखों में सुसंगत अवधि के दौरान विनिर्मित विभिन्न उत्पादों की लागत अवधारित करने में उसके उपयोजन की रीति को उपदर्शित करते हुए पृथकतः उपदर्शित किए जाएंगे।

4.3 पूंजीगत प्रकार के संकर्मों पर उपगत व्यय पूंजीकृत किए जाएंगे। ऐसे कार्यों की लागत के अन्तर्गत सामग्री श्रम और उपरिव्ययों का सम्यक अंश भी है।

4.4 कंपनी के अन्य एककों की किसी अन्य कर्मशाला द्वारा या कंपनी के अन्य एककों के लिए और विलोमतः किए गए कार्यों को युक्तियुक्त रूप में प्रभारित किया जाएगा और वह रूप निरन्तर लागू किया जाएगा।

5. अवक्षयण :

5.1 जिन स्थिर आस्तियों की बाबत अवक्षयण की व्यवस्था की जाती है उनकी लागत और अन्य विशिष्टियों को दर्शित करने वाले समुचित अभिलेख रखे जाएंगे। इन अभिलेखों में अन्य बातों के साथ-साथ आस्तियों की प्रत्येक मद की लागत जिसके अन्तर्गत संस्थापन प्रभार यदि कोई है भी हैं, संस्थापन की तारीख और अवक्षयण की दर तथा प्रत्येक आस्ति की अवस्थिति भी दर्शित की जाएगी। उन आस्तियों की जिन्हें अर्जन की मूल लागत अयुक्तियुक्त व्यय का विलम्ब किए बिना निश्चित नहीं की जा सकती है वही मान ली जाएगी जो इन नियमों के प्रारम्भ की तारीख को या उसके पश्चात् प्रारंभ होने वाले वित्तीय वर्ष के प्रथम दिन के बहियों में दिखाए गए हैं। ऐसे किसी मूल्यांकन से ऐसी किसी आस्ति का वह पुनर्मूल्यांकन जो पूर्वोक्त तारीख से पहले किया गया है अपवर्जित हो जाएगा।

5.2 जिस आधार पर अवक्षयण की संगणना की जाती है और वह विभिन्न विभागों और लागत केन्द्रों को आबंटित/भारित किया जाता है तथा उत्पादों पर आमेलित किया जाता है वह अभिलेख में स्पष्ट रूप से उपदर्शित किया जाएगा। विभिन्न विभागों और लागत केन्द्रों पर प्रभार्य अवक्षयण कंपनी अधिनियम 1956 (1956 का 1) की धारा 205 की उपधारा (2) के उपबंधों के अनुसार प्रभार्य अवक्षयण से कम नहीं होगा और वह ऐसे लागत केन्द्रों और विभागों में उपयोग में लाए गए मशीनरी और अन्य स्थिर आस्तियों से संबंधित होगा। यदि ऐसी आस्तियों या आस्ति-समूह की दशा में जिन पर अवक्षयण आय-कर अधिनियम 1961 (1961 का 43) और उसके अधीन बनाए गए नियमों में उपबंधित रीति से भिन्न रीति से सुसंगत वर्ष में 100 % की दर से बट्टे खाते डाला जाता है तो वह अवक्षयण उतने वर्षों पर विस्तारित कर दिया जाएगा जितने वर्षों तक उस आस्ति या आस्ति-समूह से फायदा प्राप्त किया जाता है। यदि लागत अभिलेखों में किसी वित्तीय वर्ष में प्रभारित की गई रकम कंपनी अधिनियम 1956 (1956 का 1) के पूर्वोक्त उपबंधों के अधीन प्रभार्य अवक्षयण की रकम से अधिक है तो इस प्रकार प्रभारित अधिक रकम को लागत अभिलेखों में स्पष्ट रूप से उपदर्शित किया जाएगा किन्तु आस्तियों की किसी एक मद के संबंध में लागत अभिलेखों में भारित संचयी अवक्षयण प्रभार उस आस्ति की मूल लागत से अधिक नहीं होगा।

6. स्वामित्व तकनीकी ज्ञान फीस : स्वामित्व या अन्य आवर्ती या अनावर्ती संदायों का जो सहयोगियों या तकनीकी ज्ञान प्रदायकर्ता को, उनके साथ हुए करार के निबंधनों के अनुसार दिए जाते हैं, पर्याप्त अभिलेख रखा जाएगा। प्रत्येक पक्षकार की बाबत ऐसा अभिलेख पृथकतः रखा जाएगा। ऐसी रकम को, उत्पादों की बाबत लेखा प्रभारण, जिसके अन्तर्गत एक बार में चुकता करना भी है, का आधार लागत अभिलेखों में उपदर्शित किया जाएगा।

7. अन्य उपरिव्यय :

7.1 उपरिव्यय की विभिन्न मदों को दर्शित करने के लिए समुचित अभिलेख रखे जाएंगे। इन व्ययों को सकर्म प्रशासन और विक्रय तथा वितरण उपरिव्यय के रूप में विश्लेषित, वर्गीकृत और समूहकृत किया जाएगा यदि उपरिव्यय के उपरोक्त प्रवर्गों में सम्मिलित किसी व्यय को किसी विशिष्ट क्रियाकलाप या उत्पाद की बाबत परिलक्षित किया जाता है तो ऐसे व्यय पृथक कर दिए जाएंगे और पृथकतः संबद्ध क्रियाकलाप या उत्पाद पर प्रभारित किए जाएंगे और तत्पश्चात् उपरिव्यय के उपरोक्त प्रवर्गों के अधीन अतिशिष्ट सामान्य व्ययों को युक्तियुक्त और साम्यापूर्ण आधार पर प्रभाजित किया जाएगा और निरन्तर वैसे ही किया जाता रहेगा। उपरोक्त प्रवर्गों के उपरिव्ययों को विभागों, लागत केन्द्रों और उत्पादों को आबंटन या आमेलित करने के लिए अनुसरण की जाने वाली पद्धति को, लागत अभिलेखों में उपदर्शित किया जाएगा।

7.2 यदि कंपनी नियम 2 में निर्दिष्ट उत्पादों के अतिरिक्त किन्हीं अन्य उत्पादों का विनिर्माण करती है तो सामान्य उपरिव्यय को, जिसके अन्तर्गत कंपनी के मुख्यालय के व्यय भी हैं, केबलों, विद्युत् चालकों, तारों या पट्टियों संबंधी क्रियाकलाप अन्य क्रियाकलाप और पूंजी संकर्मों पर उपरिव्यय प्रभाजित करने के लिए अपनाए गए आधार को अभिलेख में उपदर्शित किया जाएगा। उपरिव्ययों को प्रभाजित करने के लिए अपनाया गया आधार, युक्तियुक्त साम्यापूर्ण और संगत होगा। लागत केन्द्रों और उत्पादों के उपरिव्ययों को प्रभाजित या आमेलित करने के लिए आधारों को, लागत अभिलेखों में उपदर्शित किया जाएगा।

8. संपरिवर्तन लागत : अनुसूची 2 के सुसंगत प्ररूप को भरने के लिए संपरिवर्तन लागत (प्रत्यक्ष सामग्री की लागत को कम करके विनिर्माण की लागत) को नियत और परिवर्तनीय लागत विभाजित करने के लिए समुचित अभिलेख रखे जाएंगे।

9. ब्याज : ब्याज प्रभार दर्शित करने के लिए समुचित अभिलेख रखे जाएंगे। ब्याज की रकम, विद्युत केबलों, विद्युत् चालकों, तारों, पट्टियों और अन्य क्रियाकलाप को युक्तियुक्त और साम्यापूर्ण आधार पर आबंटित की जाएगी और उसका निरन्तर अनुसरण किया जाएगा। ऐसे आबंटन का आधार लागत अभिलेखों में स्पष्ट रूप से दर्शित किया जाएगा। केबलों, विद्युत् चालकों, तारों और पट्टियों या उनके विभिन्न प्रकारों के लिए ब्याज के अंश के आगे प्रभाजन के लिए आधार युक्तियुक्त और साम्यापूर्ण होगा तथा उसका निरन्तर अनुसरण किया जाएगा।

10 निर्यात पर व्यय प्रोत्साहन

10 1 विद्युत् केबलो, विद्युत् चालका, तारो और पट्टियो के निर्यात पर यदि कोई है, उपगत व्यय को दर्शित करने के लिए समुचित अभिलेख पृथकतः रखे जाएगे जिससे कि निर्यात विक्रय की लागत सही रूप मे अवधारित की जा सके। निर्यात पर उपगत व्यय तथा उपार्जित कोई निर्यात प्रोत्साहन, निर्यात विक्रयो से सबधित लागत विवरणियो मे स्पष्टत दर्शित किए जाएगे, निर्यात प्रोत्साहन को अन्य आय के रूप म माना जाएगा और वह लागत अभिलेखो मे उसी रूप म दर्शित किया जाएगा।

11 पैकिग

11 1 विभिन्न पैकिग सामग्री की अर्थात् काष्ठखण्ड जिनका उपयोग ड्रम बनाने और प्रयुक्त अन्य पैकिग सामग्री की मात्रा और लागत को दर्शित करने के लिए समुचित अभिलेख रखे जाएगे। यदि ऐसी पैकिग सामग्री कपनी द्वारा विनिर्मित की जाती है तो ऐसी मदो के उत्पादन की लागत के समुचित अभिलेख उपाबध 4 मे या यथासाध्य उससे निकटतम प्ररूप म रखा जाएगा, जिससे कि कपनी केबलो विद्युत् चालको, तारो या पट्टियो के प्रत्येक प्रवर्ग के लिए जिन्हे नियम 2 के अधीन सूचीबद्ध किया गया ह प्रत्येक आकार प्रकार के पैकिग प्रभार की लागत का पता लगाया जा सके।

11 2 जहा पैकिग व्यय सामूहिक रूप से उपगत किए जाते हैं वहा विभिन्न प्रकार और आकार के केबलो, विद्युत् चालको, तारो और पट्टियो पर ऐसे व्ययो के प्रभाजन का आधार साम्यापूर्ण होगा और वह लागत अभिलेखो मे स्पष्ट रूप से उपदर्शित किया जाएगा तथा निरन्तर उसका अनुसरण किया जाएगा।

11 3 विभिन्न प्रकार और आकार के केबलो विद्युत चालका, तारो और पट्टियो की बाबत किसी निर्यात पैकिग पर उपगत विशेष व्ययो के, यदि कोई है, पृथक अभिलेख रखे जाएगे और वे निर्यात के सुसगत विक्रय लागत विवरणो मे दर्शित किए जाएगे।

12 चालू कार्य और तैयार माल का स्टाक चालू कार्य और माल के स्टाक की लागत के अवधारण के लिए अनुसरण की जाने वाली पद्धति लागत अभिलेखो मे उपदर्शित की जाएगी जिससे कि लागत के उन तत्वो को परिकथित किया जा सके जो ऐसी सगणना मे सम्मिलित किए गए है। अपनाई गई पद्धति का निरन्तर अनुसरण किया जाएगा। चालू कार्य का मूल्य और तैयार माल की मात्रा और मूल्य को दर्शाने वाले काय अभिलेख अनुसूची के के प्ररूप ड ग रखे जाएगे।

13 अनुसधान और विकास व्यय

13 1 कपनी द्वारा विद्युत केबलो, विद्युत चालको तारो या पट्टियो के अनुसंधान और विकास पर हुए व्यय का, ऐसे अनुसधान विकास की प्रकृति के अनुसार अर्थात विद्यमान उत्पादो का विकास और नई सयंत्र सुविधाओ की डिजाईन और विकास विद्यमान और नए उत्पादो के लिए बाजार अनुसधान के अनुसार, ब्योरा का दर्शित करने वाले समुचित अभिलेख पृथकतः रखे जाएगे।

13 2 किसी वर्ष के दौरान ऐसे उत्पादो की लागत की बाबत हुए इन व्ययो का प्रभारित करने की पद्धति, लागत अभिलेखो मे उपदर्शित की जाएगी। जहा ऐसे अनुसधान की उपयोगिता एक वित्तीय वर्ष म अधिक तक बनी रहती है, वहा ऐसे व्ययो को आस्थगित व्यय के रूप म माना जाएगा और किसी साम्यापूर्ण आधार पर उत्पादो की लागतो का प्रभारित किया जाएगा और निरन्तर उसी का अनुसरण किया जाएगा।

14 लागत विवरण

14 1 नियम 2 के अधीन सूचीबद्ध किए गए प्रत्येक प्रवर्ग के अधीन प्रत्येक आकार और प्रकार के विद्युत केबलो, विद्युत चालको, तारो या पट्टियो की उत्पादन लागत और विक्रय लागत को दर्शित करने वाले, लागत विवरण अनुसूची 2 के प्ररूप क से ञ तक मे पृथकतः रखे जाएगे विद्युत केबलो, विद्युत चालको, तारो या पट्टियों की बाबत और तत्समान विभिन्न प्रकार और आकार के विनिर्देशो के लिए भी पृथक पृथक लागत विवरण रखे जाएगे।

14 2 यदि नियम 2 के अधीन सूचीबद्ध प्रत्येक प्रवर्ग के विद्युत केबलो, विद्युत चालको, तारो या पट्टियों के सभी आकार और प्रकार के ऐसे आंकडो का सकलन करना सभव नहीं है तो नियम 2 के अधीन सूचीबद्ध किए गए प्रत्येक प्रवर्ग के विभिन्न आकार और प्रकार के विद्युत केबलो, विद्युत चालको, तारो या पट्टियो की, जिनका प्रमुख रूप से उत्पादन किया गया है, उत्पादन लागत और विक्रय लागत को प्ररूप क से ञ तक मे रखा जाएगा। समग्र आधार पर ये आकडे प्रत्येक प्रवर्ग के अधीन उत्पादित विद्युत केबलो, विद्युत चालको, तारो या पट्टियो विक्रय के अनुसार कुल उत्पादन मूल्य औसत विक्रय कीमत की मात्रा से गुणा करके के कम से कम अस्सी प्रतिशत के बारे मे होगे।

परन्तु प्ररूप क से ञ तक भरे जाने के प्रयोजन के लिए ऐसी कोई मद अपवर्जित नहीं है जिसका उत्पादन मूल्य, कुल उत्पादन मूल्य के 5 प्रतिशत से कम नही है। यही आकडे, उत्पादित विद्युत केबलो, विद्युत चालको, तारो या पट्टियो के बाकी प्रवर्गों की बाबत कुल व्ययो का समाधान करने के प्रयोजन के लिए प्ररूप ड के अनुसार दिए जाएगे प्रत्येक प्रवर्ग के लिए विक्रय लागत और विक्रय प्राप्ति की कीमत के ब्योरे दर्शित करने के लिए कपनी समुचित अभिलेख रखेगी।

14 3 केबलो के निर्यात की बाबत सुसगत प्ररूप मे पृथक लागत विवरण दिए जाएगे और उसे उस लागत विवरण मे सम्मिलित नही किया जाएगा जो स्वदेश मे विक्रय के प्रयोजन के लिए है। निर्यात प्रोत्साहनो, यदि कोई है, के मूल्य को सबधित विक्रय लागत विवरण मे दर्शित किया जाएगा।

14 4 तैयार उत्पादो का अन्तरण जिसका निवेश पश्चात्वर्ती उत्पादो के विनिर्माण के लिए किया जाता है, ऐसे तैयार उत्पादो की उत्पादन कीमत पर किया जाएगा।

15 लागत और वित्तीय लेखाओ का मिलान

15 1 शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए लागत अभिलेखो का मिलान, कालिक अर्थात तिमाही तौर पर तथा पूरे वित्तीय वर्ष के लिए वित्तीय लेखा बहियों से किया जाएगा। यदि कोई अन्तर हो तो उसे प्रकटतः उपदर्शित किया जाएगा। और उसका स्पष्टीकरण दिया जाएगा। मिलान ऐसी रीति से किया जाएगा कि निर्देशाधीन उत्पाद पर हुए फायदे को ठीक ढग से अधिनिर्णीत किया जा सके और उसका कपनी के समग्र फायदो से मिलान किया जा सके।

15 2 विभिन्न लेखा शीर्षो के अधीन कपनी द्वारा उपगत कुल व्यय और हुई कुल आय तथा विद्युत केबलो, विद्युत चालको, तारो या पट्टियो से संबधित अश दर्शाने के लिए एक विवरण, अनुसूची 2 के प्ररूप ञ मे रखा जाएगा और उसका मिलान संबधित अवधि के वित्तीय लेखाओ के साथ किया जाएगा।

16 लागत अन्तरो का समायोजन जहा कपनी लागत अभिलेख वास्तविकता से भिन्न किसी आधार पर रखती है, उदाहरणार्थ मानक लागत पद्धति पर रखती है, वहा कपनी द्वारा ऐसी पद्धति के अधीन उत्पादो की लागतो की सगणना के लिए अपनाई गई प्रक्रिया अभिलेखो मे उपदर्शित की जाएगी। उत्पाद की वास्तविक लागत के अवधारण मे, लागत अंतरो के समायोजन के लिए अपनाई गई पद्धति, लागत अभिलेखो मे स्पष्ट रूप से उपदर्शित की जाएगी। लागत अन्तरो को, अनुसूची 2 के सबधित प्ररूप म सुसगत शीर्षो के सामने दर्शित किया जाएगा। बृहत्त मात्रा वाली सामग्री के सबध मे हुए अन्तरो के कारणो को अन्य बातो के साथ साथ, पृथकतः प्रस्तुत किया जाएगा। अन्तर विश्लेषण, प्रत्येक तीन मास मे एक बार किया जाएगा। अन्तर पडने के जो कारण हैं उनको लागत अभिलेखो मे ब्योरेवार दिया जाएगा।

17. स्टाक में रखी गई समस्त मदों के, जैसे कि कच्ची सामग्री, प्रक्रिया सामग्री पैकिंग सामग्री, खपन वाली सामग्री, मशीनों के फालतू पुर्जे, रसायन, ईंधन तैयार माल और स्थिर आस्तियों के भौतिक सत्यापन के, अभिलेख रखे जाएंगे। ऐसे सत्यापनों में प्रकट होने वाली कमियों या वृद्धियों के कारण और उत्पादों की लागत में उनके समायोजन के लिए अपनाई गई पद्धति, अभिलेखों में उपवर्णित की जाएगी।

18. अन्तरकंपनी सव्यवहार

किसी कंपनी द्वारा अपनी नियंत्रित कंपनी या समनुषंगी कंपनी को या उसी प्रबंध के अधीन किसी ऐसी कंपनी को जो कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 370 (ख), में परिभाषित है, या ऐसी किसी कंपनी को, जिसमें उक्त कंपनी का ही निदेशक, एक निदेशक है पर स्थिति विलोमतः है किए गए प्रदायों या सेवाओं के संबंध में अभिलेख रखे जाएंगे जिसमें निम्नलिखित की बाबत की गई संविदाओं या करारों या समझौतों को दर्शित किया जाएगा :-

(क) कच्ची सामग्री और प्रक्रिया सामग्री, संघटकों, अस्वीकृत माल, जिसमें खुरचन सम्मिलित है तथा स्थिर आस्तियों का क्रय और विक्रय,

(ख) संयंत्र प्रसुविधाओं का उपयोग,

(ग) उपयोगी वस्तुओं का प्रदाय, और

(घ) प्रशासनिक, तकनीकी प्रबंधकीय और अन्य परामर्शी सेवाएं।

इन अभिलेखों में वे आधार भी उपवर्णित किए जाएंगे जिनका अनुसरण उनके बीच प्रभारित दरों की संगणना के लिए किया गया है जिससे कि ऐसी सेवाओं के लिए प्रभारित या संदत्त दरों के औचित्य का अवधारण किया जा सके।

19. सांख्यिकीय अभिलेख :

19.1 विभिन्न उत्पादन विभागों में उपलब्ध और वस्तुत: उपयोजित मशीन घंटों प्रत्यक्ष श्रम घंटों की बाबत भी आंकड़े रखे जाएंगे और कमियों को उपयुक्त रूप में विश्लेषित किया जाएगा जितने समय मशीन का प्रयोग नहीं किया गया है उसकी संगणना करने के लिए उपयुक्त अभिलेख रखे जाएंगे।

19.2 ऐसे पर्याप्त अभिलेख भी रखे जाएंगे जिनके आधार पर कंपनी द्वारा नियम 2 के अधीन सूचीबद्ध विद्युत केबलों, विद्युत चालकों, तारों या पट्टियों या के प्रत्येक प्रवर्ग के लिए विद्युत चालकों और अन्य क्रियाकलापों के लिए लगाई गई पूंजी, शुद्ध स्थिर आस्तियों और कामकाज पूंजी को अलग अलग जाना जा सके। ऐसी स्थिर आस्तियों पर, जिनका सुसंगत अवधि के दौरान उत्पादन में कोई योगदान नहीं है, किए गए नए विनिधान को अभिलेख में उपदर्शित किया जाएगा इसके अतिरिक्त अभिलेख में विद्यमान क्षमता को बढ़ाने के लिए किए गए प्रतिस्थापन और अभिवृद्धियां भी दर्शित की जाएंगी।

अनुसूची 11

(नियम 3 देखें)

उपाबंध 1

कंपनी का नाम ....

कारखाने का नाम और पता ....

.... वर्ष के दौरान क्रय और और खपत की गई एल्युमीनियम/तांबे/सीसे और अन्य प्रमुख आयातित सामग्री की लागत दर्शित करने वाला विवरण।

क्रम सं०	विशिष्टियां	मात्रा	कुल मूल्य रु०	प्रति टन लागत	
				चालू वर्ष	पूर्ववर्ती वर्ष
1	आयातित				
	1. लागत, बीमा, भाड़ा मूल्य				
	2 सीमा-शुल्क				
	3 पत्तन न्यास प्रभार				
	4 रेल/लारी/भाड़ा				
	5. अन्य प्रभार				
	6 योग (1 से 5 तक का)				
	7. जोड़ें: आदि स्टाक				
	8. घटाएं अंत स्टाक				
	9 खपत				
2.	स्वदेशी				
	1. आधारिक मूल्य				
	2. उत्पाद शुल्क				
	3 अन्य प्रभार				
	4 भाड़ा				
	5. योग-				
	जोड़े, आदि स्टाक				
	7 घटाएं अंत स्टाक				
	8. खपत				
3.	योग (1+2)				

टिप्पण—प्रत्येक धातु की सलाका/(सिल्ली)/प्रोपरजी छड़ों के लिए पृथक् विवरण तैयार किया जाएगा।

अनुसूची-1

(नियम 3 देखें)

उपाबंध-11

कंपनी का नाम——————————————————

कारखाने का नाम और पता——————————————————

——————————को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान मिश्रण संयत्र में पी०वी०सी० यौगिक, रबड़ यौगिक एस० एन० वी० ई० यौगिक के उत्पादन की लागत को दर्शित करने वाला विवरण

		इकाई	चालू वर्ष	पूर्ववर्ती वर्ष
क	1 सम्थापित क्षमता			
	2. उत्पादन	टन		
		टन		
	3 उपयोग का प्रतिशत (1 की प्रतिशतता के रूप में 2)			
ख.	उपयोग किए गए अवयव			
ख	पी० वी० सी० रेसिन			
	(क)			
	(ख)			
	(ग)			
	2 प्लास्टिककारी			
	(क)			
	(ख)			
	(ग)			
	3. भरक			
	(क)			
	(ख)			
	(ग)			
	4 स्थायीकारी			
	(क)			
	(ख)			
	(ग)			
	5. योजक			
	(क)			
	(ख)			
	(ग)			
	6 अन्य (उपयोग की गई मदों को विनिर्दिष्ट करें)			
	7 कुल सामग्री लागत			
	8 प्रत्यक्ष मजदूरी			
	9 प्रत्यक्ष वेतन			
	10 खपत योग्य सामग्री			
	11. मरम्मत और रखरखाव			
	12 विद्युत			
	13 सकर्म उपरिव्यय			
	14. अवक्षयण			
	15 प्रशासन उपरिव्यय			
	16. योग (8 से 15 तक का)			
	(क) परिवर्तनीय			
	(ख) नियत			
	17. कुल लागत			
	18 प्राप्त खुरचन, यदि कोई है—घटाएं			

19 चालू कार्य को बंद करने और चालू करने के लिए समायोजन

20. विनिर्मित यौगिक की कुल लागत

(ग) 1 क्रय किए गए पी०वी०सी० (रबड़ यौगिक) एक्स० एल० पी० ई० यौगिक, यदि कोई है, (लागू होने वाली किस्म विनिर्दिष्ट करें)

(घ) 1. ख (20) + ग का योग

2. स्टाक के आदि/अंत अतिशेष के लिए समायोजन

3 खपत किया गया कुल पी०वी०सी०/रबड़ यौगिक/एक्स०एल०पी०ई० यौगिक

टिप्पण : 1. प्रत्येक किस्म के पी० वी० सी० (रबड़ यौगिक) एक्स० एल० पी० ई० यौगिक या किसी अन्य उत्पादित यौगिक के लिए पृथक् लागत अभिलेख रखा जाना चाहिए जो उपयोग किए गए रसिपी पर आधारित हो।

2 जो मद लागू न हो उसे काट दें।

अनुसूची 1

(नियम 3 देखें)

उपाबंध-III

कम्पनी का नाम—

कारखाने का नाम और पता —

——— को समाप्त होने वाली वर्ष के दौरान उत्पादित/क्रय की गई विद्युत की लागत तथा की गई विद्युत खपत को दर्शाने वाला विवरण --

संस्थापित क्षमता		चालू वर्ष	पूर्ववर्ती वर्ष
	उत्पादन उत्पादन यूनिटों की संख्या		
	क्रय किए गए यूनिटों की संख्या		किलोवाट
	विद्युत गृह में खपत जिसमें अन्य		किलोवाट
	हानियाँ भी सम्मिलित है		किलोवाट
	खपत किये गये शुद्ध यूनिट		किलोवाट

क्रम सं०	विशिष्टियाँ	खपत की गई मात्रा	प्रति युनिट दर रु०	कुल राशि रु०	प्रति किलोवाट लागत चालू वर्ष रु०	प्रति किलोवाट लागत पू० वर्ष रु०
क. 1	(क) ईंधन (तेल)					
	(ख) अन्य सामग्री, यदि कोई है (विनिर्दिष्ट करें)					
2	खपत योग्य सामग्री					
3	अन्य प्रभार (जैसे कि विद्युत शुल्क आदि)					
4.	वेतन और मजदूरी					
5.	मरम्मत और रख रखाव					
6.	उपरिव्यय					
7.	अवक्षयण					
8	अन्य (यदि कोई है)					
	कुल					
ख	क्रय की गई विद्युत वसूली, यदि कोई है, घटाए	योग (क+ख)—				
		योग				
	प्रति यूनिट लागत (क्रय की गई और उत्पादित)					

——————में खपत की गई	चालू वर्ष		पूर्ववर्ती वर्ष	
	यूनिट किलोवाट	राशि रु०	यूनिट किलोवाट	राशि रु०

——————2.

——————-मे खपत की गई	चालू वर्ष		पूर्ववर्ती वर्ष	
	यूनिट किलोवाट	राशि रु०	यूनिट किलोवाट	राशि रु०

3.
4
5. विभाग विनिर्दिष्ट करें
6.
7.

टिप्पण : 1. उत्पादित प्रति यूनिट लागत की संगणना, विद्युत ग्रह/स्व उत्पादन मे खपत की गई और अन्य हानियों को घटाने के पश्चात् प्रयोग के लिए उपलब्ध विद्युत का शुद्ध इकाइयों के प्रति निर्देश से की जाएगी।

2. जहां मीटर नहीं लगाए गए हैं वहां विद्युत की खपत का निर्धारण युक्तियुक्त आधार पर किया जाएगा और उसे समान रूप से लागू किया जाएगा।

3. कर्मचारियों को प्रोत्साहन बोनस से भिन्न बोनस, संदत्त उपदान, कानूनी उपदान के लिए उपबंध और उधारों पर, जिसमें डिबेंचर भी हैं, ब्याज प्रभार केवल प्ररूप छ मे दर्शित किए जाएंगे।

अनुसूची-1
(नियम 3 देखें)

उपाबंध-4

कंपनी का नाम——————————

कारखाने का नाम और पता——————————

——————को समाप्त हुए वर्ष में विनिर्मित लकड़ी के ड्रम की लागत को दर्शाने वाला विवरण

ड्रम का आकार

उत्पादित ड्रमों की संख्या

क्रम सं०	विशिष्टियां	इकाई	मात्रा	दर	कुल	प्रति ड्रम लागत	
					मूल्य रु०	चालू वर्ष	पूर्ववर्ती वर्ष
क.	1. लकड़ी						
	2. इस्पात की फिटिंग						
	3. अन्य——————						
	4. कुल सामग्री की लागत ——————						
	5. प्रत्यक्ष मजदूरी						
	6. प्रत्यक्ष वेतन						
	7. खपने वाली सामग्री						
	8. विद्युत ईंधन						
	9. अवक्षयण						
	10. अन्य (विनिर्दिष्ट कीजिए)						
	11. संकर्म उपरिव्यय						
	12. प्रशासन उपरिव्यय						
	13. योग (5 से 12 तक)——————						
	(क) परिवर्तनीय						
	(ख) नियत						
	कुल लागत——————						

ख. वितरण

केबल/विद्युत चालक तार/पट्टियों की किस्म		मात्रा	मूल्य
1			
2.			
3.			
4.	योग——————		

टिप्पण : 1. प्रत्येक आकार के विनिर्मित ड्रमों के लिए पृथक लागत पत्र तैयार किया जाएगा।

2. कर्मचारियों को प्रोत्साहन बोनस से भिन्न बोनस, संदत्त उपदान, कानूनी उपदान के लिए उपबंध और उधारों पर, जिनमें डिबेंचर भी है, ब्याज प्रभार केवल प्ररूप छ में दर्शित किए जाएंगे।

अनुसूची-2

(नियम 3 देखें)

प्रारूप-क

कंपनी का नाम————————————

कारखाने का नाम और पता————————————

————————————————————————————————

————————को समाप्त हुए वर्ष में एल्युमीनियम /तांबा के बेल्लन/रूपान्तर लागत को दर्शाने वाला विवरण

क्रम सं०	विशिष्टियां	चालू वर्ष तांबा एल्युमिनियम अन्य		पूर्ववर्ती वर्ष तांबा एल्युमिनियम अन्य	
I.	क्षमता				
	1. अनुज्ञप्त	टन			
	2 संस्थापित क्षमता	टन			
	3. वास्तविक उत्पादन	टन			
	4 उपयोजन का प्रतिशत	%			
II.	धातुओं का कुल निवेश				
	स्व लेखा	टन			
	(क) सिल्ली	टन			
	(ख) शलाका	टन			
	(ग) प्रभारित खुरचन	टन			
2.	पक्षकार लेखा				
	(क) सिल्ली	टन			
	(ख) शलाका	टन			
	(ग) प्रभारित खुरचन	टन			
3.	योग				
	4 प्राप्त खुरचन को घटाएं				
	5. विधमन हानि				
	6. उत्पादन				
	7. प्राप्ति (उक्त मद 3 का प्रतिशत)				
III.	बेल्लन लागत	रु०	रु०	रु०	रु०
	1 प्रत्यक्ष मजदूरी				
	2 प्रत्यक्ष वेतन				
	3. खपत योग्य सामग्री छोटे औजार आदि				
	4 मरम्मत और रख रखाव				
	5. विद्युत				
	6 सकर्म उपरिव्यय				
	7. अवक्षयण				
	8. प्रशासनिक उपरिव्यय				
	9. कुल लागत	————			
IV.	प्रतिटन लागत				
	1. परिवर्तनीय				
	2 नियत				
	3 योग				
V.	विवरण				
	1. आबद्ध उपभोग के लिए बेल्लित				
	(क) मात्रा	टन			
	(ख) बेल्लन लागत	रु०			
	2. बाहरी पक्षकारों के लिए बेल्लित				
	(क) मात्रा	टन			
	(ख) बेल्लन लागत	रु०			
	(ग) वसूले गए प्रभार	रु०			

टिप्पण 1. यदि संस्थापित क्षमता सभी धातुओं के लिए सामान्य है तो बेल्लित विभिन्न धातुओं के लिए, जिनके लिए अलग-अलग बेल्लन समय अपेक्षित है, समुचित कारण दिया जाना चाहिए ।

2. कर्मचारियों को प्रोत्साहन बोनस से भिन्न बोनस, संदत्त उपदान, कानूनी उपदान के लिए उपबंध और उधारों पर ब्याज प्रभार, केवल प्ररूप छः में दर्शित किए जाएंगे ।

3. प्रत्येक किस्म की धातु के लिए पृथक विवरण तैयार किया जाना चाहिए ।

अनुसूची 2

(नियम 3 देखें)

प्ररूप ख

कम्पनी का नाम————————————————

कारखाने का नाम और पता————————————————

————————————————को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान विनिर्मित/क्रय की गई एल्युमीनियम/तांबे की छड़ों की लागत को दर्शाने वाला विवरण

क्रम सं०	विनिर्दिष्टियां	इकाई	मात्रा	प्रति इकाई दर	कुल मूल्य	प्रति टन लागत चालू वर्ष	प्रति टन लागत पूर्ववर्ती वर्ष
क.	छड़ लागत (स्व)						
1	चार्ज की गई सामग्री						
	(क) सिल्लियां						
	(ख) शलाकाएं						
	(ग) चार्ज की गई खुरचन						
	(घ) घटाएं : खुरचन के लिए मुजरा						
	(ङ) शुद्ध सामग्री लागत						
2.	छड़ संपरिवर्तन लागत (जैसी प्ररूप क में है)						
3.	छड़ की कुल लागत (1+2)						
ख.	बाहरी पक्षकारों द्वारा प्रसंस्कृत छड़						
1.	प्रदत्त सिल्लियां/शलाकाएं						
2.	घटाएं : खुरचन हानि						
3	प्रसंस्कृत शुद्ध छड़						
4.	प्रसंस्करण प्रभार						
5	लदाई उतराई						
6	भाड़ा/ढुलाई भाड़ा						
7.	अन्य (विनिर्दिष्ट करें)						
8.	योग—ख						
ग	क्रय की गई छड़ें						
घ. 1	वर्ष के दौरान प्रसंस्कृत/क्रय की गई छड़ों की कुल लागत (योग (क+ख+ग)						
2.	स्टाक के आदि और अंत अतिशेष के बीच अंतर के समायोजन के लिए स्टाक समायोजन						
ङ	खपत की गई कुल छड़ें						
च.	वितरण :						
	केबल/विद्युत चालक/तार/पट्टियों की किस्म—मात्रा—मूल्य						
	1.						
	2.						
	3.						
	4 आदि						
	ङ के अनुसार योग						

टिप्पण : 1. जो मद लागू न हो उसे काट दें ।

2. कर्मचारियों को प्रोत्साहन बोनस से भिन्न बोनस, संदत्त उपदान, कानूनी उपदान के लिए उपबंध और उधारों पर ब्याज प्रभार, केवल प्ररूप छः में दर्शित किए जाएंगे ।

3 प्रत्येक किस्म की धातु के लिए पृथक विवरण तैयार किया जाएगा ।

अनुसूची 2

प्ररूप 'ग'

(नियम 3 देखें)

कारखाने का नाम————————

कारखाने का नाम और पता————————

————————वर्ष में लागत—केन्द्रवार संपरिवर्तन लागत को दर्शित करने वाला विवरण

क्रम सं०	विशिष्टियां	तार कर्षण	स्ट्रैंडिंग	विद्युत रोधन	भीतरी आच्छादन	पी सी कागजी टेप बिछाना	गुम्फन और अंतर्वेशन	सीमा आच्छादन	संस्करण और टेप लगाना	आर्मरिंग	बाहरी आच्छादन	परीक्षण	अन्य (विनिर्दिष्ट करें)	योग
		चा व पू व	चा व पू व	चा व पू व	चा व पू व	चा व पू व	चा व पू व	चा व पू व	चा व पू व	चा व पू व	चा व पू व	चा व पू व	चा व पू व	चा व पू व
क. 1	मशीनों की संख्या													
2	कितनी पारी कार्य किया गया													
3	उपलब्ध कुल मशीन चालन घंटे													
4.	कितने घंटे मशीन चलाई गई													
ख	व्यय													
1.	प्रत्यक्ष मजदूरी और वेतन :													
2	उपयोगी वस्तुएं :													
	(क) जल													
	(ख) विद्युत													
	(ग) अन्य वस्तुएं (विनिर्दिष्ट करें)													
3.	अन्य प्रत्यक्ष व्यय (विनिर्दिष्ट करें)													
4.	खपत योग्य सामग्री													
5.	मरम्मत और रख-रखाव													
6.	अवक्षयण													
7	संकर्म उपरिव्यय													
8.	प्रशासनिक उपरिव्यय													
9	अनुसंधान और विकास													
10	लागत में परिवर्तन के लिए समायोजन													
11.	कुल लागत													
12.	(क) परिवर्तनीय लागत													
	(ख) नियत लागत													
	(ग) कुल प्राप्ति इकाइयां													
	(घ) इकाई प्राप्ति दर													
	1. परिवर्तनीय लागत													
	2. नियत लागत													
	3 कुल इकाई लागत													

टिप्पण : 1. ऊपर उल्लिखित लागत केन्द्र केवल उदाहरण स्वरूप हैं

2 मद सं ख-10 उन कंपनियों को लागू है जो मानक लागत निर्धारण की बाबत लागत अभिलेख रखते हैं ।

3 कर्मचारियों को प्रोत्साहन बोनस से भिन्न बोनस, संदत्त उपदान, कानूनी उपदान के लिए उपबंध और ब्याज प्रभार, प्ररूप छ: में ही दर्शित किए जाएंगे ।

4 नियत लागत और परिवर्तनीय लागत का विस्तृत ब्यौरा लागत केन्द्रवार बनाए रखा जाएगा ।

5. चा व —चालू वर्ष
पू व —पूर्ववर्ती वर्ष

6. प्राप्ति के लिए इकाई, प्रत्येक लागत केन्द्र के लिए समुचित आधार पर आधारित होना चाहिए, जिसमें उत्पादित प्रवर्ग के केवल विद्युत चालक/तार। पट्टियों के आकार/किस्म के लिए लगाया गया प्रसंस्करण समय का भारण कारक हिसाब में लिया जाएगा ।

अनुसूची 2
(नियम 3 देखें)

प्ररूप 'ख'

कम्पनी का नाम——————————————

कारखाने का नाम और पता ——————————————

——————————को समाप्त हुए वर्ष में विभिन्न तैयार उत्पाद की रूपान्तरण लागत के आबंटन को दर्शित करने वाला विवरण

क्र०सं०	तैयार उत्पाद जिनकी विभिन्न किस्म आकार और विनिर्देश आदि है	तार कर्षण		स्ट्रैंडिंग		भीतरी आच्छाद		पी बी बी कागजी टेप बिछाना	
		क	ख	क	ख	क	ख	क	ख
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1									
2									
3									
4									
5									
6									
7 आदि									

शुष्कन और अंतर्वेशन		सीसा आच्छाद		सम्मरण और टेप लगाना		आर्मरिंग		बाहरी आच्छाद		परीक्षण		अन्य	
क	ख	क	ख	क	ख	क	ख	क	ख	क	ख	क	ख
11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24

कुल रु० 25

टिप्पण—(1) क—प्राप्ति इकाई

ख—रूपान्तरण, रुपयों में

(2) कृपया विस्तृत विनिर्देश और अन्य सुसंगत ब्यौरे दें, अर्थात्—

(1) वोल्टता (2) करेंट रेटिंग (3) एम्पियर (4) फज (5) आकार (6) कोर (7) क्रास सेक्शन क्षेत्र (8) तारों की सं० और नैमिक परिधि (9) विद्युत चालकों के बीच विद्युत रोधियों की मोटाई (10) विद्युत चालकों और आच्छादों की मोटाई (11) कुल परिधि (12) एल्युमीनियम/तांबे का भार————किग्रा०/किमी० (13) कुल भार———किग्रा०/किमी० ।

अनुसूची 2

(नियम 3 देखें)

प्ररूप "ग"

कम्पनी का नाम——————————————

कारखाने का नाम और पता——————————————

————————————को समाप्त हुए वर्ष के दौरान विनिर्मित केबल/विद्युत चालक/तार/पट्टियों की लागत दर्शित करने वाला विवरण।

1. केबल/विद्युत चालक————————————/तार/पट्टी की किस्म

2 वोल्टता

2. करेंट रेटिंग

3. एम्पियर

4. फज

5 आकार

6 कोर

7 विद्युत चालक का क्रौस सेक्शनल क्षेत्र

8. तारों क० सं० और नैमिक परिधि

9. विद्युत चालकों के बीच विद्युत रोधकों की मोटाई

10. विद्युत चालक और आच्छाद के बीच विद्युत रोधी की मोटाई

11. कुल परिधि

12. एल्युमीनियम / तांबे का भार—किग्रा०/ कि मी

13 कुल भार

किग्रा०/किमी०

3. उत्पादन		चालू वर्ष			पूर्ववर्ती वर्ष	
क्रम सं०	विशिष्टियां	इकाई	मात्रा	प्रति दर रु	कुल मूल्य रु	प्रति इकाई लागत
						चा व रु / पू व रु

3. क. प्रत्यक्ष सामग्री लागत

1. एल्युमीनियम छड़/तांबा छड़ (प्ररूप ख के अनुसार)
2. पी वी सी रोधी यौगिक
3. कागजी टेप
4. पटसन/काटन टेप
5. सीसा/सीसा मिश्र
6. इस्पात के तार/टेप
7. रबड़ यौगिक
8. अंतर्वेशन यौगिक
9. एक्स एल पी ई यौगिक
10. अन्य (विनिर्दिष्ट करें)
11. कुल सामग्री लागत
12. घटाएं : खुरचन (अस्वीकृत माल के लिए मुजरा
13. शुद्ध सामग्री लागत
14. प्राथमिक पैकिंग सामग्री
15. कुल सामग्री लागत

3. ख. रूपान्तरण लागत	मात्रा	राशि	प्रति इकाई लागत चा व	पू व

1. तार कर्षण :
   (क) परिवर्तनीय
   (ख) नियत
2. स्टैंडिंग
   (क) परिवर्तनीय
   (ख) नियत
3. कोर रोधन :
   (क) परिवर्तनीय
   (ख) नियत
4. विद्युत रोधन :
   (क) परिवर्तनीय
   (ख) नियत
5. पी वी सी (कागजी टेप बिछाना :
   (क) परिवर्तनीय
   (ख) नियत
6. शुष्कन और अंतर्वेशन :
   (क) परिवर्तनीय
   (ख) नियत
7. सीसा आच्छादन :
   (क) परिवर्तनीय
   (ख) नियत
8. संस्तरण और टेप लगाना :
   (क) परिवर्तनीय
   (ख) नियत
9. आर्मेरिंग :
   (क) परिवर्तनीय
   (ख) नियत

10 जांच
(क) परिवर्तनीय
(ख) नियत

11 पैक करना
(क) परिवर्तनीय
(ख) नियत

12 अन्य

13 कुल रूपान्तरण लागत
(क) परिवर्तनीय
(ख) नियत

III ग 1 कुल (क+ख)
2 चल रहे कार्य को आदि और अंत अतिशेष के बीच अंतर के लिए समायोजन।
3 लागत परिवर्तन के लिए समायोजन।
4 उत्पादन की कुल लागत

टिप्पण 1 प्रत्येक प्रवर्ग के विद्युत केबल/विद्युत चालक/तार–पट्टियों की प्रत्येक किस्म की बाबत नियम 2 में यथा सूचीबद्ध पृथक लागत विवरण रखा जाएगा।

2 कर्मचारियों को प्रोत्साहन बोनस से भिन्न बोनस कानूनी उत्पादन के लिए उपबंध और ब्याज प्रभार, केवल प्ररूप छ में दर्शित किए जाएंगे।

3 जो मद लागू न हो उसे काट दें।

4 चा०व०—चालू वर्ष
पू०व०—पूर्ववर्ती वर्ष

5 प्रत्यक्ष सामग्री की लागत, प्रत्येक प्रवर्ग के विद्युत केबल/विद्युत चालक/तार/पट्टियों की प्रत्येक किस्म, नियम 2 में यथा सूचीबद्ध, के लिए वास्तविक खपत पर आधारित होगी। तथापि जहां ऐसा अभिलेख रखना अव्यावहारिक न हो वहां खपत तकनीकी प्राक्कलनों पर आधारित हो सकती है बशर्ते कि मदवार उपयोग की गई सामग्री की प्रत्येक किस्म का समग्र समन्वय भी बनाए रखा जाता है।

6 लागत पत्र प्रत्येक प्रवर्ग के विद्युत केबल / विद्युत चालक / तारों / पट्टियों आदि के प्रत्येक आकार और किस्म की बाबत, नियम 2 में यथा सूचीबद्ध बनाए रखा जाएगा जिससे कि मात्रा या मूल्य में उत्पादित विद्युत केबल / विद्युत चालक / तारों/पट्टियों के 80 प्रतिशत से अन्यून परिमाण को सम्मिलित किया जा सके। इस प्रयोजन के लिए कम्पनी, प्रत्येक उत्पाद समूह के लिए प्रतिनिधि आकार के लिए आधारित लागत पत्र रख सकती है और उस समूह में सम्मिलित अन्य आकार के लिए भेदमूलक लागत का, तत्वों द्वारा जैसे प्रत्यक्ष सामग्री लागत सामग्रियों की प्रमुख मदों के लिए पृथक रूप से, रूपान्तरण लागत आदि द्वारा, वर्णित किया जाना चाहिए, बशर्ते कि भेदमूलक लागत में प्रतिनिधि आकार से तुलना की जाने पर 5 प्रतिशत से अधिक का अन्तर न हो। प्रत्येक किस्म / आकार के विद्युत केबल / विद्युत चालक / तारों / पट्टियों के लिए तत्स्थानी औसत विक्रय प्राप्ति, प्ररूप छ में उपदर्शित की जाएगी।

अनुसूची 2

(नियम 3 देखें)

प्ररूप छ

कम्पनी का नाम और पता

को समाप्त हुए वर्ष में विक्रय लागत और विक्रय प्राप्ति को दर्शाने वाला विवरण

क्रम सं०	केबल / चालक / तार / पटियों की किस्म	वर्ष के दौरान विक्रीत मात्रा	मूल्य प्ररूप 'च' के अनुसार	विक्रय और वितरण लागत: प्रत्यक्ष	विक्रय और वितरण लागत: अन्य	द्वितीय पैकिंग	कुल (4+5+6+7)
1	2	3	4	5	6	7	8

ब्याज	बोनस	अन्य मदें जिनकी गणना लागत में नहीं की गई है जो आय की नहीं हैं	विक्रय की कुल लागत (7 से 11 तक)	विक्रय प्राप्ति	मार्जिन (13-12)	इकाई लागत: चा० व०	इकाई लागत: पू० व०	प्रतिवर्ष अर्जित मार्जिन: चा० व०	प्रतिवर्ष अर्जित मार्जिन: पू० व०
9	10	11	12	13	14	15	16	17	18

टिप्पण 1:—केबल / चालक / तार / पट्टियों के पूर्ण ब्योरे, जैसे, आकार कोर, वोल्टता और अन्य सुसंगत ब्योरे, दिए जाने चाहिए।

2. निर्यातित प्रत्येक प्रवर्ग के विद्युत केबल/विद्युत चालक/तार/पट्टियों के प्रत्येक आकार और किस्मों की बाबत नियम 2 में यथा सूचीबद्ध, पृथक लागत विवरण (अपयुक्त उपान्तरण के साथ) रखा जाएगा। निर्यात पर उपगत व्यय और उन पर अर्जित प्रोत्साहन सुसंगत लागत विवरण में दर्शाया जाएगा।

3. विक्रय और वितरण और इस प्रयत्न में सम्मिलित अन्य व्ययों में परिवर्तन के लिए समायोजन किया जाएगा और ऐसा समायोजन, मानक लागत निर्धारण पर कंपनी लागत अभिलेख की बाबत पृथक रूप से दर्शाया जाएगा।

4. प्ररूप "घ" में पाठ टिप्पण 6 देखें।

अनुसूची 2

(नियम 3 देखें)

प्ररूप 'ज'

कम्पनी का नाम .....

कारखाने का नाम और पता .....

.....को समाप्त हुए वर्ष में प्रति इकाई (सी०के०एम० / कि० मी० टन) विद्युत केबल / चालक / तार / पट्टियों की उत्पादन लागत, विक्रय लागत, विक्रय प्राप्ति और अभिप्राप्त मार्जिन के संबंध को दर्शाने वाला विवरण

रु प्रति इकाई

केबल/तार/पट्टी	1	2	3	4
1. सामग्रियां				
(क) एल्युमिनियम				
(ख) तांबा				
(ग) अन्य				
(घ) योग				
2. घटाएं : खुरचन / अस्वीकृत माल के लिए मूल्य				
3. रूपांतरण लागत				
(क) परिवर्तनीय				
(ख) नियत				
(ग) योग				
4. चल रहे कार्य के आदि और अंत अतिशेष के लिए समायोजन				
5. लागत परिवर्तन के लिए समायोजन				
6. उत्पादन की कुल लागत				
7. स्टाक के आदि / अंत अतिशेष के लिए समायोजन				
8. विक्रय और वितरण				
9. द्वितीयक पैकिंग				
10. विक्रय की लागत				
11. अन्य व्यय				
(प्रकीर्ण आय की शुद्ध रकम)				
12. कुल लागत				
पू०व०				
13. औसत विक्रय प्राप्ति				
चा०व०				
पू०व०				

अनुसूची 2

(नियम 3 देखें)

प्ररूप झ

कम्पनी का नाम और पता .....

.....को समाप्त हुए वर्ष के दौरान विद्युत केबल/विद्युत चालक, तार, पट्टी और अन्य क्रियाकलाप पर कम्पनी द्वारा उपगत कुल व्यय और कुल प्राप्त आय के आवंटन को दर्शाने वाला विवरण

क्रम सं	विशिष्टियां	कुल वास्तविक व्यय/आय	केबल/चालक/तार/पट्टियों को लागू योग्य अंश	अन्य क्रियाकलाप
1	2	3	4	5
1	खपत की गई कच्ची सामग्री			
2.	विद्युत रोधी सामग्री (पी वी सी यौगिक/रबड़ यौगिक टेप आदि विनिर्दिष्ट करें)			

1	2	3	4	5
3. पैकिंग सामग्री				
4 प्रत्यक्ष वेतन और मजदूरी				
5. उपयोगी वस्तुएं				
(क) विद्युत				
(ख) जल				
(ग) अन्य				
6. सामग्रियां और फालतू पुर्जे				
7. मरम्मत और रख रखाव				
8 अन्य आबंटित व्यय				
योग (1 से 8)				
उपरिव्यय				
9. प्रशासन उपरिव्यय				
(क) संकर्म				
(ख) प्रधान कार्यालय				
10 अवक्षयण				
कुल लागत :— .				
11. चल रहे कार्य के आदि और अंत अतिशेष के बीच अन्तर के लिए समायोजन				
Promotion : Pharmacist (Ayurvedic), Pharmacist-cum-clerk (Ayurvedic) and Store Keeper (Ayurvedic) with 10 years' regular service in the grade. Transfer on deputation : Officers under the Central/State Governments :— (a) (i) holding analogous posts; or (ii) with 5 years' serviccin posts in the scale of Rs. 425-700 or equivalant, and (b) possessing the educational qualifications and experience prescribed for direct recruits under Column 8. (Period of deputation including period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same organisation/department shall ordinarily not exceed 3 years).	Group 'B' Departmental Promotion Committee : 1. Assistant Director General (Central Government Health Scheme) Directorate General of Health Services or in his absence Deputy Director/Assistant Director General, Central Government Health Scheme, Delhi—Chairman. 2. Deputy Director Administration (Central Government Health Scheme) —Member. 3. Deputy Assistant Director (Central Government Health Scheme)—Member 4. Administrative Officer (Central Government Health Scheme—Member. Note : The proceedings of the Departmental Promotion Committee relating to confirmation shall be sent to the Union Public Service Commission for approval. If, however these are not approved by the Union Public Service Commission a fresh meeting of the Departmental Promotion Committee to be presided over by the Chairman or a Member of the Union Public Service Commission shall be held.	Consultation with the Union Public Service Commission necessary while making direct recruitment and selecting an officer for appointmtent on deputation.

[No. A-12018/1/82-CGHS.-I/CGHS (P)]

H. S. DHAKAALIA, Under Secy.

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

नई दिल्ली, 3 जुलाई, 1984

सा०का०नि० 780.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, आकाशवाणी (समूह 'ग') भर्ती नियम 1964 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम आकाशवाणी (समूह 'ग') भर्ती (संशोधन) नियम, 1984 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. आकाशवाणी (समूह "ग") भर्ती नियम, 1964 की अनुसूची में, अन्वेषक के पद से संबंधित क्रम सं० 44 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टियां रखी जाएंगी, अर्थात् :—

अनुसूची

आकाशवाणी और दूरदर्शन (सूचना और प्रसारण मंत्रालय) में अन्वेषक के पद के भर्ती नियम

क्रम सं०	पद का नाम	पदों की सं०	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन पद अथवा अचयन पद	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु सीमा
1	2	3	4	5	6	7
44.	अन्वेषक	54* *पदों की संख्या में कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा समूह 'ग' अराजपत्रित अननुसचिवीय	425-15-500-ब०रो०-15-560-20-700 रु०	प्रोन्नति की दशा में अचयन	45 वर्ष से कम

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए शैक्षिक और अन्य अर्हताएं	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो
8	9	10
आवश्यक : (1) अर्थशास्त्र, सांख्यिकी, समाजशास्त्र या किसी अन्य सामाजिक विज्ञान में उपाधि। (2) किसी सरकारी या मान्यता प्राप्त संस्था या संगठन में क्षेत्र अन्वेषण या सांख्यिकीय जांच या अनुसंधान का कुछ अनुभव। वांछनीय : सांख्यिकी का ज्ञान।	नहीं	दो वर्ष

भर्ती की पद्धति भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता।	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण किया जाएगा।	यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा
11	12	13	14
25 प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा और 75 प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा।	प्रोन्नति : आकाशवाणी/दूरदर्शन (स्टेशन केन्द्र) में कार्यरत ऐसे सांख्यिकीय संगठकों में से जिन्होंने अपने-अपने जोन में उस श्रेणी में 5 वर्ष नियमित सेवा की है। (प्रत्येक जोन के अन्तर्गत आने वाले राज्यों को पाद-टिप्पण में उपदर्शित किया गया है) पाद-टिप्पण : 1. पूर्वी जोन : पश्चिमी बंगाल, उड़ीसा, असम और सभी पूर्वोत्तर राज्य और संघ राज्य क्षेत्र अंडमान और निकोबार द्वीप। 2. पश्चिमी जोन : महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा, दमण और दीव। 3. उत्तरी जोन : उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र। 4. दक्षिणी जोन : तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल और आन्ध्र प्रदेश तथा लक्षद्वीप द्वीपसमूह। (2) मेट्रो आकाशवाणी स्टेशन का प्रधान जोन प्रधान के रूप में कार्य करेगा।	1. जोन के मेट्रो स्टेशन का अध्यक्ष —अध्यक्ष 2. उपनिदेशक, दर्शक अनुसंधान—सदस्य 3. वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी—सदस्य 4. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का समुचित प्रास्थिति का एक अधिकारी —सदस्य	लागू नहीं होता

[सं० 7/19/83-ए०आर० बी०ए०]
जगमोहन लाल माथुर, अवर सचिव

टिप्पण : —संक्षिप्त नाम आकाशवाणी (समूह "ग") भर्ती नियम, 1964 नामक मूल नियम मा०का०नि० सं० 1176 तारीख 30-11-64 द्वारा अधिसूचित किए गए थे और तत्पश्चात निम्नलिखित संशोधन अधिसूचित किए गए हैं :—

1. अधिसूचना संख्या 11/5/64-बी (ए) तारीख 9-8-1965
2. अधिसूचना संख्या 5/2/67-बी (ए) तारीख 20-3-1967
3. अधिसूचना संख्या 7/2/68-बी (ए) तारीख 14-6-1968
4. अधिसूचना संख्या 7/8/66-बी (ए) तारीख 31-1-1970
5. अधिसूचना संख्या 20/8/67-बी (ए) तारीख 24-2-1970
6. अधिसूचना संख्या 16/20/69-बी (ए) तारीख 30-3-1970
7. अधिसूचना संख्या 1/7/70-बी (ए) तारीख 18-3-1971

8. अधिसूचना संख्या 1/8/71-बी (ए) तारीख 29-1-1972
9. अधिसूचना संख्या 1/8/71-बी (ए) तारीख 2-2-1971
10. अधिसूचना संख्या 1/11 71-बी (ए) तारीख 5-5-1972
11. अधिसूचना संख्या 1/4/72-बी (ए) तारीख 16-6-1972
12. अधिसूचना संख्या 1/7/71-बी (ए) तारीख 14-11-1972
13. अधिसूचना संख्या 1/6/73-बी (ए) तारीख 23-5-1973
14. अधिसूचना संख्या 1/11/73-बी (ए) तारीख 19-6-1973
15. अधिसूचना संख्या 1/5/73-बी (ए) तारीख 20-8-1973
16. अधिसूचना संख्या 1/7/70-बी (ए) तारीख 15-5-1973
17. अधिसूचना संख्या 1/7/70-बी (ए) तारीख 8-8-1974
18. अधिसूचना संख्या 1/3/74-बी (ए) तारीख 21-5-1976
19. अधिसूचना संख्या 12019/1/78-बी (ए) तारीख 17-12-1980
20. अधिसूचना संख्या 12019/3/80-बी (ए) तारीख 27-4-1981
21. अधिसूचना संख्या 12019/8/81-बी (ए) तारीख 17-5-1982
(सा०का०नि० 526, तारीख 5-6-82)
22. अधिसूचना संख्या 12019/4/81-बी (ए) तारीख 11-4-1983
23. अधिसूचना संख्या 45011/83/82-बी (ए) तारीख 19-9-83
24. अधिसूचना संख्या 45011/83/82-बी (ए) तारीख 26-12-1983

MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING

New Delhi, the 3rd July, 1984

G.S.R. 780 :—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the All India Radio (Group C) Recruitment Rules, 1964, namely :—

1. (1) These rules may be called the All India Radio (Group C) Recruitment (Amendment) Rules, 1984.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Schedule to the All India Radio (Group C) Recruitment Rules, 1964, against serial number 44 relating to the post of Investigator and the entries relating there to the following entries shall be substituted, namely:—

SCHEDULE

Recruitment Rules for Investigator in the Directorate General of All India Radio & Doordarshan (Ministry of Information and Broadcasting).

S. No.	Name of posts	Number of posts	Classification	Scale of pay
1	2	3	4	5
44.	Investigator	*54 *Note : Number of post is subject to variation depending upon work-load.	General Central Service Group 'C' Non Gazetted, Non Ministerial	Rs. 425–15–500–EB–15–560–20 700.

Whether Selection Post or Non-selection Post	it for direct recruits	Educational and other qualifications required for direct recruits	Whether age and educational qualifications prescribed for Direct recruits will apply in the case of Promotees.
6	7	8	9
Non-selection in case of promotion	Below 45 years	Essential : (i) A degree in Economics, Statistics, Sociology or any other Social Sciences. (ii) Some experience in Field Investigation or Statistical enquiries or research in Government or recognised Institute or Organisation. Desirable : Knowledge of Statistics.	No.

Period of probation, if any	Method of recruitment whether by direct recruit or by promotion or by deputation or transfer and percentage of the vacancies to be filled by various methods.	In case of recruitment by promotion/deputation/transfer, grades from which promotion/deputation/transfer to be made
10	11	12
Two years.	25% by Promotion and 75% by direct recruitment.	Promotion : From amongst Statistical Computers with 5 years regular service in the grade, working in All India Radio/Doordarshan (Station/Kendra) in the respective zones. (States which fall in such zone are indicated in the footnote).

If a DPC exists what is its composition	Circumstances in which U.P.S.C. is to be consulted in making recruitment.
13	14
1. Head of the metro Station of the Zone—Chairman. 2. Deputy Director, Audience Research—Member. 3. Senior Administrative Officer—Member. 4. An Officer of appropriate status preferably belonging to Scheduled Castes/Scheduled Tribes—Member. Foot Note :—(1) East Zone : West Bengal, Orissa, Assam, and all North Eastern States and Union Territories, Andaman & Nicobar Islands. (2) West Zone : Maharashtra, Gujarat, and Goa Daman and Diu. (3) North Zone : U.P., Bihar, M.P., H.P., J&K., Rajasthan, Haryana, Punjab and Union Territory of Delhi. (4) South Zone : Tamil Nadu, Karnataka, Kerala and Andhra Pradesh and Lakshdweep Islands. (ii) The Head of the Metro AIR Station will function as the Zonal Head.	Not applicable

[No. 7/19/83/AR/B(A)]
J.L. MATHUR, Under Secy.

NOTE :— Principal Rules called the All India Radio (Group C) Recruitment Rules, 1964 were notified vide GSR No. 1776, dated 30-11-64 and subsequently the following amendments have been notified :—

1. Notification No. 11/5/64-B(A), dated dated 9-8-1965.
2. Notification No. 5/2/67-B(A), dated 20-3-1967.
3. Notification No. 7/2/68-B(A), dated 14-6-1968.
4. Notification No. 7/8/66-B(A), dated 31-1-1970.
5. Notification No. 20/8/67-B(A), dated 24-2-1970.
6. Notification No. 16/20/69-B(A), dated 30-3-1970.
7. Notification No. 1/7/70-B(A), dated 18-3-1971.
8. Notification No. 1/8/81-B(A), dated 29-1-1972.
9. Notification No. 1/8/81-B(A), dated 2-2-1972.
10. Notification No. 1/11/71-B(A), dated 5-5-1972.
11. Notification No. 1/4/72-B(A), dated 16-6-1972.
12. Notification No. 1/7/71-B(A), dated 14-11-1972.
13. Notification No. 1/6/73 B(A), dated 23-5-1973.
14. Notification No. 1/11/73-B(A), dated 29-6-1973.
15. Notification No. 1/5/73-B(A), dated 20-8-1973.
16. Notification No. 1/7/70-B(A), dated 15-5-1974.
17. Notification No. 1/7/70-B(A), dated 8-8-1974.
18. Notification No. 1/3/74-B(A), dated 21-5-1976.
19. Notification No. 12019/1/78-B(A), dated 17-12-1980.
20. Notification No. 12019/3/80-B(A), dated 27-4-1981.
21. Notification No. 12019/8/81-B(A), dated 17-5-1982.
(GSR 526, dt. 5-6-82).
22. Notification No .12019(4/81/-B(A), dated 11-4-1983.
23. Notification No. 45011/83/82-B(A), dated 19-9-1983.
24. Notification No. 45011/83/82-B(A), dated 26-12-1983

परमाणु ऊर्जा विभाग

बम्बई, 30 जून, 1984

सा० का० नि० 781.—केन्द्रीय सरकार, परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 (1962 का 33) की धारा 30 की उपधारा (2) के खण्ड (ङ), (छ) और (ठ) के साथ पठित धारा 14 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात :—

1. संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारंभ :—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम परमाणु ऊर्जा (खान, खनिज कार्यकरण, और विहित पदार्थ उठाई-धराई नियम), 1984 है।

(2) इन नियमों का विस्तार सम्पूर्ण भारत पर है, जिसके अंतर्गत उसके राज्य क्षेत्रीय सागर खण्ड भी हैं।

(3) ये नियम राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2 परिभाषाएं :—इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "अधिनियम" से परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 (1962 का 33) अभिप्रेत है।

(ख) "पर्याप्त संरक्षण" से विकिरण और अन्य भौतिक और रसायनिक कर्मकों के विरुद्ध संरक्षण जिससे की विकिरण या संदूषण या रेडियो ऐक्टिव तथा रेडियो ऐक्टिव रहित विषैले पदार्थों के सांद्रण, के स्तरों की प्रचालन सीमाओं से अधिक न हो, अभिप्रेत है।

(ग) "सक्षम प्राधिकारी" से केन्द्रीय सरकार द्वारा इन नियमों के प्रयोजन के लिए अधिसूचना द्वारा नियुक्त कोई अधिकारी या प्राधिकारी अभिप्रेत है।

(घ) "संदूषण" से ऐसे किसी स्थान में, जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा इन नियमों के प्रयोजन के लिए अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए, रेडियोऐक्टिवता का लेना अभिप्रेत है।

(ङ) "कर्मचारी" से खनन मिलिंग, प्रसंस्करण अनुतर/या विहित पदार्थों की उठाई-धराई के लिए नियोजित कोई व्यक्ति जिसके अंतर्गत ऐसा नियोजक भी है जो स्वनियोजित है, अभिप्रेत है।

(च) "नियोजक" से कोई ऐसा व्यक्ति जो नियोजन करता है, या जो स्वनियोजित के रूप में केवल कर्मचारी है, अभिप्रेत है।

(छ) "सुविधा" के अंतर्गत कोई युक्ति या कोई उपस्कर या प्रचालन का कोई स्थान आता है।

(ज) "कारखाना नियम" से परमाणु ऊर्जा (कारखाना) नियम 1984 अभिप्रेत है।

(झ) "हैण्डल करना" के अंतर्गत विनिर्माण भंडारकरण, उपयोग, विक्रय द्वारा या अन्यथा अंतरण, निर्यात, आयात, परिवहन या व्ययन करना आता है।

(ञ) "प्ररूप" से इन नियमों के साथ उपबद्ध प्ररूप अभिप्रेत है।

(ट) "संस्थान" से कोई खान, मिल प्रसंस्करण संयंत्र या उठाई धराई सुविधा, जिसके अंतर्गत उसकी सभी आवश्यक सहायक सुविधाएं जिसके संबंध में अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञप्ति दी गई है, अभिप्रेत है।

(ठ) "अनुज्ञप्तिधारी" से कोई ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जिसे अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन खनन, मिलिंग प्रसंस्करण और/या विहित पदार्थों की उठाई-धराई के लिए अनुज्ञप्ति दी गई है।

(ड) "अनुज्ञापन प्राधिकारी" से केन्द्रीय सरकार द्वारा इन नियमों के प्रयोजन के लिए अधिसूचना द्वारा नियुक्त कोई अधिकारी या प्राधिकारी अभिप्रेत है।

(ढ) "मिलिंग" के अंतर्गत अयस्क या खनिज या विहित पदार्थों के रासायनिक सांद्रों का रासायनिक रूप से या अन्यथा पीसना, प्रेषण, छानना, प्रसंस्करण आता है।

(ण) "खान" का वही अर्थ है, जो उसका खान अधिनियम, 1952 (1952 का 35) में परिभाषित है।

(त) "उपजीविका जन्य परिसंकट" से जीविका में जोखिम अभिप्रेत है जो यदि नियंत्रित न किया जाए तो कर्मचारी के स्वास्थ्य सुरक्षा और उसकी भलाई को प्रभावित कर सकता है।

(थ) "व्यक्ति" के अंतर्गत निम्नलिखित आते हैं—

(i) कोई व्यष्टि नियम, व्यक्तियों का संगम चाहे निगमित हो या न हो, भागीदारी, सपदा, न्यास, प्राइवेट या लोक संस्था समूह सरकारी अभिकरण, या कोई राज्य या उसका कोई राजनैतिक उपखंड या राज्य के भीतर कोई राजनैतिक उपखंड या राज्य के भीतर कोई राजनैतिक अस्तित्व, कोई विदेशी सरकार या राष्ट्र या किसी ऐसी सरकार या राष्ट्र या अन्य अस्तित्व का कोई राजनैतिक उपखंड।

(ii) पूर्वगामी हर एक का कोई विधिक उत्तराधिकारी प्रतिनिधि और अभिकर्ता।

(द) "विकिरण मानिटर" से स्वास्थ्य संरक्षण के प्रयोजन के लिए विकिरण या संदूषण की मात्रा का आवधिक या निरन्तर निर्धारण अभिप्रेत है।

(ध) "सुरक्षा अधिकारी" से कोई ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो नियमों के अधीन यथा विहित कर्तव्यों का पालन करने के प्रयोजन के लिए सम्यक् रूप से अर्हित और नियोजित है।

(न) "विषैली गैस" से कोई ऐसी गैस अभिप्रेत है जिसके अन्तः श्वसन से स्वास्थ्य के लिए प्रतिकूल परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती है।

(प) "विषैला पदार्थ" से कोई ऐसा पदार्थ अभिप्रेत है जिसके अंतर्ग्रहण से स्वास्थ्य के लिए प्रतिकूल परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती है।

(फ) उन शब्दों और पदों के जो इन नियमों में प्रयुक्त हुए है, किन्तु जो परिभाषित नहीं है और अधिनियम में परिभाषित है वे ही अर्थ होंगे जो क्रमशः उनके उस अधिनियम में है।

3 विहित पदार्थों के खनन, मिलिंग, प्रसंस्करण और/या उठाई-धराई के लिए अनुज्ञप्ति —(1) कोई भी व्यक्ति अनुज्ञापन प्राधिकारी से प्ररूप ख में अनुज्ञप्ति अभिप्राप्त किए बिना और ऐसी अनुज्ञप्ति के निबंधनों और शर्तों के अनुसार के सिवाय किसी खनिज अयस्क या अन्य सामग्री की जिससे कोई एक या अधिक विहित पदार्थ निकाले जा सकते है न तो खुदाई करेगा न मिलिंग करेगा, न प्रसंस्करण करेगा और/या न हैंडल करेगा।

परन्तु कोई व्यक्ति जो इन नियमों के प्रवृत्त होने के समय से ही विहित पदार्थों के खनन, मिलिंग, प्रसंस्करण और/या हैंडलिंग में लगा हुआ है, इन नियमों के प्रवृत्त होने की तारीख से छह मास की अवधि के भीतर अपेक्षित अनुज्ञप्ति दिए जाने के लिए अनुज्ञापन प्राधिकारी को प्ररूप "क" में एक आवेदन करेगा।

परन्तु यह और कि आवेदक तब तक कार्य चालू रख सकेगा जब तक कि अनुज्ञापन प्राधिकारी उसके आवेदन पर विनिश्चय नहीं करता है और उसके पश्चात् वह विनिश्चय का पालन करेगा।

4 अनुज्ञप्ति दिए जाने की परिभाव्य शर्तें—(1) अनुज्ञप्ति के लिए आवेदक प्ररूप "क" में अनुज्ञप्ति दिए जाने के लिए विहित आवेदन करेगा।

(2) प्रत्येक आवेदन पांच सौ रुपए की फीस के साथ होगा, जो अप्रतिसंदेय होगी।

(3) अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन के साथ आवेदक निम्नलिखित जानकारी, जो आशयित सक्रिया के लिए लागू और सुसंगत हो, देगा :—

(i) सक्रिया का प्रयोजन,

(ii) संगठनात्मक ढांचे का वर्णन,

(iii) सक्रिया से संबंधित स्थलाकृतिक ब्यौरे, जिसके अंतर्गत निम्नलिखित होंगे —

(क) उस क्षेत्र का साधारण मानचित्र जिसका विस्तार स्थल के चारो ओर 30 कि०मी० के घेरे तक होगा (1: 63360) या कोई अन्य समुचित मापमान जिसमें प्राकृतिक आकृति, जैसाकि नदियाँ, सरिताएं, कुएं, प्राकृतिक चश्मे, गांव आदि दर्शित होंगे,

(ख) ब्यौरे सहित स्थल रेखाक जिसमें सक्रिया की सीमा के अन्दर आने वाला क्षेत्र होगा (1 : 500 या कोई अन्य समुचित मापमान), और

(ग) संस्थापन का रेखांक (1 : 50 या कोई अन्य समुचित मापमान),

(iv) सक्रिया के स्थल के चारों ओर 5 कि० मी० के घेरे के भीतर लगभग जनसंख्या सघनता, लोगों की साधारण उपजीविका, आदि देते हुए जननांकिकीय आंकड़े,

(v) क्षेत्र के कोई उपलब्ध भूकम्पीय आंकड़े,

(vi) क्षेत्र में 5 कि० मी० के घेरे के भीतर अन्य उद्योगों का अवस्थान, प्रकार और प्रकृति के ब्यौरे,

(vii) सक्रिया के आवश्यक ब्यौरे, जैसेकि खनन के ढंग, मिलिंग और सांद्रण की प्रक्रिया (चाहे भौतिक परिष्करण हो या रासायनिक निष्कर्षण/सांद्रता हो), प्रोसेस फ्लोशीट, और/या हैण्डलिंग प्रक्रियाएँ,

(viii) धूल, धूम, विषैली गैसें तरल विहिस्राव और ठोस अपशिष्टों जिसमें रेडियोऐक्टिव और/या विषैले पदार्थ हैं, उत्पन्न करने वाले स्थानो को दर्शित करते हुए, खान मिल/प्रसंस्करण संयंत्र/हैण्डलिंग सुविधा के अभिन्यास के ब्यौरे,

(ix) उपरोक्त नियम 4(3)(iii) (iv) और (vii) का ध्यान में रखते हुए संवातन प्रणाली के ब्यौरे साधारण और स्थानीय

(x) विहित पदार्थों के भंडाकरण के अवस्थान सुरक्षा हैण्डलिंग उपस्कर और संस्थापन के प्रत्येक क्षेत्र में संक्रिया की प्रकृति,

(xi) सरंध्रपम में धरातल के संदूषण को फैलने से रोकने और नियंत्रण के लिए उपलब्ध पद्धतियों और उपस्कर के ब्यौरे

(xii) संकटपूर्ण दुर्घटनाओं के निवारण, कर्मचारिवृन्द और क्षेत्र के संदूषण और कर्मचारिवृन्द की विकिरण उच्छन्नता को नियंत्रण के लिए उपस्कर और संस्थापन में सम्मिलित सुरक्षा युक्तियों के ब्यौरे,

(xiii) संदूषण और वायुवाहित विकिरण और विषैले पदार्थों के अन्तःश्वसन की जोखिम के निवारण/कमी करने के लिए उपलब्ध संरक्षात्मक वस्त्रों और औजारों के ब्यौरे,

(xiv) जहां कहीं भी संदूषण के जोखिम विद्यमान है वहां सुविधाओं और विसंदूषण संक्रियाओं के लिए अलग किए गए क्षेत्रों के ब्यौरे,

(xv) विकिरण उच्छन्नता और संदूषण के, जिसके अन्तर्गत प्रसामान्य और अप्रसामान्य या दुर्घटना की परिस्थितियों के अधीन कर्मचारिवृन्द का आन्तरिक संदूषण भी है, निर्धारण और नियंत्रण के लिए कर्मचारिवृन्द के लिए सुविधाओं, क्षेत्र और पर्यावरण संबंधी मानिटर करने के ब्यौरे,

(xvi) संस्थापन का पूरा सुरक्षा मूल्यांकन, जिसके अन्तर्गत संभाव्य दुर्घटनाओं का विश्लेषण, उनके निवारण के लिए किए जाने वाले प्रस्तावित उपाय, और वे उपाय जो ऐसी दुर्घटनाओं की असंभावित घटना में किए जाएंगे,

(xvii) यह सुनिश्चित करने के लिए कि विहित पदार्थों से युक्त अपशिष्टों के संबंध में निस्सारण की प्रसामान्य संक्रिया सीमाएं समय समय पर यथा अभिकथित से अधिक न हों, संस्थानों में अपशिष्टों के अभिक्रियान्वयन की रीति और प्रबंध के ब्यौरे,

(xviii) तरल/ठोस अपशिष्टों के अल्पकालिक/दीर्घकालिक/स्थायी भंडारण के अवस्थानो के ब्यौरे—

(क) जहां शैल-समूह या मानवनिर्मित अवरोध पद्धति में अपशिष्ट का व्ययन/प्रतिधारण प्रकल्पित है, वहां ब्यौरों के अंतर्गत व्ययन/प्रतिधारण के प्रस्तावित स्थल की भौमिकीय और जल विज्ञान संबंधी विशेषता आती है। ब्यौरे के अंतर्गत रेखाक में संरोध पद्धति के विन्यास का रेखाकचित्र, सभी तटबंधों के विशिष्ट अनुप्रस्थ सेक्शन और अन्य प्रारंभिक डिजाइन के मानदंड और यदि लागू होते हैं तो पूर्वानुमानित विस्तार के ब्यौरे, आते है। तटबंध डिजाइन के ब्यौरे के अंतर्गत कटाव से तटबन्ध के तल की ऊंचाई, ऊपर की दीवार, पार्श्व ढलान, रिसन नियंत्रण और संरक्षण की जानकारी आती है।

(ख) जहां अंतिम निपटान के लंबित रहते सक्र समुचित धात्विक या अन्य आधान में जो धरातल पर या उसके नीचे हो, अल्पकालिक/दीर्घकालिक भंडारण की परिकल्पना की जाती है वहां डिजाइन के ब्यौरे में, आधान, पात्र, कोड की अपेक्षानुसार प्रतिबल विश्लेषण, विभाग, प्रस्तावित परिवहन, निरीक्षण और जांच, रिसन जांच और प्रमाणक निकर्ष सम्मिलित होगा।

(ग) आधान/भंडारण के सभी मामलों में ब्यौरे के अन्तर्गत प्रणालियों का सुरक्षा विश्लेषण, जिसमें उन दशाओं का मूल्यांकन किया जाएगा जिसके कारण अपशिष्ट पदार्थ दुर्घटनावश बाहर निकल सकता है, इस प्रकार बाहर निकले पदार्थ का संभावित पर्यावरणीय प्रभाव और इस प्रकार की दुर्घटना के निवारण के लिए निरीक्षण और अनुरक्षण का प्रस्तावित कार्यक्रम और आपात प्रक्रिया जिसको सीमित या असीमित दुर्घटनावश बाहर निकलने की असभाव्य घटना में कर्मचारियों, जनता की सुरक्षा के लिए अपनाया जाएगा,

(xix) निम्नलिखित के लिए प्रपत्र—

(क) संस्थापन में विहित पदार्थों के लिए पूर्ण और अद्यतन तालिका बनाए रखना,

(ख) साधारण सक्रियाओं के दौरान विहित पदार्थों, के उत्पादन, खपत और हानि का पूर्ण अभिलेख बनाए रखना,

(ग) दुर्घटना या असाधारण घटनाओं से विहित पदार्थों की हानियों के अभिलेख का बनाए रखना,

(xx) कोई अन्य सुसंगत जानकारी या स्पष्टीकरण जिसकी अनुज्ञापन प्राधिकारी अपेक्षा करे।

(4) अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन पत्र के साथ आवेदक लिखित रूप निम्नलिखित के लिए वचनबद्ध करेगा :

(i) अपने संस्थापन की योजना, डिजाइन और प्रचालन की बाबत विकिरण और औद्योगिक सुरक्षा की अपेक्षाओं को पूरा करना,

(ii) आपात स्थिति को छोड़कर अनुज्ञापन प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना संस्थापन में कोई उपांतरण नहीं करना और आपात स्थिति में

ऐसे उपांतरण की संसूचना, अनुज्ञापन प्राधिकारी को उसके विनिश्चय के लिए तुरंत दी जाएगी,

(iii) सभी संक्रियाओं को केवल अनुज्ञप्त संस्थापन/संस्थापनों तक सीमित रखना,

(iv) विहित पदार्थों के निपटान के लिए अनुज्ञापन प्राधिकारी से तथा रेडियोधर्मी अपशिष्ट के निपटान के लिए सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुमोदन और निदेश अभिप्राप्त करना,

(v) साधारण सुरक्षा संक्रियाएं करने डोज मूल्यांकन के लिए और विभव दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए असाधारण घटनाएं घटित होने की दशा में पर्याप्त चिकित्सा पर्यवेक्षण के लिए पर्याप्त कर्मचारिवृन्द तथा अर्हित कार्मिकों को हर समय उपलब्ध कराना।

(vi) सम्यकतः अर्हित/अनुभवी सुरक्षा अधिकारी को और इसके अतिरिक्त रेडियो धर्मिता वाली संक्रियाओं के लिए सम्यकत. अर्हित/अनुभवी विकिरण चिकित्सात्मक सुरक्षा अधिकारी नियोजित करना जैसा कि इन नियमों में विनिर्दिष्ट है।

5. स्थल का निरीक्षण :—अनुज्ञापन प्राधिकारी या उसका प्रतिनिधि इस बात को सुनिश्चित करने के लिए प्रस्तावित संक्रिया के स्थल का निरीक्षण कर सकेगा कि आवेदक द्वारा दी गई जानकारी सही और पूर्ण है।

6. कर्मचारिवृन्द की अर्हता :—(1) कोई भी नियोजक किसी व्यक्ति को विकिरण चिकित्सात्मक सुरक्षा अधिकारी के रूप में तब तक नियुक्त नहीं करेगा जब तक कि उसके पास निम्नलिखित अर्हताएं और अनुभव न हों :

(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से भौतिकी में बुनियादी उपाधि,

(ii) किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से विकिरण चिकित्सात्मक भौतिकी में स्नातकोत्तर डिप्लोमा/उपाधि,

(iii) नियम 8 में उल्लिखित ड्यूटी और कृत्यों का, एक अनुप्रमाणित विकिरण चिकित्सालय सुरक्षा अधिकारी के अधीन निर्वहन करने का 5 वर्ष का अनुभव।

(iv) विकिरण चिकित्सालय सुरक्षा अधिकारी के रूप में सक्षम प्राधिकारी का प्रमाण-पत्र।

(2) कोई भी नियोजक किसी व्यक्ति को सुरक्षा अधिकारी के रूप मे तब तक नियुक्त नहीं करेगा जब तक कि उसके पास निम्नलिखित अर्हताएं और अनुभव न हों :

(i) इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी की किसी शाखा में उपाधि और किसी खान में पर्यवेक्षीय हैसियत में दो वर्ष से अन्यून अवधि का व्यावहारिक अनुभव, या

भौतिकी या रसायन शास्त्र में उपाधि अथवा इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी की किसी शाखा में डिप्लोमा और किसी खान में पर्यवेक्षीय हैसियत में पांच वर्ष से अन्यून अवधि का व्यावहारिक अनुभव, और

(ii) औद्योगिक सुरक्षा में डिप्लोमा।

7. अनुज्ञप्तिधारी के कर्त्तव्य और दायित्व :—(क) अनुज्ञप्तिधारी किसी संस्थापन में 18 वर्ष से कम आयु के किसी व्यक्ति को नियोजित नहीं करेगा।

(ख) वह इस बात को सुनिश्चित करेगा कि संस्थापन की संक्रिया इस अनुज्ञप्ति के निबंधन और शर्तों के अनुसार चलाई जाती है।

(ग) वह यह भी सुनिश्चित करेगा कि विकिरण और औद्योगिक सुरक्षा की साधारण सुरक्षा अपेक्षाओं को पूरा किया जाता है।

(घ) वह अनुज्ञापन प्राधिकारी की पूर्व अनुज्ञा के बिना संस्थापन/प्रक्रिया/प्रवाह शीट में कोई उपांतरण नहीं करेगा।

(ङ) वह अपनी संक्रियाएं अनुज्ञप्त संस्थापन में सीमित रखेगा,

(च) वह साधारण संक्रिया की सुरक्षा के लिए, डोज मूल्यांकन के लिए, दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए, यदि कोई हो, और कर्मचारियों की चिकित्सीय देखभाल के लिए हर समय पर्याप्त कर्मचारिवृन्द की व्यवस्था करेगा।

(छ) वह इस बात को सुनिश्चित करेगा कि कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए हर समय पर्याप्त संरक्षा की व्यवस्था की जाती है।

(ज) वह इस बात को सुनिश्चित करेगा कि संस्थापन और विकिरण कार्मिकों की नियमित विकिरण मानिटरिंग की जाती है और उसका अभिलेख बनाए रखा जाता है।

(झ) वह इस बात को भी सुनिश्चित करेगा कि संस्थापन में अनुज्ञेय सीमाओं से परे संक्रिया चलाए जाने के कारण पर्यावरण प्रदूषण के निवारण के लिए पर्याप्त पूर्ण सावधानियां बरती जाती हैं जैसाकि अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट किए जाएं।

(ञ) वह सभी कर्मचारियों को नियोजन पूर्व और सेवा समापन/निवृत्ति के पश्चात् चिकित्सा परीक्षा की व्यवस्था करेगा। विकिरण कार्मिकों और खान कार्मिकों की दशा में, नियोजन पूर्व चिकित्सा परीक्षा में, कर्मचारी बनने वाले व्यक्ति की चिकित्सीय इतिवृत्ति का विस्तारपूर्वक प्रलेखीकरण, पूर्ववर्ती नियोजन की इतिवृत्ति विकिरण प्रभावन और किसी विनिर्दिष्ट पर्यावरण यथा सिलिका धूल का विकिरण प्रभावन और दीर्घकालिक प्रभावन सम्मिलित होगा। किसी व्यक्ति को तभी नियोजित किया जाएगा जब उसकी नियोजन पूर्व चिकित्सा परीक्षा कर ली जाती है। और उसे नियोजन योग्य पाया जाता है। वह ऐसे कर्मकारों की उनकी सेवा के दौरान वार्षिक चिकित्सा परीक्षा करवाने की व्यवस्था करेगा जिसमें निम्नलिखित सम्मिलित होंगे, पांच वर्षों में कम से कम एक बार छाती का एक्स-रे साधारण प्रयोगशाला जांच जैसे खून, शरीर के उत्सर्ग की जांच और विशेष जांच जैसे चमड़े, हाथ, अंगुलियों जैसे अंगुलियों, के नाखूनों, कानों और आंखों की जांच।

(ट) वह विकिरण कर्मकारों और खान कर्मकारों का पूर्ण और अद्यतन व्यक्तिगत चिकित्सीय और वृत्तिक इतिवृत्ति का अभिलेख ऐसे प्ररूप में बनाए रखेगा जैसा कि अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए।

(ठ) वह इस बात का सुनिश्चित करेगा सभी कर्मचारियों को उनके कार्य में आने वाले परिसंकटों के बारे में और उनकी सुरक्षा तथा उनके साथी कर्मकारों की रक्षा के लिए पूर्ण सावधानियों के बारे में उचित रूप से अनुदेश दे दिए जाते हैं। वह प्रत्येक यूनिट के लिए आवश्यक प्रचालन अनुदेश तैयार करेगा।

(ड) वह सुरक्षा अधिकारी और विकिरण चिकित्सात्मक सुरक्षा अधिकारी के परामर्श से एक आपात योजना तैयार करेगा जिसमें आपातकाल और/या दुर्घटना की दशा में कर्मचारियों के मार्गदर्शन के लिए अनुदेश अधिकथित होंगे और वह उस योजना का सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन करवाएगा। वह कालिक रूप से प्रशिक्षण और कवायद यह सुनिश्चित करने के लिए करवाएगा कि सभी कर्मचारी आपात योजना से परिचित हैं। आपात योजना और कवायद के परिणाम का समय-समय पर पुनर्विलोकन किया जाएगा।

(ढ) वह विकिरण चिकित्सात्मक सुरक्षा अधिकारी और सुरक्षा अधिकारी से असामान्य घटनाओं और दुर्घटनाओं के विषय में रिपोर्ट अभिप्राप्त करेगा और उन्हें इन नियमों में उपबंधित प्रकार से अनुज्ञापन प्राधिकारी और सक्षम प्राधिकारी को भेजेगा।

(न) वह अपनी अभिरक्षा से किसी विहित पदार्थ की चोरी या क्षति के विषय में अनुज्ञापन प्राधिकारी को उसका पता चलते ही अधिसूचित करेगा।

(थ) वह एक अर्हित सुरक्षा अधिकारी और एक विकिरण चिकित्सात्मक सुरक्षा अधिकारी को नियोजित करेगा और वह कर्मचारिवृन्द तथा संस्थापन के संबंध में औद्योगिक और विकिरण चिकित्सात्मक सुरक्षा के सभी विषयों में उनके द्वारा मार्ग दर्शित होगा। वह उन्हें अपने कर्तव्यों को प्रभावी रूप से निभाने के लिए कर्मचारिवृन्द उपलब्ध कराएगा। सुरक्षा अधिकारी और विकिरण सुरक्षा अधिकारी एक ही व्यक्ति हो सकता है यदि वह दोनों पदों के कर्तव्यों के निभाने के लिए अपेक्षित अर्हताएं रखता है।

(द) वह अनुज्ञापन प्राधिकारी या उसके प्रतिनिधियों को संस्थापन की कालिक जांच के लिए सुविधा प्रदान करेगा।

8 विकिरण चिकित्सात्मक सुरक्षा अधिकारी के कर्तव्य और उत्तरदायित्व —विकिरण चिकित्सात्मक सुरक्षा अधिकारी, कर्मचारियों और संस्थापन के समीप निवास करने वाली जनता की सुरक्षा से संबंधित सभी विषयों पर नियोजक को सलाह देगा और ऐसा करने में वह साधारणतया विकिरण सुरक्षा नियम, 1971 के उपबंधों द्वारा मार्गदर्शित होगा।

9. सुरक्षा अधिकारी के कर्तव्य और उत्तरदायित्व :—(क) सुरक्षा अधिकारी औद्योगिक सुरक्षा और औद्योगिक स्वच्छता से संबंधित सभी विषयों पर नियोजक को सलाह देगा।

(ख) वह कार्यस्थल का इस बात को सुनिश्चित करने के लिए कालिक निरीक्षण करेगा कि अपस्कर पर्याप्त हैं और वे कार्यकरण की अच्छी दशा में है और यह कि कर्मचारियों द्वारा काम के दौरान निरापद प्रक्रियाओं का अनुसरण किया जाता है। वह इस बात को भी सुनिश्चित करेगा कि कार्य के स्थान पर अनुरक्षित दशाएं विद्यमान नहीं है।

(ग) वह वैयक्तिक संरक्षण उपस्करों (जैसे दस्तानों, हेलमेट, गोगल्स आदि) का कालिक निरीक्षण इस बात को सुनिश्चित करने के लिए करेगा कि वे उपयोग के लायक है।

(घ) वह आपात सुरक्षा किट्स का कालिक निरीक्षण करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि वे आपातकाल में उपयोग के लायक हैं।

(ङ) वह सभी दुर्घटनाओं/दुर्घटना जैसी घटनाओं की, जिसमें वे भी सम्मिलित हैं जिनमें कोई व्यक्ति प्रभावित नहीं होगा, जांच करेगा और नियोजक को ऐसी घटनाओं के पुनः घटित न होने देने के लिए उपायों के विषय में सुझाव देगा।

(च) वह दुर्घटनाओं के संबंध में आंकड़ों को इकट्ठा करेगा और संस्थापन की सुरक्षा प्रस्थिति का पुनर्विलोकन करने के लिए मानक प्रक्रिया के अनुसार उनका विश्लेषण करेगा।

(छ) वह संस्थापन में इस बात को सुनिश्चित करने के लिए कालिक सघातन सर्वेक्षण करेगा कि संवातन संतोषप्रद है।

(ज) वह ख स्तर सर्वेक्षण, प्रकाश सर्वेक्षण, वायु वाहित विषैले पदार्थों का सर्वेक्षण और औद्योगिक स्वच्छता से संबंधित अन्य सर्वेक्षण करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि कर्मचारी सुरक्षित वातावरण में काम करते है।

(झ) वह यह भी सुनिश्चित करेगा कि परमाणु ऊर्जा (कारखाना) नियम, 1984 का अनुपालन किया जाता है।

10. प्रतिकर :—यदि किसी कर्मकार को विहित पदार्थ के खनन, मिलिंग, प्रसंस्करण या कर्षण के कारण कोई क्षति, बीमारी या निशक्तता हो जाती है तो नियोजक, कर्मकारों को कर्मकार प्रतिकर अधिनियम, 1976 (1976 का 65) के उपबंधों के अनुसार और उस सीमा तक प्रतिकर का संदाय करने का दायी होगा।

11. जानकारी देने पर निर्बंधन :—कोई भी व्यक्ति अनुज्ञापन प्राधिकारी के या अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा प्राधिकृत अधिकारी की लिखित अनुज्ञा के बिना किसी भी व्यक्ति को मौखिक रूप से या किसी दस्तावेज, ड्राइंग, फोटोग्राफ, रेखांक, नमूनों के माध्यम से या अन्यथा कोई ऐसी जानकारी नहीं देगा जो विहित पदार्थों के खनन/मिलिंग/प्रसंस्करण और/या कर्षण के विषय में कोई बात प्रकट करे, उसका वर्णन करे, निरूपण करे या दृष्टांत दे।

12. निलम्बन/रद्दकरण :—यदि अनुज्ञापन प्राधिकारी की राय में कोई अनुज्ञप्तिधारी इन नियमों के उपबंधों या अनुज्ञप्ति के निबन्धनों और शर्तों का अनुपालन करने में असफल रहता है या उसमें लापरवाही करता है तो, अनुज्ञापन प्राधिकारी, अनुज्ञप्तिधारी को एक लिखित सूचना जारी करने के पश्चात जिसमें उससे यह अपेक्षा करते हुए कि वह इस बात के लिए कारण बताए कि अनुज्ञप्ति क्यों न निलंबित या रद्द कर दी जाए, और अनुज्ञप्तिधारी के अभ्यावेदन यदि कोई हो, पर विचार कर लेने के बाद और कारणों को लेखबद्ध कर लेने के बाद अनुज्ञप्ति को निलंबित या रद्द कर सकेगा। ऐसे निलंबन या रद्दकरण से अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अधीन अनुज्ञप्तिधारी के विरुद्ध की जा सकने वाली किसी अन्य कार्यवाही पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

13 अपील :—(1) अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा निलंबन या रद्दकरण के आदेश के विरुद्ध अपील केन्द्रीय सरकार को की जा सकेगी।

(2) प्रत्येक अपील लिखित रूप में होगी और उसके साथ उस आदेश की प्रति लगी होगी जिसके विरुद्ध अपील की गई है। अपील, उक्त आदेश संसूचित किए जाने की तारीख से तीस दिनों के भीतर प्रस्तुत की जाएगी।

[सं० ए०ई०ए०/14/1/83-बाह्य संपर्क]

प्ररूप क

परमाणु ऊर्जा विभाग

विहित पदार्थों वाले खनिजों का खनन और मिलिंग करने और ऐसे पदार्थों की उठाई-धराई करने हेतु अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन।

*1. आवेदक का नाम

2. आवेदक का पता

3. वह संस्थापन जिसके लिए अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन किया जा रहा है

4. संस्थापन के प्रधान का नाम और पदनाम

5. उन व्यक्तियों के नाम जिन्हें संस्थापन में विकिरण से संरक्षण और औद्योगिक सुरक्षा का काम सौंपा गया है

6. संक्रियाएं शुरू करने की प्रस्तावित तारीख

7. क्या कर्मकारों को निम्नलिखित सुविधाएं दी गई है :

(i) वाह्य मानीटरिंग

(ii) आन्तरिक डासीमीटरी

*आवेदक और संस्थापन का पूरा पता और टेलीफोन नंबर (कार्यालय समय और उसके बाद), तार का पता तथा टेलेक्स नंबर यदि कोई हो, नीचे दिए गए स्थान में दिया जाना चाहिए :

(iii) औद्योगिक स्वच्छता और सुरक्षा

(iv) चिकित्सीय निगरानी

8 विहित पदार्थों वाली संक्रियाओं के भारसाधक व्यक्तियों की अर्हताओं, प्रशिक्षण और अनुभव का, यदि कोई हो, ब्यौरा दें (यदि आवश्यक हो तो अतिरिक्त कागज लगाएं)

विभाग	भारसाधक व्यक्ति का नाम	शैक्षिक अर्हताएं	प्रशिक्षण का प्रकार और अनुभव	कब और कहां प्रशिक्षण तथा अनुभव प्राप्त किया गया	प्रशिक्षण और अनुभव की अवधि	अभी तक उठाई धराई किए गए विहित पदार्थों की अधिकतम मात्रा
1	2	3	4	5	6	7

9 (क) उन संक्रियाओं की विशिष्टियां जिनके लिए यह आवेदन किया जा रहा है (यदि आवश्यक हो तो अतिरिक्त पृष्ठ जोड़ें)।

क्रम सं०	विहित पदार्थों वाली संक्रियाओं का प्रकार	विहित पदार्थों की प्राक्कलित रिजर्व (खनन संक्रियाओं की दशा में)	प्रारंभिक सामग्री की भौतिक और रासायनिक आकृति	अंतिम उत्पाद की भौतिक और रासायनिक आकृति	भरण सामग्री में विहित पदार्थ का सांद्रण	विहित पदार्थ की प्रतिशत पुन: प्राप्ति	वार्षिक उत्पादन प्रतिशत उठाई धराई की गई सामग्री की मात्रा	वह प्रयोजन जिसके लिए विहित पदार्थ की पुन: प्राप्ति की जानी है
1	2	3	4	5	6	7	8	9

9 (ख) उत्पादित पछोड़न और बहिस्राव की विशिष्टियां (यदि आवश्यक हो तो अतिरिक्त पृष्ठ जोड़ें)

प्रतिवर्ष उत्पादित पछोड़न का प्राक्कलन	पछोड़न के अभिक्रियान्वयन की पद्धति	पछोड़न के अवस्थान और अंतिम निपटान की पद्धति	प्रतिवर्ष उत्पादित बहिस्राव की मात्रा का प्राक्कलन (बहिस्राव का वर्णन करें)	बहिस्राव के अभिक्रियान्वयन की पद्धति	बहिस्राव के अवस्थान और अंतिम निपटान की पद्धति	पछोड़न का मानिटर करने की पद्धति जो पथा में उपबंधित है।	बहिस्राव
1	2	3	4	5	6	7	8

10 विभिन्न विभागों में जिसमें सुरक्षा और चिकित्सा विभाग सम्मिलित हैं उपलब्ध कर्मचारिवृन्द का ब्यौरा

	कर्मचारिवृन्द की संख्या		
विभाग	तकनीकी	कुशल	अर्धकुशल

11 (क) यदि किसी संयंत्र में संक्रियाएं की जानी हैं तो यह ठीक-ठीक बताएं कि—

(i) संयंत्र का निर्माण अभी किया जाना है।

(ii) संयंत्र का निर्माण हो चुका है और उपकरण लगाए जा चुके हैं।

(iii) विद्यमान संयंत्र के संलग्न ब्यौरे के अनुसार रूपांतरण किया जाना है।

(ख) यदि खनन संक्रियाएं की जानी हैं तो खनन के प्रकार का उल्लेख करें। विवृत खान/भूमिगत

*12 चालू संक्रियाओं की बाबत सुसंगत पृष्ठभूमि जानकारी
(जब इस आवेदन द्वारा विद्यमान संक्रियाओं के नियमित किया जाना हो)

*13. प्रस्तावित संक्रियाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी (नए आवेदक)

(क) संक्रिया स्थल, उनके पर्यावरण की जानकारी और अन्य सुसंगत ब्यौरे।

(ख) खनिजों और विहित पदार्थों वाली सामग्रियों के खनन, मिलिंग और/या उठाई-धराई के लिए उपयोग की जाने वाली प्रक्रिया और संक्रिया का ब्यौरा।

(ग) संस्थापन में रखे गए सुरक्षा और मानिटर करने के उपस्कर का ब्यौरा (तकनीकी विशिष्टियों का ब्यौरा दें जिसमें सुवाह्य उपस्करों की विशिष्टियां भी सम्मिलित हैं)।

(घ) विहित पदार्थों के एक संक्रिया स्थल के दूसरे संक्रिया स्थल तक परिवहन की बाबत जानकारी।

(i) आधानों का ब्यौरा

(ii) परिवहन की रीति

(ङ) साधारण संक्रिया के दौरान स्थानीय जन समुदाय को विकिरण और अन्य स्वास्थ्य परिसंकट के मूल्यांकन और परिसंकट को मानिटर करने और उस पर नियंत्रण करने के ब्यौरे।

(च) किसी दुर्घटना की दशा में स्थानीय जन समुदाय को वास्तव में हो सकने वाले अधिकतम परिसंकट का संक्षिप्त मूल्यांकन और प्रस्तावित उपचार।

*14. उपस्करों की सूची (उनके विनिर्देशों के साथ) जो उस सहयुक्त प्रयोगशालाओं में उपलब्ध है जहाँ विहित पदार्थों की सम्हलाई की जाती है)। कृपया प्रत्येक प्रवर्ग के अधीन उपस्करों का ब्यौरा दें।

(क) सम्हलाई उपस्कर: (यथा सुदूर नियंत्रण टोंग, पिपेट आदि)

(ख) संरक्षण युक्तियां (यथा सीसे की ईंट, रबड़ के दस्ताने सम्मिलित आदि)

(ग) प्रयोगशाला उपसाधन (यथा जंगरोधी इस्पात के ट्रे/एक पैर से चलने वाले वेस्ट बाक्स, फ्यूम हुड, ग्लोव बाक्स आदि)

(घ) विकिरण का पता लगाने/माप उपस्कर (यथा इलाका सर्वेक्षण मीटर, दूषण मानिटर, वायु सैंपलर कार्उंटर्स आदि)।

(ङ) विहित पदार्थों के लिए उपबंधित भंडारण सुविधा का ब्यौरा

(च) संस्थापन में उपबंधित संवातन सुविधा का ब्यौरा

15. रेडियोएक्टिव और अन्य परिसंकटमय अपशिष्ट (ठोस द्रव या गैस) के अभिक्रियान्वयन के लिए प्रस्तावित प्रक्रिया

16. कार्य के समापन के समय किए जाने वाले विकिरण सुरक्षोपाय।

(i) कार्य पूरा होने की प्रस्तावित तारीख

(ii) वे कदम जो संक्रियाओं के समापन पर स्थल पर सामान्य दशा पुनः स्थापित करने के लिए उठाए जाएंगे।

17. कृपया निम्नलिखित संलग्न करें।

(i) क्षेत्र का स्थलाकृति नक्शा
(1.63360 स्केल) जो स्थल के चारों ओर 30 किलोमीटर की परिधि में विस्तारित हो, जिसमें प्राकृतिक विशिष्टियां, वास स्थान की प्रकृति और उस क्षेत्र में भूमि का उपयोग।

(ii) संस्थापन का स्थल रेखांक (1.500 स्केल)

(iii) भवन निर्माण संबंधी ब्लूप्रिंट (1.50 का स्केल) जिसमें अलग-अलग भवनों में उपस्कर और संसाधन का ले आउट वर्णित हो)

18. कोई ऐसी अतिरिक्त सुसंगत जानकारी जो आवेदक अपने आवेदन के समर्थन में देना चाहता हो।

19. मैं इसके द्वारा यह घोषणा करता हूं कि—

(क) ऊपर दिए गए सभी विवरण मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सही हैं।

(ख) कोई भी संक्रिया, इस प्ररूप की मद 9 के अधीन विनिर्दिष्ट प्रयोजनों से भिन्न किन्हीं प्रयोजनों के लिए नहीं की जाएगी।

(ग) विहित पदार्थ, प्राधिकृत स्थान से अनुज्ञापन प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं हटाया जाएगा।

(घ) विहित पदार्थ, सुसंगत सुरक्षा विनियमों के अनुसार ही एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाया जाएगा।

(ङ) सक्षम प्राधिकारी या अनुज्ञापन प्राधिकारी के प्राधिकृत प्रतिनिधि को संस्थापन का किसी समय निरीक्षण करने के लिए हमारे द्वारा पूर्ण सुविधाएं दी जाएंगी।

(च) सक्षम प्राधिकारी द्वारा यथा अपेक्षित, विकिरण कार्य में लगे हुए सभी व्यक्तियों की विकिरण निगरानी और चिकित्सीय निगरानी सम्यकत् की जाएगी।

(छ) विहित पदार्थों को सक्षम प्राधिकारी और अनुज्ञापन प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना किसी अन्य व्यक्ति को बेचा नहीं जाएगा, किराए पर नहीं दिया जाएगा या अंतरित नहीं किया जाएगा।

(ज) विकिरण सुरक्षोपाय की बाबत सक्षम प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर की गई अनुशंसाओं को सम्यक् रूप से कार्यान्वित किया जाएगा।

*यदि आवश्यक हो तो कृपया अलग पृष्ठों पर ब्यौरा दें।

(झ) संक्रियाएं शुरू करने से पहले सम्यक् रूप से अर्हित/अनुभवी सुरक्षा अधिकारी/विकिरण चिकित्सात्मक सुरक्षा अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी ।

(ञ) यदि इस आवेदन-पत्र में सूचीबद्ध कार्मिकों में कोई परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सूचना अनुज्ञापन प्राधिकारी को तुरन्त दी जाएगी ।

आवेदक का हस्ताक्षर

तारीख----------

संस्था और मुद्रा

प्ररूप ख

भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

विहित पदार्थों वाले खनिजों के खनन और मिलिंग और ऐसे पदार्थों की उठाई-धराई के लिए अनुज्ञप्ति

श्री/सर्वश्री जो----------

---------- के है,

परमाणु ऊर्जा (खान , खनिज कायकरण और विहित पदार्थ उठाई धराई) नियम, 1984 में विहित शर्तों का और उसके अधीन जारी किए गए आदेशों का अनुपालन करने का वचनबंध करने पर तथा विहित अनुज्ञप्ति फीस का संदाय करने पर, अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन में यथा वांछित विहित पदार्थों के खनन/मिलिंग/उठाई-धराई के लिए प्राधिकृत किया जाता है/किए जाते है ।

यह अनुज्ञप्ति तारीख ----------को जारी की जाती है और पिछले पृष्ठ पर दी गई शर्तों के अधीन तारीख ---------- तक वैध होगी ।

(अनुज्ञापन प्राधिकारी)

कार्यालय की मुद्रा

अनुज्ञप्ति की शर्तें

1. यह अनुज्ञप्ति उस दशा में निलंबित या रद्द की जा सकेगी जब आवेदन पत्र में की गई घोषणा या दी गई जानकारी गलत पाई जाती है या ऐसे आवेदन पत्र में दिया गया वचन-बंध कार्यान्वित नहीं किया जाता ।
2. आवेदन पत्र की मद 9 के अधीन विनिर्दिष्ट प्रयोजन से भिन्न प्रयोजन के लिए कोई भी संक्रिया नहीं चलाई जाएंगी ।
3. विहित पदार्थ प्राधिकृत संस्थापन से, अनुज्ञापन प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं ले जाए जाएंगे ।
4. विहित पदार्थ, सुसंगत सुरक्षा विनियमों के अनुसार ही परिवहित किए जाएंगे ।
5. अनुज्ञापन प्राधिकारी के प्राधिकृत प्रतिनिधि को, संस्थापन का किसी भी समय निरीक्षण करने के लिए पूर्ण सुविधाएं दी जाएंगी ।
6. विहित पदार्थों को अनुज्ञापन प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना किसी अन्य व्यक्ति को बेचा नहीं जाएगा, किराए पर नहीं दिया जाएगा, या अंतरित नहीं किया जाएगा ।
7. संक्रियाओं को प्रारंभ करने से पहले सम्यक रूप से अर्हित/अनुभवी सुरक्षा अधिकारी और विकिरण चिकित्सात्मक सुरक्षा अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे ।
8. इस आवेदन पत्र में सूचीबद्ध कार्मिकों में किसी परिवर्तन की सूचना तुरन्त अनुज्ञापन प्राधिकारी को दी जाएगी ।
9. संस्थापन में कोई भी रूपांतरण, अनुज्ञापन प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जाएगा ।
10. चिकित्सीय और विकिरण निगरानी का प्रबंध कर्मचारियों के लिए किया जाएगा ।
11. विकिरण चिकित्सात्मक सुरक्षा अधिकारी और सुरक्षा अधिकारी को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी ।
12. असामान्य घटनाओं और दुर्घटनाओं की जानकारी, अनुज्ञापन प्राधिकारी को तुरन्त भेजी जाएगी ।
13. संक्रियाओं, विहित पदार्थों की तालिका और अपशिष्ट पदार्थों की नैत्यिक निगरानी और निपटान का समुचित अभिलेख बनाए रखा जाएगा ।
14. विहित पदार्थों के खनन, मिलिंग या अन्यथा उठाई-धराई के बारे में जानकारी किसी अप्राधिकृत व्यक्ति को नहीं दी जाएगी ।
15. आवेदन पत्र में यथाविनिर्दिष्ट तकनीकी विनिर्देश और प्रचालन स्थितियों को सामान्य परिस्थितियों में बनाए रखा जाएगा ।
16. संलग्नक सं० 1 से ..... के रूप में इस अनुज्ञप्ति से संलग्न शर्तें, अनुज्ञप्तिधारी पर आबद्धकर होंगी ।
17. अनुज्ञप्ति जारी होने की तारीख से, तीन वर्ष की अवधि के लिए वैध होगी ।

प्ररूप ग

अनुज्ञापन प्राधिकारी/सक्षम प्राधिकारी को असामान्य घटनाओं या दुर्घटनाओं की रिपोर्ट करने का प्ररूप

1. संस्थापन का नाम और पता.
2. असामान्य घटना का स्थल :
3. विकिरण संस्थापन का नाम :
4. घटना की तारीख और समय :
5. सूचना प्राप्त करने की तारीख और समय (वि० चि० सु० अ० /सु० अ० द्वारा)
6. वि० चि०सु०अ०/सु०अ० द्वारा घटना स्थल पर जाने की तारीख/तारीखें
7. घटना की प्रकृति, अंतर्ग्रस्त उपस्कर और परिसंकट की सीमा का विस्तृत ब्यौरा
8. स्थल पर की गई कार्रवाई और परिणाम
9. अंतर्ग्रस्त क्षेत्र में पाया गया अधिकतम विकिरण और दूषण का स्तर :
10. अंतर्ग्रस्त व्यक्तियों के नाम और उनके द्वारा प्राप्त संभावित प्रभाव और दूषण (जिसमें वे अधिकारी भी सम्मिलित है जो घटना का अन्वेषण कर रहे हैं, जिसके संबंध में कार्य कर रहे है)

व्यक्ति का नाम	वार्षिक घटना से पूर्व संचयी डोज	घटना के बाद संचयी डोज

वि० चि० सु० अ०/सु० अ० के हस्ताक्षर
(वि० चि० सु० अ०/सु० अ० का नाम)

नियोजक का हस्ताक्षर
(नियोजक का नाम)
कार्यालय की मुद्रा

11. तुरंत दी गई चिकित्सा सहायता और उपचार का ब्यौरा
12. यदि दुर्घटना के कारण कोई ऐसी क्षति हुई हो जिससे निशक्तता हो गई हो तो ऐसे व्यक्ति का नाम दें ।
13. असामान्य घटना पर अन्वेषण
14. यदि जनता, संयंत्र या पर्यावरण को गंभीर परिसंकट उत्पन्न हो गया हो तो यह बताएं कि ऐसे परिसंकट से बचने और भविष्य में उसके निवारण के लिए क्या कदम उठाए जाने की सिफारिश की जा रही है ।
15. साधारण संप्रेक्षण

विकिरण चिकित्सात्मक सुरक्षा अधिकारी/सुरक्षा अधिकारी के हस्ताक्षर

(वि० चि० सु० अ०/सु० अ० का नाम)

नियोजक के हस्ताक्षर
(नियोजक का नाम)
कार्यालय की मुद्रा

DEPARTMENT OF ATOMIC ENERGY

Bombay, the 30th June, 1984

G.S.R. 781.—In exercise of the powers conferred by Section 14 read with clauses (e), (g) and (l) of sub-section (2) of Section 30 of the Atomic Energy Act, 1962 (33 of 1962), the Central Government hereby makes the following rules:—

1. Short title, extent and commencement.—(1) These rules may be called Atomic Energy (Working of the Mines, Minerals and Handling of Prescribed Substance) Rules, 1984.

(2) These rules extent to the whole of India including her territorial waters.

(3) These rules shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Definitions.—In these rules, unless the context otherwise requires :

(a) "Act" means the Atomic Energy Act, 1962 (Act 33 of 1962).

(b) "adequate protection" means protection against radiation and other physical and chemical agents, such that the operational limits of levels of radiation or contamination or concentration of radioactive as well as non-radioactive toxic substances are not exceeded.

(c) "competent authority" means any officer or authority appointed by the Central Government by notification for the purpose of these rules.

(d) "contamination" means the presence of radioactivity at any place that may be specified by the competent authority by notification for the purposes of these rules.

(e) "employee" means any person employed, including an employer who is self employed, for carrying on the mining, milling, processing and/or handling of prescribed substances.

(f) "employer" means any person who employs or who is self-employed as the only employee.

(g) "facility" includes a device or an equipment or a place or operation.

(h) "Factories Rules" means the Atomic Energy (Factories) Rules, 1984.

(i) "handle" includes manufacture, possess, store, use, transfer by sale or otherwise, export, import transport or dispose of.

(j) "Form" means the form annexed to these rules.

(k) "Installation" means any mine mill, processing plant or handling facility including all necessary auxiliary facilities thereof in respect of which a licence has been issued by the Licensing Authority.

(l) "licence" means any person who has been granted a licence for mining, milling, processing and/or handling of prescribed substances, under the Act or Rules made thereunder.

(m) "licensing authority" means an officer or authority appointed by the Central Government by notification for the purposes of these rules.

(n) "milling" includes crushing, pulverising, sieving, processing chemically or otherwise of the ores or minerals or chemical concentracts of prescribed substances.

(o) "mino" has the same meaning as defined in the Mines Act (XXXV of 1952).

(p) "occupational hazard" means the risk in the occupation which, if not controlled, may affect the health safety and well being of the employees.

(q) "person" includes—

(i) any individual, corporation, association of persons whether incorporated or not, partnership estate trust, private or public institution, group government agency or any state or any political subdivision thereof or any political entity within the state, any foreign government or any political subpolitical sub-division of any such government or nation or other entity ;

(ii) any legal successor, representative and agent of such of the foregoing ;

(r) "radiation monitoring" means periodic or continuous determination of the amount of radiation or contamination for the purpose of health protection.

(s) "safety officer" means any person duly qualified and employed for the purpose of carrying out duties as prescribed under these rules.

(t) "toxic gas" means any gas the inhalation of which may result in adverse health conditions.

(u) "toxic substance" means any substance the intake of which may result in adverse health conditions.

(v) words and expressions used in these rules and not defined but defined in the Act shall have the meanings respectively assigned to them in the Act.

3. Licence for mining, milling, processing and/or handling of prescribed substance.—No person shall mine, mill, process and/or handle any ore mineral or other material from which any one or more of the prescribed substances can be extracted, without obtaining a licence in Form B from the Licensing Authority and except in accordance with the terms and conditions of such licence :

Provided that, any person already engaged in mining, milling processing and/or handling prescribed substances at the time these rules came into force, shall within a period of six months from the date of these rules coming into force, make an application in Form "A" to the Licensing Authority for the issue of the requisite licence ;

Provided further that the applicant may continue the operations until the Licensing Authority takes a decision on his application and thereafter he shall abide by the decision.

4. Conditions precedent to the issue of a licence.—(1) An applicant for a licence shall make a written application for the issue of a licence in the Form A.

(2) Every application shall be accompanied with a fee of rupees five hundred which will be non-refundable.

(3) Alongwith the application for licence, the applicant shall furnish the following information as may be applicable and relevant to the operation intended :—

(i) the purpose of the operation ;

(ii) a description of the organisational set up ,

(iii) topographic details pertaining to the operation including,—

(a) a general map of the region, extending to a radius of 30 km. around the site (1 : 63360 or any other appropriate scale) showing therein the natural features such as rivers, streams, wells, natural springs, villages, fields, etc.

(b) a site plan in detail covering the area within the boundary of the operation (1 : 500 or any other appropriate scale) ; and

(c) a plan of the installation (1 : 50 or any other appropriate scale) ;

(iv) demographic data giving the approximate population density, general occupation of the people, etc. around the site of operation within a redius of 5 km.

(v) any available seismic data of the region ;

(vi) details of location, type and nature of other industries in the region, within a radius of 5 km ;

(vii) essential details of operation such as mining methods; milling and concentrating procedures (whether physical beneficiation or chemical extraction/concentration), process flow sheet, and/or handling procedures;

(viii) details of the layout of the mine/mill/processing plant/handling facility, showing points of generation of dest, fumes, toxic gases, liquid effluents and solid wastes, which contains radioative and/or toxic substances ;

(ix) details of the ventilation system-general as well as local, keeping in view rule 4(3) (iii), (iv) and (vii) above ;

(x) locations of storage of prescribed substances, details of major handling equipment and nature of operations in each area of the installation ;

(xi) details of methods and equipment available to contain and control the spread of surface contamination in the installation ;

(xii) details of safety devices incorporated in the equipment and installation for prevention of criticality accidents, control of contamination of personnel and area and radiation exposure of personnel ;

(xiii) details of protective clothing and appliance available for preventing/minimising risks of contaminaion and inhalation of airborne activity and toxic substances;

(xiv) details of facilities and areas set apart for decontamination operations, wherever risk of contamination exists.

(xv) details of facilities for personnel, area and environmental monitoring for assessment and control of radiation exposure and contamination/including internal contamination of personnel under normal as well as abnormal or accident conditions ;

(xvi) a complete safety evaluation of the installation including an analysis of potential accidents, measures proposed to be taken for their prevention, and measures that will be taken in the unlikely event of such accidents ;

(xvii) details of methods of treatment and management of wastes from the installations to ensure that normal operational limits of discharge in respect of wastes containing prescribed substances as may be laid down from time to time are not exceeded ;

(xviii) details of locations of short term/long term/permanent storage of liquid/solid wastes,—

(a) Where disposal/retention of wastes in geological formations or man made impoundment system is envisaged, the details shall include the geological and hydrological characteristics of the proposed sites of disposal/retention. Details shall also include drawings of layout of containment system in plan, typical cross sections of all embankments and other pertinent design criteria and if applicable, details of anticipated extension. Details of embankment design shall include information on height, top walk, side slope, seepage control and protection of embankment surface from erosion ;

(b) Where short term/long term storage in appropriate metallic or other containers either on surface or underground, pending final disposal, is envisaged the details of design shall include, the type of containment vessel, stress analysis as per code requirements, dimensions, proposed additions, inspection and testing, leak test and proof tests ;

(c) In all cases of containment/storage, the details shall include a safety analysis of the systems, giving an evaluation of conditions that might lead to an accidental release of wastes, the probable environmental impact of such release and proposed programme of inspection and maintenance to prevent such accidental occurrence and emergency procedures which will be adopted for the protection of the employees/public in the unlikely event of acciednital releases whether limited or extensive ;

(xix) performac for,—

(a) maintaining full and uptodate inventory of prescribed substances in the installation ;

(b) maintaning complete records of production, consumption and loss of prescribed substances in normal operations ;

(c) maintaining records of losses of prescribed substances arising out of accidents or abnormal incidents ;

(xx) any other relevant information/clarification the Licensing Authority may require.

(4) Along with the application for licence, the applicant shall undertake in writing, to—

(i) satisfy the requirements of radiation and industrial safety regarding planning, design and operation of his installation ;

(ii) not to modify the installation without prior approval of the Licensing Authority except in an emergency in which case such modifications shall be communicated to the Licensing Authority immediately for his decision ;

(iii) confine all the operations only to the licensed installation/s ;

(iv) obtain prior permission and directions from the Licensing Authority for disposal of prescribed substances and from the Competent Authority for disposal of radioactive waste.

(v) make available adequate staff and qualified personnel at all times to perform the normal operations safely, for dose evaluation and for management of potential accidents and in the events of abnormal occurrences, for adequate medical supervision of staff.

(vi) employ duly qualified/experienced Safety Officer and in addition for operations involving radioactivity a duly qualified/experienced Radiological Safety Officer as specified in these rules.

5. Inspection of site.—The Licensing Authority or his representative/s may inspect the site of proposed operation in order to ascertain that the information furnished by the applicant is correct and complete.

6. Qualification of the staff.—(1) No employer shall appoint any person as the Radiological Safety Officer, unless he possesses the following qualifications and experience :

(i) a basic degree in Physics from a recognised university;

(ii) a postgraduate diploma/degree in radiological physics from a recognised institution ;

(iii) an experience of 5 years of discharging under a certified Radiological Safety Officer the duties and functions outlined in Rule 8;

(iv) a certificate from the Competent Authority as Radiological Safety Officer.

(2) No employer shall appoint any person as the Safety Officer unless he possess the following qualifications and experience :

(i) a degree in any branch of engineering or technology, and practical experience of working in any mine in a supervisory capacity for a period of not less than 2 years, or

a degree in physics or chemistry or a diploma in any branch of engineering or technology with a practical experience of working in any mine in supervisory capacity for a period of not less than 5 years; and

(ii) a diploma in industrial safety.

7. Duties and responsibilities of the Licensee.—(a) A licensee shall not employ any person under the age 18 years in an installation.

(b) He shall ensure that the operation of the installation is carried out strictly in accordance with the terms and conditions of the licence.

(c) He shall ensure that the general requirements of radiation and industrial safety are complied with.

(d) He shall not modify the installation/process/flow sheet without prior approval from the Licensing Authority.

(e) He shall confine his operations only to the licensed installation.

(f) He shall provide adequate staff at all time in order to ensure safety of normal operations, for dose evaluation, for management of accidents, if any, and or medical care and attention of the employees.

(g) He shall ensure that adequate protection is provided at all time to safeguard the health and safety of the employees.

(h) He shall ensure that regular radiation monitoring of the installation as well as of radiation workers is carried out and their records maintained.

(i) He shall ensure that adequate precautions are taken to prevent environmental pollution due to the operation of the installation, beyond permissible limits as may be specified by the Licensing Authority from time to time.

(j) He shall arrange for preemployment and post-termination/retirement medical examination of all employees. The preemployment medical examination in the case of radiation workers and workers in mine shall include a comprehensive documentation of the prospective employee's medical history, history of previous employment, radiation exposure and chronic exposure to any specific environment such as silica dust. A person shall be employed only after such preemployment medical examination and after being found fit for the employment. He shall arrange for annual medical examination of such workers during their service which shall include chest X-ray atleast once in five years, general laboratory investigations such as examination of blood and excreta, and special investigation such as examination of skin, hands, fingers, finger nails, ears and eyes.

(k) He shall maintain complete and uptodate records of personal, medical and occupational histories of radiation workers and workers in mines in such form as may be prescribed by the Competent Authority.

(l) He shall send relevant excerpts from the records maintained by him on demand, to the Licensing Authority in a form as may be specified by the Licensing Authority.

(m) He shall ensure that all employees are properly instructed as to the hazards involved in their work and the precautions to be taken by them for their safety and the safety of their fellow workers. He shall prepare necessary operating instructions for each unit.

(n) He shall in consultation with the Safety Officer and the Radiological Safety Officer chalk out an emergency plan which will lay down instructions for the guidance of the employees in the event of emergency and/or accident conditions and shall get the plan approved by the Competent Authority. He shall conduct periodic training and drills to ensure that all employees are familiar with the emergency plan. The emergency plan and the result of the drills shall be reviewed from time to time.

(o) He shall obtain reports on unusual occurrences and accidents from the radiological safety officer and the safety officer and send them to the Licensing Authority and the Competent Authority in Form C appended to these rules.

(p) He shall notify any theft or loss of prescribed substances from his custody to the Licensing Authority as soon as the loss is discovered.

(q) He shall employ a qualified Safety Officer and a Radiological Safety Officer and be guided by them in all matters of industrial and radiological safety of the staff and the installation. He shall provide them with staff and facilities to carry out their duties effectively. The safety officer and radiological safety officer may be one and the same person, if he possesses the required qualifications to carry out the duties of both the posts.

(r) He shall provide the facility of periodic inspection of the installation to the Licensing Authority or his representatives.

8. Duties and Responsibilities of the Radiological Safety Officer.—The Radiological Safety Officer shall advise the employer on all matters conducted with radiological safety of the employee, and the public residing in the vicinity of the installation, and in doing so he shall be guided, in general, by the provisions of the Radioation Protection Rules 1971.

9. Duties and Responsibilities of the Safety Officer :—

(a) The Safety Officer shall advise the employer on all matters conducted with industrial safety and industrial hygiene.

(b) He shall periodically inspect the places of work to ensure that the equipment are adequate and in good working order and that safe procedures are adopted by the employees during work. He shall ensure that unsafe conditions do not prevail in the places of work.

(c) He shall periodically inspect personal protective equipment (like hand gloves, helmets, goggles etc.) to ensure that they are fit for use

(d) He shall periodically inspect emergency safety kits and ensure that they are fit for use in an emergency.

(e) He shall investigate all accidents rear accidents including those in which no person is involved, and recommend to the employer, measures of preventing recurrence of such accidents.

(f) He shall collect accident statistions and analyse them according to standard procedures, for reviewing the safety status of the installation.

(g) He shall conduct periodic ventilation survey in the installation to ensure that the ventilation is satisfactory.

(h) He shall carry out noise level survey, illumination survey, survey for airborne toxic substances and any other survey relating to industrial hygiene and ensure that the employees work in a safe atmosphere.

(i) He shall ensure that the provisions of Atomic Energy (Factories) Rules, 1984 are completed with.

10. Compensation.—If any employee suffers an injury, disease or disablement arising out of the mining willing, processing or handling of prescribed substances, the employer shall be liable for the payment of compensation in accordance with and to the extent of the provisions of the Workmen's Compensation Act, 1976 (No. 65 of 76).

11. Restriction on Disclosure of Information :—No person shall without the permission in writing of the Licensing Authority or an officer authorised by the Licensing Authority communicate to any person orally or by means of any document, drawing, photograph, plan, model, or atherwise any information whatsoever, that discloses, describes, represents or illustrates the mining|milling|processing and|or handling of prescribed substances.

12. Suspension/Cancellation.—If in the opinion of the Licensing Authority, a licence fails or neglects to comply with the provisions of these rules and the terms and conditions of the licence, the Licensing Authority may, after issuing to the licencee a notice in writing requiring him to show cause why his licence my not be suspended|or cancelled and after considering the representation, if any of the licencee, and after recording reasons may suspend or cancell the licence. Such suspension or cancellation shall be without prejudice to any other action that may be taken, against the licencee under the provisions of the Act or rules framed thereunder.

13. Appeals :—(1) An appeal shall be lie against any order of suspension or cancellation of a licence by the Licensing Authority to the Central Government.

(2) Every appeal shall be in writing and shall be accompanied by a copy of the order appealed against and shall be presented within thirty days of the communication of the said order.

[No. AEA/14/1/83-ER]

FORM A

GOVERNMENT OF INDIA

DEPARTMENT OF ATOMIC ENERGY

Application for licence for mining & milling of minerals containing prescribed substances and for handling suc substances :—

* 1. Name of the applicant.

2. Address of the applicant.

3. Installation for which licence is being applied for.

4. Name and designation of the Head of the Installation.

5. Names of the individuals who are entrusted with administration of radiation protection and industrial safety at the installations.

6. Proposed date of starting the operations.

7. Are the workers provided with facilities of :—
   (i) External Monitoring ;
   (ii) Internal Dosimetry ;
   (iii) Industrial hygiene and safety ; and
   (iv) Medical surveillance.

*Complete addressee of the applicant and the installation with Telephone numbers (during and outside office hours), telegraphic address and telex numbers, if any, may please be furnished in the space provided below :—

8. Give details of the qualifications, training and experience, if any, of the persons in charge of the operations involving prescribed substances (Use additional sheet if necessary).

Department	Name of the person in-charge	Academic qualifications	Type of training or experience	When and where the training and experience were gained	Duration of training and experience	Maximum amount of prescribed substances handled so far
1	2	3	4	5	6	7

9. (A) Particulars of operations for which this application is made (add extra pages, if necessary)

Sr. No.	Type of operations involving prescribed substances	Estimated reserves of prescribed substances (in case of mining operations)	Physical and Chemical form of the initial material	Physical and Chemical form of end product	Concentration of prescribed substance in the feed material	Percentage recovery of prescribed substance	Annual Production/ quantity handled per year	Purpose for which prescribed substance is to be recovered
1	2	3	4	5	6	7	8	9

9. (B) Particulars of tailings and effluents generated (add extra pages, if necessary)

Estimate of tailings produced annually	Method of treatment of the tailings	Method and location of final disposal of the tailings	Estimate of volume of effluents produced annually (describe effluents)	Method of treatment of the effluents	Method and location of final disposal of effluents	Monitoring systems provided in the pathways of	
						Tailings	effluents
1	2	3	4	5	6	7	8

10. Details of staff available in various departments including the safety and medical departments:—

Department	STAFF STRENGTH		
	Technical	Skilled	Unskilled

11. A. If operations are to be carried out in a plant, please indicate as appropriate:—

(i) The Plant is yet to be built

(ii) Plant is already built and equipped

(iii) Existing plant is to be modified as per details enclosed.

B. If mining operations are to be carried out please indicate type of mining Opencast/underground

*12. Relevant background information pertaining to the current operations (when existing operations are to be regularised by this application)

*13. Detailed information relating to proposed operations (new applicants):—

(a) Information on operation sites, their environment and other relevant details.

(b) Details of procedures and processess that will be used for mining, milling and/or for handling the mi nerals and materials containing the prescribed substances.

(c) Details of safety and monitoring equipment provided in the installation (furnish details and technical specifications including those of portable instruments).

(d) Information regarding transport of prescribed substances from one site of operation to another site.—
(i) Container details

(ii) Mode of transport.

(e) Details of assessment of radiation and other health hazard to the local population during normal operations and methods for monitoring and controlling such hazards.

(f) Brief assessment of maximum credible hazard to local population in the event of an accident and proposed remedial action.

*14. List of equipment (along with their specifications) available with the associated laboratories where the prescribed substances will be handled. (Please give details of equipment under each category)

A. Handling Equipment : (e.g. remote control tongs, pipetts, etc.)

B. Protection Devices : (i.e. lead bricks, rubber gloves, respirators etc.)

C. Laboratory Accessories : (e.g. stainless steel trays/sinks, foot operated waste bins, fume hoods, gloved boxes, etc.)

D. Radiation Detection/Measurement Equipment (e.g. area survey-moters, contamination monitors, air samplers, counters etc.

E. Details of storage facilities provided for the prescribed substances.

F. Details of ventilation facilities incorporated in the installation.

*Kindly furnish details on a separate sheet, if necessary.

15. Proposed procedures for treatment and disposal of radioactive and other hazardous wastes (solid, liquid and gases)

16. Radiation safety measures which will be taken at the time of termination of work :—

(i) Proposed date of completion of work,

(ii) Steps that will be taken to restore normal conditions at site, on termination of operations.

17. Please enclose—

(i) TOPOGRAPHICAL MAP of the area (1 : 63360 scale) extending to a radius of 30 Km all around the site, showing the natural features, nature of habta ion and land utilization in the area.

(ii) A SITE PLAN of the installatoin (1 = 500 scale)

(iii) ARCHITECTURAL BLUEPRINTS (1 :50 scale) showing the layout of equipment and processes in the individual buildings.

18. Any additional relevant information which the applicant may like to furnish in support of his application.

19. I hereby certify that,—

(a) all the statements made above are correct to the best of my knowledge and belief.

(b) no operations will be carried out for purposes other than those specified under item 9 of this form.

(c) prescribed substances will not be moved from the authorised place without prior approval of the Licensing Authority.

(d) prescribed substances will be transported only in accordance with the relevant safety regulations.

(e) full facilities will be accorded by us to any authorised representative of the Competent Authority or the Licensing Authority to inspect the installtions at any time.

(f) radiation surveillance and medical surveillance of all persons engaged in radiation work, as required by the Competent Authority will be duly carried out.

(g) the prescribed substances will not be sold, rented or transferred to any other person, without prior approval of the Competent Authority and the Licensing Authority.

(h) all recommendations that may be made from time to time by the Competent Authority in respect of radiation safety measures will be duly implemented.

(i) duly qualified/experienced safety officer/Radiological Safety Officer will be appointed before the commencement of the operations.

(j) any changes in the personnel listed in this application will be intimated forthwith to the Licensing Authority.

Date :.....

.....
Signature of the applicant
Institution & Seal

FORM B

GOVERNMENT OF INDIA

Department of Atomic Energy

Licence for Mining & Milling of Minerals containing Prescribed Substance and for Handling such Substances

Mr./Messrs. .....
of .....
.....
.....

having undertaken to comply with the conditions prescribed in the Atomic Energy (Working of the Mines, Minerals and Handling of Prescribed Substances) Rules, 1984 and any orders issued thereunder and having paid the prescribed licence fee is/are hereby authorised for mining/milling/handling of prescribed substances as described in the application for licence.

This licence is issued on.....and shall be valid upto.....subject to the conditions printed overleaf.

Licensing Authority

(Seal of Office)

CONDITIONS OF LICENCE

1. This licence may be suspended or cancelled, if any declaration made or information given in the application therefor is found to be false or if any undertaking given in such application is not carried out.
2. No operations shall be carried out for purposes other than those specified under item 9 of the application form.
3. Prescribed substances will not be moved from the authorised installation without prior approval of the Licensing Authority.
4. Prescribed substances shall be transported only in accordance with the relevant safety regulations.
5. Full facilities shall be accorded to any authorised representative of the Licensing Authority to inspect the installation at any time.
6. The prescribed substances shall not be sold, rented or transferred to any other person, without prior approval of the Licensing Authority.
7. Duly qualified/experienced Safety Officer and Radiological Safety Officer shall be appointed before the commencement of the operations.
8. Any changes in the personnel listed in this application shall be intimated forthwith to the Licensing Authority.
9. No modifications in the installation shall be made without prior approval of the Licensing Authoity.
10. Medical and radiation suveillance shall be provided for the employees.
11. The radiological safety officer and the safety officer shall be provided with requisite facilities to discharge their duties and functions.
12. Information on unusual incidents and accidents shall be sent to the Licensing Authority forthwith.
13. Appropriate records of operations, inventory of prescribed substances and of routine surveillance and disposal of wastes shall be maintained.
14. Information pertaining to operations of mining, milling or otherwise handling of prescribed substances shall not be transferred to any unauthorised person.
15. The technical specifications and the operating conditions as described in the application, shall be maintained under all normal conditions.
16. The conditions attached to this licence as attachments No. 1 to No.....shall be binding on the licence.
17. A licence shall be valid for a period of three years from the date of issue of the licence.

FORM C

Format for Reporting to the Licensing Authority/Competent Authority Unsusual Occurrences and Accidents

1. Name and address of the Installation:
2. Site of unusual occurrence:
3. Type of radiation installation:
4. Date and time of occurrence:
5. Date and time of receiving information (by R.S.O./S.O.):
6. Date(s) of visit of R S.O./S.O. to the site of occurrence:
7. Detailed account of the nature of occurrence, equipment involved and extent of hazard:
8. Action taken on site and result:
9. Maximum radiations and contamination levels found in the area involved:

10. Names of the individuals involved and the details of exposures/contamination received by them (including the officers) investigating the occurrence and attending to the incident)

Name of the person	(Annual) cumulative dose before the incident	Cumulative dose after the incident

Signature of R.S.O./S.O. :
(Name of R.S.O./S.O.)

Signature of Employer .....
(Name of Employer)

(Seal of Office)

11. Details of immediate medical aid and treatment provided:

12. If the accident involved any disabling injuries, give the names of such individuals :

13. Comments and recommendations by the investigating officers on the unusual occurrence:

14. If potential hazards to the public, plant or environment are involved, state what steps are recommended to avoid such hazards and to prevent recurrence in future:

15. General observations

Signature of Radiological Safety Officer/
Safety Officer
(Name of H.S.O./S.O.)

Signature of Employer:
(Name of Employer)
Seal of office

सा. का. नि. 782.—केन्द्रीय सरकार, परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 की धारा 23 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कारखाना अधिनियम, 1948 के अधीन निम्नलिखित नियम बनाती है ।

अध्याय I प्रस्तावना

1. संक्षिप्त नाम, लागू होना और प्रारम्भ.—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम परमाणु ऊर्जा (कारखाना) नियम 1984 है ।

(2) इनका विस्तार केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व वाले और परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 के प्रयोजनों का कार्यान्वित करने में लगे सभी कारखानों पर होगा ।

(3) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. परिभाषाएं.—इन नियमों में जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :

(क) "अधिनियम" से कारखाना अधिनियम 1948 अभिप्रेत है ।

(ख) "सक्षम प्राधिकारी" से अभिप्रेत है, केन्द्रीय सरकार द्वारा इन नियमों के प्रयोजनों के लिए अधिसूचना द्वारा नियुक्त कोई अधिकारी या प्राधिकारी ।

(ग) "सक्षम व्यक्ति" से अनुसूची "क" में वर्णित कोई अधिकारी अभिप्रेत है ।

(घ) "निरीक्षक" से इन नियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा नियुक्त निरीक्षक अभिप्रेत है ।

(ङ) "अनुसूची" से इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची अभिप्रेत है ।

3. रेखाकों का अनुमोदन.—(1) ऐसे स्थल के लिए जिस पर कारखाने की स्थापना किया जाना है और किसी कारखाने के विस्तार के संनिर्माण के लिए पूर्व अनुज्ञा प्राप्त करने के लिए आवेदन सक्षम प्राधिकारी को किया जाएगा ।

ऐसी अनुज्ञा के लिए आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज होंगे :—

(क) विनिर्माण प्रक्रिया का एक अनुक्रम चार्ट, जिसमें प्रक्रिया का संक्षिप्त वर्णन उसके विभिन्न प्रक्रमों पर दिया हो;

(ख) स्केल से बनाए गए दो प्रतियों में रेखांक जिसमें निम्नलिखित दिखाया गया हो :—

(1) कारखाने का स्थल और संलग्न परिवेश, जिसके अन्तर्गत लगे हुए भवन और अन्य संरचनाएं सड़कें, नालियां आदि हैं ;

(2) प्राकृतिक प्रकाश, संवातन और आग लगने की दशा में निकलने के साधन से संबंधित सभी सुसंगत ब्यौरे अपदर्शित करते हुए रेखांक, खड़ा नक्शा और विभिन्न भवनों के आवश्यक अनुप्रस्थ काटा रेखांकों में संयंत्र और मशीनरी, पार्श्वभीतियों और मार्गों का स्थान भी स्पष्ट रूप से उपदर्शित किया जाएगा;

(ग) निर्वातक संवातन और गैसीय मोचन के ब्यौरे,

(घ) बहिस्रावी उपचार और द्रव बहिस्रावी विसर्जन के ब्यौरे; और

(ङ) ऐसी अन्य विशिष्टियां, जो सक्षम प्राधिकारी अपेक्षा करे।

4. अनुमोदन के बिना परिसर के कारखाने के रूप में उपयोग पर प्रतिषेध—किसी कारखाने का कोई अधिभोगी, सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के बिना किसी परिसर को कारखाने के रूप में उपयोग नहीं करेगा।

अध्याय 2. निरीक्षण कर्मचारिवृन्द

5. निरीक्षकों की नियुक्ति इन नियमों के प्रयोजनों के लिए कोई भी व्यक्ति निरीक्षक के रूप में तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा जब तक कि उसके पास अपनी नियुक्ति के समय ऐसे निरीक्षकों के लिए विहित अर्हता न हो।

6. निरीक्षकों के रूप में नियुक्ति के लिए अर्हता सक्षम प्राधिकारी इन नियमों के प्रयोजनों के लिए निरीक्षकों की नियुक्ति के लिए आवश्यक अर्हताएं विहित कर सकेगा।

7. निरीक्षकों की शक्तियां: इन नियमों के निष्पादन के प्रयोजन के लिए निरीक्षक को निम्नलिखित सभी बातें या इनमें से कोई करने की शक्तियां होंगी:

(क) किसी कर्मकार का फोटो लेना, यथास्थिति, किसी भवन या कक्ष, किसी संयंत्र मशीनरी, साधित्र या यंत्र किसी रजिस्टर या दस्तावेज या कारखाने में नियोजित कर्मकारों के स्वास्थ्य, सुरक्षा या कल्याण सुनिश्चित करने के प्रयोजनों के लिए, व्यवस्था की गई किसी बात का निरीक्षण करना, परीक्षा करना, माप करना, प्रतिलिपि करना, फोटो लेना, स्केच बनाना या जांच करना।

(ख) ऐसी चिकित्सीय परीक्षाएं करना जो अधिनियम के प्रयोजन के लिए आवश्यक हों।

(ग) आपाधिक घटनाओं से संबंधित सुरक्षा की जांच करना।

(घ) असुरक्षित कार्यों और चलनों के संबंध में कारखाने के प्रधान या प्रबंधक को सलाह देना और कारखाने में असुरक्षित दशाओं, यदि कोई हों को बताना।

(ङ) किसी कारखाने में विद्यमान किन्हीं असुरक्षित दशाओं या चलनों के बारे में सक्षम प्राधिकारी को रिपोर्ट करना।

(8) चिकित्सीय परीक्षा. किसी कारखाने के हर कर्मकार की परीक्षा वर्ष में एक बार प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा की जाएगी, और यदि कोई कर्मकार कारखाने में काम करने के लिए चिकित्सक दृष्टया योग्य नहीं पाया जाता है तो उसकी रिपोर्ट उनके द्वारा कारखाने के प्रधान या प्रबन्धक को और सक्षम प्राधिकारी को की जाएगी, जो कारखाने के ऐसे प्रधान या प्रबन्धक से ऐसे व्यक्ति को कारखाने में ऐसे समय या अवधि के लिए जो सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, नियोजित न करने के लिए कह सकेगा। ऐसे समय या अवधि के पश्चात् सक्षम प्राधिकारी, कारखाने के लिए अपेक्षा कर सकेगा। यदि वह कारखाने में नियोजित किए जाने के प्रधान या प्रबन्धक से ऐसे कर्मकार की परीक्षा प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा करवाने के लिए चिकित्सक दृष्टया योग्य पाया जाता है तो प्रमाणकर्ता सर्जन इस आशय का एक प्रमाण पत्र सक्षम प्राधिकारी को अग्रेषित करेगा, जो कारखाने के प्रधान या प्रबन्धक को उसे कारखाने में पुनर्नियोजित करने के लिए अनुज्ञा दे सकेगा।

अध्याय 3. सुरक्षा

9. प्रक्रिया और कार्य स्थलों की योजना: (1) साधारण: सुरक्षा और अग्नि परित्राण व्यवस्थाएं निर्माणों के सभी रेखांकों, डिजाइनों और अभिन्यासों में सम्मिलित की जाएंगी। राष्ट्रीय निर्माण संहिता (आई एस आई) का पालन निर्माण के सभी रेखांकों, डिजाइनों और अभिन्यासों के लिए किया जाएगा। संपत्तियों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य तथा सुरक्षा के लिए संभव खतरों का कच्ची सामग्रियों और परिष्कृत उत्पादों के रखरखाव और भंडारकरण में तथा विभिन्न कार्यचालन प्रक्रमों पर दौरान पूर्वानुमान किया जाएगा। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त सुधार उपाय सभी कार्यचालन प्रक्रमों पर किए जाएंगे।

(2) संरचनात्मक सुरक्षा

(क) सभी निर्माण, स्थायी या अस्थायी संरचनात्मक सुरक्षित और ठोस होंगे जिससे कि गिरने की जोखिम का निवारण हो सके।

(ख) नीवों और सभी तल क्षेत्रफलों का निर्माण इस प्रकार किया जाएगा कि वे पूर्वानुमानित भार सहन करने के योग्य हों।

(3) अवस्थान और अलगाव परिसंकटतम सामग्री के भंडारकरण के लिए भवन अन्य भवनों और मुख्य सड़कों से दूर अवस्थित किया जाएगा या उसे यथोचित रूप में घेर दिया जाएगा। परिसंकट उपदर्शित करते हुए उपयुक्त साइनबोर्ड आसपास प्रदर्शित किए जाएंगे।

(4) सड़कों और पार्श्व पथों का अभिन्यास: (क) परिसरों में सड़कों और पार्श्व पथों की व्यवस्था इस प्रकार की जाएगी कि पूर्वानुमानित यातायात से सड़कों पर भीड़भाड़ न हो और पैदल चलने वालों के लिए पार्श्वपथों पर काफी स्थान हो। जहां तक संभव हो, सड़कें सीधी और काफी चौड़ी होंगी जिससे कि यानों, उपस्कर के ले आने ले जाने के लिए अबाध मार्ग मिल सके।

(ख) महत्वपूर्ण अब स्थानों पर यानों की गति को नियंत्रण करने के लिए गति विरामकों की व्यवस्था की जाएगी। पैदल चलने वालों के लिए पारपथों को चिन्हित किया जाएगा।

(ग) अधिकतम, अनुज्ञात गति और यातायात परिसंकटों के संबंध में सूचना देने के लिए साइनबोर्ड प्रदर्शित किए जाएंगे।

(5) बहिस्राव नियंत्रण विनिर्माण प्रक्रियाओं से पैदा होने वाले द्रव और गैसीय बहिस्रावों को उनके पैदा होने वाले स्थानों से दूर ले जाया जाएगा और उनका सुरक्षित रूप में तथा यदि आवश्यक हो तो, उपचार के पश्चात् निपटान किया जाएगा।

(6) स्थान संबंधी अपेक्षाएं

(क) भवनों के फर्श स्थान को सामग्री/मशीनरी से खचाखच नहीं भरा जाएगा। पर्याप्त स्थान की व्यवस्था की जाएगी जिससे कि प्रत्येक आपरेटर अन्य कर्मकारों/मशीनों को बाधा पहुंचाए बिना अपने कर्तव्यों का पालन कर सके।

(ख) पर्याप्त पार्श्ववीथी स्थान की व्यवस्था की जाएगी और कर्मशाला मंजिलों और संयंत्रों के बीच आन्तरिक परिवहन और कार्मिक संचलन को सुकर बनाने के लिए स्पष्ट रूप से सीमांकित किया जाएगा। अन्य क्षेत्रों में उपयुक्त गलियारे स्थान की व्यवस्था की जाएगी।

(7) विवृत/ऊंचे स्थानों का संरक्षण

(क) सभी विवृत स्थानों का जैसे कूपकों, विपाट द्वारा रोक और प्रवेश छिद्रों का जिनमें व्यक्ति घटनावश गिर सकता है, उपयुक्त रूप से संरक्षण किया जाएगा।

(ख) संरक्षण के लिए स्थानान्तरणीय स्थायी रेलिंगों का उपयोग किया जाएगा। मानक रेलिंगों की ऊंचाई तल स्तर से उपरि शलाके की उच्चतर सतह तक कम से कम 105 सें० मी० होगी और उनके स्तंभ अलग-अलग 2 मी० से अनधिक के होंगे तथा मध्य का शलाका तल और उपरि शलाके के बीच बीचों बीच होगा।

(ग) वस्तुओं को निचले तल पर गिरने और दुर्घटनाएं होने से रोकने के लिए कम से कम 15 से० मी० ऊंचाई वाले टो बोर्डों की व्यवस्था की जाएगी।

(घ) ऊंचे स्थानों का जैसे चबूतरों, बारजों और जीना पेड़ियों का जहां से व्यक्ति घटनावश गिर सकता है प्राकार प्राचीर जिसकी ऊंचाई कम से कम 105 सें० मी० होगी या तो बोर्ड संरक्षण सहित मानक रेलिंग की व्यवस्था करके प्रभावी रूप से संरक्षण किया जाएगा।

(8) ऊंचे क्षेत्रों के लिए सुरक्षित मार्ग

(क) भवन के सभी ऊंचे मानो के लिए, जैसे छतो और चबूतरों, ऊंचाई मे स्थित क्रेन कैबिनों, क्रेन मार्गों और पुलों, टंकियों और बायलरों के शीर्षों, उत्थापक मशीन कक्षों, मध्यतल फ्लोरों और अन्य समरूप अवस्थानों के लिए, सुरक्षित मार्ग की व्यवस्था की जाएगी। ऐसी व्यवस्था सीढ़ियों या स्थिर सोपानों के माध्यम से की जाएगी।

(ख) सभी सीढ़ियों और पौड़िया पर्याप्त सामर्थ्य की होगी जिससे के वे चार की सुरक्षा के साधन सहित कम से कम 300 कि० ग्रा०/एम^2 का वास्तविक भार सहन कर सकें।

(ग) किसी सीढ़ी मार्ग का ढालान क्षतिज से 30-350 के बीच होगा। प्रत्येक सीढ़ी मार्ग पर पावड़ी और आरोह एक समान चौड़ाई और ऊंचाई के होंगे।

(घ) पावड़ियां, गोल किनारों या उभरे भागों को छोड़कर चौड़ाई में 24 सें० मी० से कम की नहीं होगी। अफिसलन प्रकार (2.5 सें० मी० चौड़ा) के गोल किनारे की व्यवस्था की जाएगी। ऊंचाई में आरोह 20 सें० मी० से अधिक नही होगे न ही 13 सें० मी० से कम होंगे।

(ङ) चार या उससे अधिक आरोह वाले सीधे जीनों के लिए एक रेलिंग होगी जिसकी उर्ध्व ऊंचाई पावड़ी स्तर से ऊपरी अलोक की उच्चतर सतह तक 90 सें० मी० होगी। हर दस से बारह पावड़ियों के पश्चात् एक पेड़ी की व्यवस्था की जाएगी।

(च) स्थिर सोपान ठोस सामग्री के होंगे और उनकी रूपरेखा पांच की सुरक्षा के साधन सहित लगभग 90 कि० ग्रा० वजन के केन्द्रित वास्तविक भार के लिए होगी। सोपानों की सुस्थित कम से कम छह मास में एक बार सुनिश्चित की जाएगी।

(छ) स्थिर सोपानों को क्षतिज से 75० से 90० के बीच कोण बनाकर संस्थापित किया जाएगा। सोपान के डण्डों की व्यवस्था 30 सें० मी० के एक समान अन्तराल पर की जाएगी। वे उपयुक्त व्यास के होंगे।

(ज) सोपान के पीछे 18 सें० मी० के अन्यून का स्थान होगा। सोपान के डण्डों के अग्र भाग से उसके चढ़ने वाले भाग की ओर निकटतम स्थायी वस्तुओं तक की दूरी 75 सें० मी० से कम नहीं होगी।

(झ) सोपान से एक सुरक्षा चढ़ाई युक्ति या 65 सें०मी० चौड़ा और 65 से०मी० गहरा जो तल भूतल से 2.2 मी० पर आरम्भ होगी, एक पिंजर की व्यवस्था होगी।

(9) ढलवां मार्ग : ढलवां मार्ग ऐसे बनाए जायेंगे जिनमें कम से कम ढलान हो और 15० से अधिक न हो। ढलवां मार्गों की एसी सतह फिनिश दी जाएगी जिसमे फिसलन नही होगा।

(10) चिन्ह : जहां तल स्तरों में भिन्नता हो वहां व्यक्तियों को यात्रा करने से रोकने के लिए चेतावनी के रूप मे पीली और काली तिर्यक पट्टि या अन्तरापृष्ठ पर सहजदृश्य रूप से अंकित की जाएंगी। विभाजकों/दरवाजों के रूप में प्रयुक्त बड़े कांचों को व्यक्तियों द्वारा उन्हें तोड़ने से रोकने के लिए सहज दृश्य रूप से सूचकों सहित चिन्हित किया जाएगा।

(11) कृत्रिम छत : जहां-जहां व्यक्ति कृत्रिम छतो पर पहुच सकते हैं वहां-वहां कृत्रिम छत के डिजाइन मे अनुरक्षण कार्मिक के उपयोग के लिए पर्याप्त सामर्थ्य का एक मार्ग सम्मिलित होगा। यह नाजुक छत सामग्री से स्पष्ट रूप से सुभिन्न होगा।

(12) पाइप लाइनों के लिए वर्ण कोड : प्रमुख और संयंत्र पाइपलाइनों को अनुसूची 'ख' में अधिकथित वर्ण कोड़ों के अनुसार पेन्ट किया जाएगा।

(13) संवातन : सभी बन्दकृत क्षेत्रों तथा कार्य संस्थानों के लिए और ऐसे क्षेत्रों के लिए जहां परिसंकटमय सामग्री संचित की हुई है यथोचित संवातन की व्यवस्था की जाएगी। सक्षम प्राधिकारी समय-समय पर उतनी संख्या में वायु परिवर्तन प्राधिकृत कर सकेगा जितनी विभिन्न क्षेत्रों/संक्रियाओं के लिए व्यवस्था की जाने के लिए अपेक्षित हो।

(14) प्रकाश व्यवस्था. यथोचित प्रकाश व्यवस्था की जाएगी जिससे कि सभी कार्य सुरक्षित रूप से और आखों पर अनावश्यक जोर डाले बिना किए जाएं। दीपो का प्रकार और तीव्रता की जाने वाली संक्रिया की प्रकृति पर आधारित होगी। सक्षम प्राधिकारी समय समय-पर प्रकाश व्यवस्था के ऐसे मानक स्तर नियत करेगा जो विभिन्न अधिभोगों/संक्रियाओं के लिए अपेक्षित हो।

(15) तड़ित संरक्षण : सामरिक महत्व के सभी भवनों और खड़ी संरचनाओं के लिए तड़ित संरक्षण की व्यवस्था की जाएगी। यह ऐसे भवनों के लिए जिनमे खतरनाक संक्रियाएं की जाती हैं, ज्वलनशील सामग्री विनिर्मित संचित की जाती है संभाली जाती हैं या उनका उपयोग किया जाता है तेलों, पेंटों या अन्य ज्वलनशील द्रवों से युक्त संग्रह टंकियों के लिए भी व्यवस्था की जाएगी।

10. भवन निर्माण और अनुरक्षण .

(1) उत्खनन :

(क) भूमिगत उपयोगी वस्तुओं को, जैसे जल प्रणाली और केबलों को उत्खनन के दौरान जमाया जाएगा और संरक्षित किया जाएगा।

(ख) कर्मकारों के उत्खनन के अन्दर जाने और बाहर जाने के लिए यथोचित व्यवस्थाए की जाएगी।

(ग) सोपानों या क्रमिक फिसलरियों की व्यवस्था के रूप में उत्खनन सतहों को यथोचित रूप से ढलवां बनाया जाएगा। जहां यह संभव नहीं है, यथोचित टेक-मंडियों और अवलंबों की व्यवस्था की जाएगी।

(घ) खाइयों और अन्य उत्खननों के किनारों के तलोच्छिन से बचा जाएगा। यह सतह के ऊपर मिट्टी के काम पर भी लागू होगा।

(ङ) सामग्री के खाई से फिसल कर जाने से रोकने के लिए उत्खात सामग्रियो को खाई के किनारे से दूर एकत्र किया जाएगा।

(च) उत्खननों को व्यक्तियों और पशुओं के उनमें गिरने से संरक्षित करने के लिए समुचित रूप से बाड़ लगायी जाएगी। रात के समय चेतावनी के लिए बाड़ों पर लाल बत्तियों की व्यवस्था की जाएगी।

(छ) उत्खनन की खाइयों में पानी जमा नही होने दिया जाएगा।

(2) मचान और मंच :

(क) मचान और उनके भाग जैसे अवलंब और मंच उस प्रयोजन के लिए जिसके लिए वे अभिप्रेत हैं ठोस संनिर्माण ठोस सामग्री के और पर्याप्त सामर्थ्य के होंगे : उनके सतत सुस्थिति सुनिश्चित करने के लिए उन्हें उचित रूप से अनुरक्षित रखा जाएगा।

(ख) कोई भी पट्टा ढीला नही रखा जाएगा जिससे कि चलते समय पट्टे का एक सिरा ऊपर न उठ सके। मचानो, मंच और अवलंबों के संनिर्माण मे प्रयुक्त कीले बृहत आकार और प्रत्येक जोड़ पर पर्याप्त संख्या मे होंगे। कीले आधार टुकड़े में कील के व्यास के कम से कम बारह गुना गहराई तक अन्दर प्रवेश करेंगे।

(ग) मचान पर पहुचने के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक साधन की व्यवस्था की जाएगी। पहुंचने के साधन युक्त सोपान, ढलवां मार्ग या सीढ़ी मार्ग होगा।

(घ) सभी मंच, मार्गवीथी, आदि अनावश्यक बाधा, सामग्री कूड़े और निकले हुए कीलों से मुक्त होंगे। इन्हे सदा अफिसलन दशा में बनाए रखा जाएगा।

(ङ) मचानों के किनारों पर रक्षी शलाकों की सदैव व्यवस्था की जाएगी। रक्षी शलाकें ऊंचाई में 3-6 मी० से अधिक नहीं होंगे। यह ऊंचाई अवलम्बन क्षेत्र के तल से मापी जाएगी।

(च) मचानों पर उपयोग किए गए पट्टे, उपयोग किए गए पटरों की मोटाई के चार गुने से अधिक दूरी पर अंतिम अवलंबों से अधिक निकले नहीं होंगे।

(3) सुवाह्य सोपान :

(क) सोपान उसके आशयित उपयोग के लिए यथोचित ठोस सन्निर्माण और सामर्थ्य का होगा। डण्डे समान्तर, समतल और 30 से० मी० के अंतराल पर एक सा होंगे।

(ख) सोपानों का निरीक्षण नियमित रूप से किया जाएगा, और जब इस प्रकार बताया जाए तब उनकी तुरन्त मरम्मत की जाएगी। काष्ठ के सोपानों को पेंट नहीं किया जाएगा। सामग्री के क्षय होने से परिरक्षित रखने के लिए पतले बीज तेल या साफ वार्निश का उपयोग किया जाएगा।

(ग) विस्तारी आधारों सहित सभी सोपानों को, जैसे पैडी और थूनी सोपानों को उनके असमय खुलने या बंद होने के लिए दृढ़ विस्तार को या अन्य साधनों से सुसज्जित किया जाएगा।

(घ) सुवाह्य सोपानों का उपयोग ऐसे अंतराल से किया जाएगा कि दीवाल से सीढ़ी के पाद तक का क्षेतिज अन्तर बहुत कम होगा किन्तु अवलंबों के बीच की सीढ़ी की लंबाई के एक चौथाई से अधिक नहीं होगा।

(ङ) लंबाई में 9 मी० से अधिक वाले एकल सुवाह्य सोपानों का उपयोग नहीं किया जाएगा।

(च) धातु के सोपानों का उपयोग विद्युत लाइनों के आसपास या ऐसे स्थानों में जहां वे ऐसे तारों के संपर्क में आ सकते हैं, प्रतिषिद्ध होगा।

(4) क्रेन :

(क) क्रेनों का प्रचालन केवल ऐसे प्रशिक्षित व्यक्तियों द्वारा किया जाएगा जो सुप्रशिक्षित और अनुभवी हों। आपरेटर क्रेन को प्रचालन में लाने से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी सुरक्षित युक्तियां उचित रूप से कार्य कर रही है।

(ख) एक चल क्रेन प्रचालित किया जाएगा जिससे कि उसका कोई भी भाग 3 मी० से कम निकट वाली सक्रिय विद्युत लाइनों तक न पहुंच सके। भार उठाते समय ऐसा क्रेन समतल भूमि पर अवस्थित किया जाएगा।

(ग) मानक संकेतिक का उपयोग किया जाएगा और आपरेटर, क्रेन प्रचालन के दौरान केवल एक व्यक्ति से संकेत ग्रहण करेगा। संभाव्य दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सिगनल वाले भरावों, खदानों, गर्तों, प्रतिच्छेदनों या किसी ऐसे अन्य स्थान जहाँ आवश्यक हो, में उपस्कर संचलन के लिए निदेश देंगे।

(घ) भारों पर स्लिंग ग्रंथियां अनुभवी व्यक्तियों के पर्यवेक्षण के अधीन की जाएंगी।

(ङ) किसी भी व्यक्ति को किसी भार के नीचे काम करने या चलने की अनुज्ञा नहीं की जाएगी।

(च) किसी क्रेन का पूरा निरीक्षण और भार परीक्षण किसी सक्षम व्यक्ति द्वारा प्रत्येक बारह मास में कम से कम एक बार किया जाएगा। परीक्षण के प्रयोजन के लिए उपयोग किया जाने वाला भार निम्नलिखित रूप से होगा :—

सुरक्षित कार्यकरण भार	परीक्षण भार
20 टन तक	25 प्रतिशत से अधिक
20-50 टन	5 टन से अधिक
50 टन से अधिक	10 प्रतिशत से अधिक

(5) कंकरीट भरना और सीमेंट लगाना :

(क) सभी प्रकार के उत्थापन और शटरिंग, उचित पर्यवेक्षण के अधीन संचालित किए जायेंगे। किसी ऊंचाई पर काम करते समय कर्मकार उपयुक्त सुरक्षा पेटियों का उपयोग करेंगे।

(ख) शटरिंग और अवलंबी संरचनाएं पर्याप्त सामर्थ्य की होंगी। कंकरीट डालने से पहले इसको सुनिश्चित कर दिया जाएगा।

(ग) सीमेंट या कंकरीट का व्यवहार करने वाले कर्मकार अपने पैरों और हाथों को सीमेंट के प्रभावन से संरक्षित करेंगे।

(घ) मिश्रक गियरों, जंजीरों और रोलरों पर समुचित गार्डों और आच्छादनों की व्यवस्था की जाएगी।

(ङ) गाद को ले जाने के लिए प्रयुक्त सभी पाइपें और होजें पर्याप्त सामर्थ्य की होंगी जिससे कि वे उस अधिकतम दाब को, जो संक्रियाओं के दौरान पहुंचने की संभावना हो सहन कर सकें।

(6) वैल्डन और कर्तन :

(क) वैल्डन और गैस कर्तन वहां नहीं किया जाएगा जहां ज्वलनशील सामग्री के जलने या विस्फोट होने का खतरा है।

(ख) वैल्डन और गैस कर्तन केवल प्राधिकृत और अर्हित व्यक्तियों द्वारा किया जाएगा।

(ग) परिरुद्ध स्थानों में वेल्डन करते समय या जस्ता, पीतल काट्य जस्ती या सीसा लेपित सामग्री का भ्रेजन, कर्तन या वल्डन करते समय यथोचित संवातन की व्यवस्था की जाएगी।

(घ) वल्डन या कर्तन के लिए त्रुटिपूर्ण टार्च या होज का उपयोग नहीं किया जाएगा। किसी क्षरण की ज्वाला के जाने के पूर्व जांच की जाएगी।

(ङ) टार्च को तब तक बंद नहीं किया जाएगा जब तक कि गैसों को पूर्ण रूप से बंद नहीं किया गया हो। यह नियामक या अन्य उपस्कर में वहां निरुद्ध नहीं किया जाएगा जहां यह गैस सिलिण्डरों के पार्श्व के संपर्क में आ सकता हो।

(च) वैल्डन करते समय वल्डकों द्वारा उपयुक्त संरक्षण अवरक पहने जायेंगे। क्षतिकर किरणें अन्य व्यक्तियों को संरक्षण करने के लिए रोधों का निर्माण किया जाएगा। वैल्डकों की सहायता करने वाले व्यक्ति बड़े चश्मों का उपयोग करेंगे।

(छ) वैल्डन या कर्तन करते समय लोहे के दस्ताने पहने जाएंगे। बाह्य पोशाकें तेल और ग्रीज से मुक्त होंगी।

(ज) आक्सी एसिटिलीन वैल्डन में, तेल या ग्रीज को गैस सिलिण्डर के नियामकों या गैस वैल्डन उपस्कर के संबंधनों के संपर्क में नहीं आने दिया जाएगा। रंगहीन गैस वाले सिलिण्डरों को खड़े रखे जायेंगे। सिलिण्डरों को सीधे सूर्य के प्रकाश से संरक्षित किया जाएगा।

(झ) गैस प्रदाय का प्रयोग तब ही किया जाएगा जब उसे जलाने के लिए व्यक्ति तैयार हो।

(ञ) उच्च स्थानों में वैल्डन या कर्तन किया जाए तब, व्यक्तियों या ज्वलनशील सामग्री पर चिनगारियों या तप्त धातु गिरने से रोकने के लिए पूर्वावधानियां बरती जाएंगी।

(ट) जब विद्युत वैल्डन ज्वलनशील वस्तु ले जाने वाली पाइप लाइनों के निकट किया जाए तब ऐसी पाइप लाइनों का उपयोग भू-चालक के भाग के रूप में नहीं किया जाएगा, किन्तु एक पृथक भू-चालक कार्य से सीधे मशीन में जोड़ा जाएगा।

(ठ) इलक्ट्रोड या विद्युत वैल्डन उपस्कर के अन्य सक्रिय भागों के साथ वैयक्तिक संपर्क से बचा जाएगा।

(ड) भूमि से इलैक्ट्रोड का आकस्मिक संपर्क रोकने के लिए अधिकतम सावधानी बरती जाएगी।

(ढ) धातु मल काटते समय उपयुक्त बड़े चश्मे पहने जाएंगे।

(7) उपरि विस्तारों की सफाई : भवनों के उपरि विस्तारों पर भीतर और बाहर दोनों पर सफाई सक्रियाएं करने के लिए प्रक्रिया व्यक्तियों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पहले ही से तय कर ली जाएंगी।

(8) अधिक ऊंचाई वाले स्थानों का अनुरक्षण : सीमित पहुंच वाले ऊंचे स्थानों पर अनुरक्षण कार्य करने वाले व्यक्तियों के लिए कार्य के लिए सुरक्षित प्रक्रियाएं पहले ही से अधिकथित की जाएंगी।

(9) रंग रोगन :

(क) ऊंचाई पर कार्य करने वाले व्यक्ति सुरक्षा पट्टियों का उपयोग तब तक करेंगे जब तक कि वे पिंजरों में सुरक्षित रूप से लटक नहीं जाते।

(ख) नेत्र संरक्षण के लिए बड़े चश्मे वहां पहने जायेंगे जहां पपड़ियां और जंग उतारे जाते हों।

(ग) उस समय पर्याप्त चेतावनी और खतरा संकेत लगाए जायेंगे जब आदमी ऊंचाई पर काम कर रहे हों। जब ऊंचाई पर काम किया जाता है तब सामग्री गिराते समय समुचित पूर्वावधानियां बरती जाएंगी।

(घ) बड़ी वस्तुओं के जैसे टंकियों के फुहार रंग रोगन में लगे हुए पेंटर, फुहार पेंट करने के लिए दैशिक वायु का इस्तेमाल करेगा। यदि प्राकृतिक संवातन अपर्याप्त है तो वायु चोकनियों का उपयोग किया जाएगा अन्यथा पेंटरों द्वारा उपयुक्त प्रकार का श्वसन संरक्षण पहना जाएगा।

(ङ) रंगरोगन के दौरान धूम्रपान प्रतिषिद्ध होगा। तरल द्रावक और पेंट मुद्राबंद आधानों में रखे जायेंगे।

11. सामग्री का भंडारण :

(1) साधारण :

(क) परिसंकटमय सामग्रियों की प्रत्येक मद को उसके गुणधर्मों के सुउपयुक्त पर्यावरण में संग्रह किया जाएगा। सामग्रियों को समूहबद्ध किया जाएगा जो पारस्परिक योग्यता पर इस प्रकार आधारित होगा कि सुरक्षा की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उपलब्ध स्थान का उचित उपयोग किया जाए। अन्य कानूनी उपबंधों का जैसे भारतीय विस्फोटक अधिनियम, 1884, पैट्रोलियम अधिनियम, 1934 और ज्वलनशील पदार्थ अधिनियम, 1952 का जहां-जहां वे लागू हों अनुपालन किया जाएगा।

(ख) भंडारकरण क्षेत्र में परिसंकटमय सामग्रियों के भंडारकरण के लिए पर्याप्त प्राकृतिक संवर्तन उपलब्ध किया जाएगा। इस प्रयोजन के लिए पील/जी०आई० जाल के आच्छादनों सहित आर०सी०सी० रोशनदानों की व्यवस्था की जाएगी जिससे कि रोशनदान वर्षा के जल के प्रवेश करने से रोकें और जाल जन्तुओं का प्रवेश करने से रोकें।

(ग) उपयुक्त प्रकार की ज्वाला/विस्फोट सह विद्युत फिटिंगों की ऐसे क्षेत्रों में व्यवस्था की जाएगी जहां तक अधिक मात्रा में ज्वलनशील सामग्री संग्रह की गई है। ऐसे क्षेत्रों में जहां संक्षारक रसायन संग्रह किए गए हैं विद्युत फिटिंगों संक्षारक सह होंगी।

(घ) भंडारकरण क्षेत्र में धूम्रपान पूर्णतः प्रतिषिद्ध होगा। पदार्थ पर प्रभाव डालने वाली प्राकृतिक शक्ति उत्पन्न करने वाले खुले ज्वाल या कोई चिंगारी भंडारकरण क्षेत्र में अनुज्ञात नहीं की जाएगी।

(2) ज्वलनशील द्रव :

(क) अधिक मात्रा में ज्वलनशील द्रवों के लिए भंडारकरण क्षेत्र को अंतराल देकर अलग कर दिया जाएगा जिससे कि वहां आग लग जाने पर उससे महत्वपूर्ण भवनों को खतरा न हो।

(ख) अधिक मात्रा में अति ज्वलनशील द्रवों का भंडारकरण केवल अनुमोदित सन्निर्माण की टंकियों में किया जाएगा। टंकियों को भरते समय पर्याप्त खाली स्थान रखा जाएगा। वाष्पों के निकलने के लिए उपयुक्त छिद्रों की व्यवस्था की जाएगी।

(ग) अधिक मात्रा में द्रवों वाली संग्रह टंकियों का स्तर सूचित करने के लिए उपयुक्त युक्तियों की व्यवस्था की जाएगी।

(घ) खुले आधानों में ज्वलनशील द्रवों का भंडारकरण प्रतिषिद्ध होगा। ज्वलनशील द्रवों के लिए पीपों और आधानों को हर बार इस्तेमाल के पश्चात और वे जब खाली हों तब, मुद्रा बंद कर दिया जाएगा।

(ङ) ज्वलनशील द्रवों को 1.9 मीटर से अनधिक ऊंचे इस्पात के रैकों पर बिल्कुल नए आधानों में संग्रह किया जाएगा। निम्न भाग और फर्श के बीच कम से कम 30 सें०मी० का अन्तर बनाए रखा जाएगा। ज्वलनशील द्रव का कुल 190 लीटर से अनधिक संग्रह करने के लिए अलमारियों का उपयोग किया जाएगा। किसी भी उपधान की धारिता क्षमता 20 लीटर से अधिक नहीं होगी।

(च) छोटे आधानों के लिए अनुमोदित भंडारकरण क्षेत्रों में उपयुक्त हौजों की व्यवस्था की जानी चाहिए। जिससे कि द्रव, जब वह छलके, भंडारकरण रैकों के नीचे न फैले। ज्वलनशील द्रवों का वितरण भंडारों के भीतर अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

(छ) भंडारकरण क्षेत्र में प्राकृतिक संवातन के लिए यथोचित व्यवस्थाएं की जाएंगी। विलायक वाष्पों की, जो सामान्यतः वायु से अधिक भारी होते हैं, शीघ्र निकासी करवाने के लिए फर्श और छत-स्तर दोनों पर रोशनदानों की व्यवस्था की जाएगी।

(ज) किसी पोषण को ग्रहण करने के पूर्व उसकी जांच की जाएगी कि क्या भंडारकरण के लिए आधान अच्छी दशा में है और त्रुटिपूर्ण आधानों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(झ) धूम्रपान और माचिसों, लाइटरों और चिनगारी उत्पन्न करने वाली युक्तियों का भंडारकण क्षेत्र के भीतर ले जाना प्रतिषिद्ध होगा।

(3) क्षारीय धातुएं :

(क) अधिक मात्रा में क्षारीय धातुओं के लिए भंडारकरण क्षेत्र को अंतराल देकर अलग कर दिया जाएगा जिससे कि वहां विस्फोट हो जाने पर उससे महत्वपूर्ण भवन प्रभावित न हों।

(ख) भंडारकरण क्षेत्र ठोस सन्निर्माण के होंगे। उचित अवस्थान द्वारा और उठे हुए फर्शों की व्यवस्था करके बाढ़ की संभावनाओं को समाप्त कर दिया जाएगा।

(ग) इन सामग्रियों के भंडारकरण के लिए अभिप्रेत भवनों के सन्निर्माण के दौरान वर्षा के जल को घुसने की संभावना से बचने के के लिए विशिष्ट सावधानी बरती जाएंगी। ढलवां छत की व्यवस्था की जाएगी जिससे कि जल रिसाव से बचा जाए।

(घ) कक्ष में भंडारकरण आयतन के 1 एम^2/15 एम^3 के अनुपात में एक विस्फोटक निकास की व्यवस्था की जाएगी।

(ङ) क्षारीय धातु आधानों को सीमेंट खंडों या ऊंचे मंचों पर संग्रह किया जाएगा। क्षारीय धातुओं के आधानों को संक्षारक वातावरण में संग्रह नहीं किया जाएगा।

(च) जल कनेक्शन भवन में उपलब्ध नहीं होगा।

(छ) "धूम्रपान निषेध" चेतावनी के अलावा जल का उपयोग प्रतिषिद्ध करते हुए उपयुक्त चेतावनी प्रदर्शित की जाएगी।

(ज) शुष्क रसायन पाउडर प्रकार के अग्निशामक भंडारकरण क्षेत्र में उपलब्ध होंगे।

(झ) अधिक मात्रा वाले भंडारकरण क्षेत्र से लगे हुए एक ऐसे विसरण क्षेत्र की व्यवस्था की जाएगी जो ऐसी सब अपेक्षा सहित जो अधिक मात्रा वाले भंडारकरण क्षेत्रों को लागू है, होगा। विसरण क्षेत्र को एक ठोस दीवाल द्वारा भंडारकरण क्षेत्र से अलग किया जाना चाहिए।

(ञ) क्षारीय धातुओं के बिल्कुल नए आधानों की किसी त्रुटि संक्षारण के लिए कालिकत जांच की जाएगी और विकृत आधानों को तुरन्त बदल दिया जाएगा।

(4) संक्षारक और जारण रसायन

(क) अम्ल भंडारकरण क्षेत्र में फर्श पर बिछायी जाने वाली वस्तु अम्लसह होगी।

(ख) संक्षारक बाष्पों को हटाने के लिए निर्वातिक संवातन की व्यवस्थाएं की जाएंगी।

(ग) अम्ल वेष्टकृपिया (कारबायस), जहां तक संभव हो, फर्श पर दिए गए कम से कम 7.5 से०मी० मोटे बालू के तह पर या सीमेंट के दराजों में रखी जाएंगी।

(घ) क्षारीय पदार्थों की दशा में, प्रत्येक मद को अलग-अलग संग्रह किया जाएगा। 2 से अधिक की ऊंचाई पर कम संग्रह नहीं किए जायेंगे। एक मीटर से अधिक की ऊंचाई पर थैले संग्रह नहीं किए जायेंगे।

(ङ) कोई आधान ग्रहण करने के पूर्व उसकी जांच की जाएगी कि क्या भंडारकरण के लिए यह अच्छी दशा में है और त्रुटिपूर्ण आधानों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(च) जारण कर्मकों को 1.9 मी० से अधिक ऊंचे इस्पात के रैकों पर बिल्कुल नए आधानों में संग्रह किया जाएगा। कोई भी ज्वलनशील सामग्री जारण कर्मकों के निकट नहीं लायी जाएगी या छोड़ी जाएगी।

(छ) जहां (जहां संक्षारक सामग्री संग्रह की/संभाली जाती है आपात फुहारों की व्यवस्था की जाएगी। वे बड़े आकार के होंगे, ऊपर से सीधे कम बेग से गिरेंगे जिससे कि कोई व्यक्ति पूर्णतः और सतत भीग सके। इस लाईन में केवल कार्य करने वाले वाल्व का उपयोग किया जाएगा।

(ज) संक्षारक और जारण रसायनों के आधानों की किसी त्रुटि के संक्षारण के लिए कालिकतः जांच की जाएगी और विकृत आधानों को तुरन्त बदल दिया जाएगा।

(5) विषैली सामग्री

(क) सभी विषैले पदार्थ 1.9 मी० ऊंचे मानक रैकों पर बिल्कुल नए आधानों में ही संग्रह किए जाएंगे। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लेबिल अक्षुण्ण है और उनमें सभी सुसंगत जानकारी है।

(ख) विषैली सामग्री को अलग-अलग और अन्यत्र आग लगने पर उससे उन्हें बचाने के लिए अन्य भंडारकरण क्षेत्र से दूर संग्रह किया जाएगा। इन सामग्रियों के स्टाक पर उचित प्रशासनिक नियंत्रण होगा।

(6) विस्फोटक

(क) विस्फोटकों और अग्निस्फोटप्रेरकों को, भारतीय विस्फोटक अधिनियम 1884 के अधीन अनुमोदित प्रकार के अग्निसह और मौसमसह मैगजीनों में अलग-अलग संग्रह किया जाएगा।

(ख) मैगजीनों के अवस्थान मुख्य सड़कों और अन्य भवनों से दूर होंगे।

12. अग्नि परित्राण

(1) साधारण

(क) किसी भी भवन का डिजाईन इस प्रकार का होगा और उसके संनिर्माण में उपयोग की गई सामग्रियों का प्रकार ऐसा चुना जाएगा कि भवन अग्निरोधी हो और अग्नि धूम या वाष्पों का फैलाव न हो। सुसंगत अग्नि सुरक्षा नियमों और विनियमों के उपबंध लागू किए जाएंगे।

(ख) भवनों के संनिर्माण में उपयोग की गई ज्वलनशील वस्तुओं की मात्रा कम से कम होगी। दीवार और छतों पर ज्वलनशील मलह फिनिशों का उपयोग आग के शीघ्र फैलाने में सहायक बन सकता है। अतः उनका उपयोग सावधानी पूर्वक नियन्त्रित किया जाएगा।

(ग) भवनों के संरचनात्मक संघटक, जहां तक संभव हो अग्निरोधी होंगे, उनका अग्नि निर्धारण इस उपयोग पर आधारित होगा जिसके लिए संरचना काम में लायी जाएगी।

(घ) वातानुकूलन और संवातन तन्त्र का संस्थापन इस प्रकार किया जाएगा कि अग्नि धूम्र या वाष्पों के एक फ्लोर या अग्नि क्षेत्र से दूसरे में फैलने का खतरा कम से कम हो।

(ङ) कार्यशाला क्षेत्रों में, ज्वलनशील वस्तुओं की मात्रा कार्य अपेक्षाओं के अनुरूप कम से कम रखी जाएगी, अधिक मात्रा पृथक भंडारकरण क्षेत्रों में रखी जाएगी।

(च) माचिसों, सिगरेट लाईटरों या ज्वाला उत्पन्न करने वाली अन्य वस्तुओं का ऐसे सभी स्थानों में ले जाना प्रतिषिद्ध होगा जहां विस्फोटक, ज्वलनशील या अति ज्वलनशील सामग्री संग्रह की या संभाली जाती है। धूम्रपान भी प्रतिषिद्ध होगा और "धूम्रपान निषेध" का संकेत प्रदर्शित किया जाएगा।

(छ) आग या अन्य कोई बुरी घटना का शीघ्र पता चलाने में सहायता करने के प्रयोगशालाओं सर्वरों आदि के सभी द्वारों पर अवलोकन खिड़कियों की व्यवस्था की जाएगी।

(2) आग का पता चलाना और उसे बुझाना

(क) सभी कार्यकरण क्षेत्रों में आग के खतरे के संकेतों की व्यवस्था सुविधाजनक आस्थानों पर की जाएगी जिससे कि आग को बुझाने में तुरन्त कार्यवाही की जा सके।

(ख) अति और सामान्य अग्नि परिसंकट से सहयुक्त सभी क्षेत्रों को पर्याप्त क्षमता और सामर्थ्य से शीघ्र आग का पता चलाने और आग के खतरे का संकेत से संबंधित तन्त्रों से लैस किया जाएगा। संकेतक भवनों में के सभी व्यक्तियों के स्पष्टतः सुन सकने के योग्य होंगे, जब कभी भी खतरे का संकेत उसके किसी भाग में ध्वनित किया जाए।

(ग) प्रत्येक कार्य एककक द्वारा अपेक्षित अग्निशामक उपस्कर की संख्या और प्रकार अग्नि सेवा कार्मिकों के परामर्श से निश्चित किया जाएगा। सुवाह्य या प्राथमिक उपचार अग्निशामक जल सेचक तन्त्र जहां-जहां प्रस्तावित किया जाए, संस्थापित किए जाएंगे।

(घ) आग के बुझाने के लिए पूर्वअवधारित दाब सहित यथोचित जल प्रदाय सब समय बनाए रखा जाएगा।

(ङ) अग्नि बम्बे उपलब्ध रहेंगे और उन्हें इस प्रकार अवस्थित या संरक्षित किया जाएगा कि यानों के चलने फिरने से उन्हें नुकसान न होने पाए।

(च) ऐसे गोदों, मलों, जो अन्यथा इकट्ठे हो गए हों, हटाने के लिए निरन्तर अंतरालों पर भम्बों और प्रवाय पाईपों को पानी से साफ कर दिया जाएगा। उनकी तीन मास में कम से कम एक बार जांच की जाएगी।

(छ) संस्थापित करने से पहले आग का पता चलाने वाले अग्निशामक उपस्कर की कालिकत: जांच की जाएगी जिससे कि वे सब समय कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

(ज) सभी सुवाह्य अग्निशामक और अन्य माभिन्न कार्यकरण क्षेत्र मे ज्वलनशील सामग्री की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए सुविधाजनक रूप से और सहजदृश्य रूप में अवस्थित किए जाएंगे।

(3) आग का नियंत्रण

(क) प्रत्येक कार्यकक्ष या क्षेत्रों में नियोजित व्यक्तियों के आकार और संख्या के संबंध में वहां यथोचित संख्या में अग्नि निकासों की व्यवस्था की जाएगी। अग्नि जोखिम वाले क्षेत्रों के लिए, जैसे अधिक ऊंचे फ्लेटों में कार्यकक्षों के लिए जहां बीस से अधिक व्यक्ति कार्य कर रहे है या जहां ज्वलनशील सामग्री संग्रह की जाती हैं, कम से कम दो निकासों की व्यवस्था की जाएगी।

(ख) अग्नि निकासों के द्वार बाहर की ओर से खुलेंगे।

(ग) कोई भी अग्नि निकास चौड़ाई में 90 सें० मी० से कम नहीं होगा और न ही ऊंचाई में 200 से मी० से कम होगा।

(घ) अग्नि बचाव सीढ़ी उस फ्लोर के जहां से वह बाहर निकले जाने के लिए अभिप्रेत है किसी भाग से विचरण की सीमा के साथ-साथ 22 मी० के भीतर होगी। बचाव सीढ़ी ठोस संनिर्माण की और अग्निरोधी सामग्रियों में बनी होगी।

(ङ) कोई भी अग्नि बचाव सीढ़ी क्षितिज से 45 से अधिक कोण पर संनिर्मित नहीं की जाएगी। ऐसे हर सीढ़ी मार्ग में जो अग्नि की दशा में बाहर निकल जाने के साधन प्रदान करता है पर्याप्त हस्त शलाके की व्यवस्था की जाएगी जो यदि सीढ़ी मार्ग में कोई खुला सिरा हो तो, उस तरफ होगा और यदि सीढ़ी मार्ग में दो खुले सिरे हों तो ऐसे हस्त-शलाकों की व्यवस्था दोनों तरफ होगी।

(च) आपात प्रकाश व्यवस्था सहित अग्नि बचाव सीढ़ी की व्यवस्था की जाएगी। इसका संनिर्माण ऐसा होगा कि किसी अग्नि घटना के दौरान वह धूंए से भरी नहीं होगी।

(छ) धूम्र निर्गमन सुविधाएं, जहां जहां खिड़की रहित भवनों, भूमिगत सरचनाओं और बड़े कार्यकरण क्षेत्रों में निकासों के सुरक्षित उपयोग के लिए अपेक्षित हों, स्वत: कार्य करेंगी।

13 मशीन संरक्षण और प्रचालन :

(1) साधारण

(क) मशीनरी के सभी चल मार्गों को, जब कभी ऐसी गति से कार्मिकों के लिए परिसंकट उत्पन्न हो, सुरक्षित किया जाएगा। ऐसा सभी पटियों, चिरणियों, गियरों शाफ्टों, क्लचों, ड्रमों, चक्रों, घिरियों और फर्श या प्रचालन मंच के 2.1 मी० के भीतर ऐसे अन्य सभी घूमने वाले या आगे पीछे चलने वाले भागों से यही अर्थ लगाया जाएगा कि वे कार्मिकों के लिए परिसंकट उत्पन्न करते हैं।

(ख) काष्ठ या अन्य उपयुक्त सामग्री के बने संरक्षण साधन का उपयोग वहां किया जाएगा जहां किसी धातु का संरक्षण साधन परिसंकट उत्पन्न करे।

(ग) हर मशीन पर प्रभावशाली रोक और आरम्भण युक्ति की व्यवस्था की जाएगी इस युक्ति का नियंत्रण ऐसे स्थान पर होगा जिससे कि मशीन का भारसाधक व्यक्ति तुरन्त और सुविधाजनक रूप से प्रचालित कर सके।

(घ) मशीन प्रचालकों और सेवा कार्मिकों द्वारा चुस्त फिटिंग के पोशाकों का उपयोग करवाया जाएगा ढीलाढाला वस्त्र झूलते हुए, कफ, जेवर आदि पहनना प्रतिषिद्ध होंगे। परिक्रामी मशीनरी पर कार्य करने वाली महिला कर्मचारियों के लिए उपयुक्त टोपियों की व्यवस्था की जाएगी।

(ङ) मशीनों को बिना देखरेख चलने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा जब तक कि उन्हें विनिर्दिष्ट रूप से स्वत: प्रचालन के लिए नहीं किया गया हो। किसी मशीन के आघात पार्श्ववीथी स्थानों में विस्तारित नहीं होंगे।

(च) सामग्री का केवल न्यूनतम स्टाक किसी कर्मशाला में संग्रह किया जाएगा। हर चलायमान मशीन के आसपास का स्थान आधाररहित रखा जाएगा।

(छ) हर मशीन के आसपास का फर्श अच्छी और समतल दशा में बनाए रखा जाएगा और उसे फिसलाऊ नहीं होने दिया जाएगा। किसी मशीन कर्मशाला का फर्श टुकड़ों या अन्य खुली हुई सामग्री से मुक्त रखा जाएगा।

(ज) सारे कर्मशाला में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था होगी। कार्य की प्रकृति और प्रत्येक मशीन की अपेक्षाओं के अनुसार प्रकाश-व्यवस्था को स्थानीय प्रकाश-अवस्था करके सुधारा जाएगा।

(झ) रद्दी सामग्रियाँ विनिर्दिष्ट भाधानों में रखी जाएंगी और उनके बाहर निकलने के पहले उन्हें तुरन्त हटा दिया जाएगा।

(ञ) किसी भी व्यक्ति को किसी मशीन पर तब तक काम करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा जब तक कि वह उस कार्य के मशीन के कार्यकरण में उपयुक्त रूप से प्रशिक्षित न हुआ हो, या वह ऐसे किसी व्यक्ति के, जिसे उसके कार्यकरण का पूरा ज्ञान है उपयुक्त पर्यवेक्षण के अधीन काम किया हो।

(ट) अप्राधिकृत व्यक्तियों को मशीनों पर काम करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

(2) मूल गति उत्पादक और संचारण मशीनरी :

(क) मूल गति उत्पादकों और संचारण मशीनरी का प्रचालन ऐसा होगा कि वे कार्मिक के लिए कोई परिसंकट उत्पन्न न करें।

(ख) चक्के, उन चक्कों की गति से जो किसी कारण से निर्दिष्ट की गई है, अधिक गति पर प्रचालित नहीं किए जाएंगे।

(ग) पट्टियों का निरीक्षण एक निश्चित समय पर किया जाएगा और इसका उचित अभिलेख रखा जाएगा।

(घ) निरीक्षण के अन्तर्गत कटावों, गदगी या ग्रीज के एकत्रीकरण, अत्यधिक ढीलापन या तनाव असंरेखण या खिसकने संबंधी जांच होगी। पट्टी बंधन और जकड़नी का भी निरीक्षण किया जाएगा और आवश्यक संप्रेक्षण यह अवधारित करने के लिए किया जाएगा कि उन पर असम्यक दबाव न डाला जाए।

(ङ) आकार, प्रकार या अवस्थान को विचार में लाए बिना सभी गियरों का संरक्षण पूर्णत: घेर कर दिया जाएगा।

(च) सभी शैफ्ट युग्मन इस प्रकार संनिर्मित होंगे कि उनका कोई निर्गत या अतिरिक्त भाग न हो। वे सुरक्षा खोलों से आच्छादित होंगे।

(3) आरा :

(क) चक्र रेंजें स्प्रिंग भारित या उपयोग के पूर्ण उनकी बिलगता सुनिश्चित करने के लिए अन्यथा डिजाइन किए हुए होंगे।

(ख) चक्र या खराद कांटे के आसपास यदि वह बाहर निकला हुआ है जो चोट पहुंचा सकता है तो वृत्ताकार आड़ संस्थापित किए जाएंगे।

(ग) जब इस्पात और ऐसी अन्य सामग्री खरादों पर घुमाई जाती हों तब क्षति से बचने के लिए उचित चिप ब्रेकर का उपयोग किया जाएगा।

(घ) गति में रहने के दौरान खरादों की सफाई नहीं की जाएगी। छीलनों को हटाने के लिए उचित ब्रुश का उपयोग किया जाएगा।

(4) पेषण मशीनें :

(क) पेषण मशीनों में कर्तक के ऊपर उसके साथ आकस्मिक संपर्क रोकने और चिप गार्ड के रूप में भी काम करने के प्रयोजन के लिए बनाए गए किसी धातु या पारदर्शक गार्ड की व्यवस्था की जाएगी।

(ख) औजार के भाग कार्य से हटाए जाने पर स्नेहक लगाया जाएगा।

(5) वृत्ताकार आरे :

(क) ठंडी धातु काटने वाले वृत्ताकार आरों पर एक ऐसा उपयुक्त गार्ड होगा जो काटे जाने वाली वस्तु की मोटाई के अनुसार स्वतः समायोजित कर देगा।

(ख) टेबल के नीचे वाले आरे के भाग को क्षेप्य धातु के संग्रहण के लिए व्यवस्था करके पूर्ण रूप से संरक्षित किया जाएगा।

(ग) पहिए पर सततरूपेण चलने वाले गोल आरों के ऊपर वाले और नीचे वाले चक्र धातु चादर या सख्त जाली के पर्दों से पूर्णतः घिरे होंगे।

(घ) ऊपर के चक्र और आरा टेबल के बीच का आरा-फलक का भाग, गाइड से संलग्न एक सरकवां फिक्सचर से पूर्ण रूप से बंद कर दिया जाएगा। खुले फलक की लंबाई किसी भी समय काटी जाने वस्तु की मोटाई से 9 मि० मी० से अधिक बड़ी नहीं होगी।

(6) घर्षण मशीनें।

(क) अपघर्षी डिस्कों और चक्रों को किसी ऐसे शुष्क क्षेत्र में, जो अत्यधिक तापमान से प्रभावित न हो, संग्रह किया जाएगा। पातन या उच्छालन को रोकने के लिए अपघर्षी डिस्कों और चक्रों को सावधानीपूर्वक संभालना अपेक्षित है।

(ख) हर घर्षण को सावधानीपूर्वक मशीन शैफ्ट से फिट किया जाएगा। चक्र और फलेंज के बीच प्रत्येक पार्श्व पर एक सुरक्षित वाशर लगा या जाएगा जो ठीक आकार का हो।

(ग) मशीन की प्रचालन गति को यह निश्चित करने के लिए जांचा जाएगा कि यह चक्र की अधिकतम अभिकल्प गति से अधिक न हो। यह सुनिश्चित करने के लिए मशीन पर सहजदृश्य रूप से प्रदर्शित एक सूचना होगी जिसमें हर सान या अपघर्षी चक्र की अधिकतम सुरक्षित कार्यकरण परिधीय गति शैफ्ट या स्पिंडल की, जिस पर चक्र चढ़ाया जाता है, गति और ऐसी सुरक्षित कार्यकरण परिधीय गति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक ऐसे शैफ्ट या स्पिंडल पर की घिरनी का व्यास उपदर्शित होंगे।

(घ) अपघर्षीय मशीन को तब तक प्रचालित नहीं किया जाएगा जब तक उसमें एक गार्ड की व्यवस्था न की गई हो।

(ङ) कार्य-अवलंब को उपयुक्त रूप से संनिर्मित किया जाएगा और चक्र के पृष्ठभाग से 3 मि० मी० से अधिक पर दृढ़तापूर्वक कसा जाएगा।

(च) किसी घर्षक को प्रचालित करते समय उचित नेत्र संरक्षण उपस्कर पहना जाएगा।

(7) काष्ठकर्म मशीनरी।

(क) हर वृत्ताकार टेबल आरा में एक प्रसारक, एक स्वयं व्यवस्थायी हुड और हुड (शीर्ष गार्ड) पर अटकी हुए एक उपावप्रहार (ननकिक बैक) युक्ति की व्यवस्था की जाएगी। आरा-टेबल के नीचे आरा फलक के भाग को पूर्ण रूप से घेर दिया जाएगा।

(ख) अनावश्यक जोखिम उठाए बिना काम करने में समर्थ होने के लिए उपयोग के लिए एक दाब चप्टि या अन्य उपयुक्त साधित्र की व्यवस्था की जाएगी।

(ग) पहिए पर सततरूपेण चलने वाले गोल आरे के सभी भागों को, फलक के काम करने वाले भाग को छोड़कर घेर दिया जाएगा।

(घ) पहिए पर सततरूपेण चलने वाले गोल आरे के चक्रों को पूर्ण रूप से घेर दिया जाएगा।

(8) मर्सन मशीन :

(क) फलक के अग्र और पृष्ठ भाग पर स्थिर या स्वयं व्यवस्थायी रोक संस्थापित किए जाएंगे। टेबल और फलक से प्रत्येक रोक के निचले सिरे का अंतर 11 मि० मी० से अधिक नहीं होगा।

(ख) मशीन के खुले सिरों और पृष्ठ भाग पर शलाके संस्थापित किए जाएंगे।

(9) शक्ति चालित मुद्रणालय :

(क) ऐसे शक्तिचालित मुद्रणालयों को, जो पूर्णतः स्वचालित भरण से सुसज्जित नहीं हैं, अपुनरावृत्ति युक्ति से सुसज्जित किया जाएगा।

(ख) जहां पूर्णतः स्वचालित या अर्द्ध-संचालित भरण का उपयोग किया जाता है वहां रैम को पूर्णतः बंद या उसका आयात 11 मि० मी० तक सीमित कर दिया जाएगा या एक द्वारा गार्ड संस्थापित किया जाएगा।

(ग) किसी हस्तचालित मुद्रणालय को निम्नलिखित व्यवस्थाओं में से किसी एक या उससे अधिक द्वारा संरक्षित नहीं किया जाएगा।

(i) बाड़े के तल और कार्य के बीच 11 मि० मी० अनधिक अनुज्ञात करते हुए रैम को पूरी तरह से घेरा जाना।

(ii) रैम आपात की परिसीमा 11 मि० मी० से अधिक न हो।

(iii) द्वार गार्ड नियंत्रण युक्ति से अंतर्गथित होंगे।

(iv) द्विभागी घरकती युक्ति।

(v) एक मार्जन गार्ड।

(vi) विशेष रूप से डिजाइन किए गए हस्त-औजार और हस्तचालित गार्ड

(घ) जहां स्वचालित या पूर्ण भार निष्कासन की व्यवस्था नहीं की गई है वहां मुद्रणालय से सामग्री के सुरक्षित निष्कासन किए जाने के लिए स्ट्रिपरो, वाक-आउट, किक आउट संपीडित वायु जैटों या विशेष हस्ता-औजारों की व्यवस्था की जाएगी।

14. विद्युत उपस्कर :

(1) साधारण :

(क) विद्युत संस्थापनों पर केवल प्रशिक्षित और प्राधिकृत व्यक्तियों को काम करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा।

(ख) भीगे फर्श पर खड़ा होने पर या हाथ भीगे होने पर विद्युत् उपस्कर के प्रचालन से बचा जाएगा :

(ग) जहां जहां संभव हो, परिपथों या नियंत्रण युक्तियों पर कार्य करते समय केवल एक कर्मचारी का उपयोग किया जाएगा।

(घ) विद्युत उपस्कर पर या प्रबल अभिप्रेरित क्षेत्रों के आसपास काम करते समय अंगूठियों, धात्विक घड़ी पट्टियों आदि के पहनने से बचा जाएगा।

(ङ) जब कोई व्यक्ति ऊर्जा पूरित उपस्कर पर काम कर रहा हो तब आपातकाल में उसकी मदद करने में समर्थ एक दूसरा व्यक्ति अवश्य उपस्थित होना चाहिए।

(च) साकेटों में नंगी तारें घुसा कर विद्युत संबंध स्थापित नहीं किया जाएगा। इस प्रयोजन के लिए उपयुक्त प्लगों का उपयोग किया जाएगा।

(छ) विद्युत संस्थापनों पर कालिक विद्युतरोधी परीक्षण (मैगर परीक्षण) किया जाएगा। असाधारण रूप से निम्न पठनों या आकस्मिक परिवर्तनों का सावधानीपूर्वक अन्वेषण किया जाएगा जब परीक्षण किए जाएंगे तब, विद्युत उपस्कर को शक्ति के सभी स्रोतों से पृथक कर दिया जाएगा और टर्मिनलों का पथ लघु कर दिया जाएगा तथा सभी अवशिष्ट विद्युत आवेशों को अपवाहित करने के लिए प्रत्येक परीक्षण के पूर्व और पश्चात् पृथ्वी से संबद्ध कर दिया जाएगा।

(ज) विद्युत उपस्कर के संस्थापन, प्रचालन और अनुरक्षण के संबंध में भारतीय विद्युत अधिनियम, 1910 के अधीन सभी कानूनी अपेक्षाओं और उनके अधीन बनाए गए नियमों का अनुसरण किया जाएगा।

(2) संस्थापन.

(क) सभी विद्युत उपस्कर और संस्थापन ऐसे संनिर्माण के होंगे और इस प्रकार संस्थापित और अनुरक्षित किए जाएंगे जिससे कि वे दोनों सक्रिय चालकों के संपर्क और अग्नि के खतरे को रोक सकें।

(ख) सभी विद्युत उपस्कर के लिए सामग्री का चयन कार्यकरण तनाव, भार का और उपयोग के किसी विशेष अवस्था का सम्यक् ध्यान रखते हुए किया जाएगा।

(ग) नई विद्युत पद्धतियों के संस्थापन के पश्चात् या विद्यमान, संस्थापनों में व्यापक परिवर्तन के पश्चात् जो पर्यवेक्षक की अनुज्ञप्ति सहित किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा जो कार्य में संलग्न व्यक्ति या व्यक्तियों से भिन्न हो नई पद्धति या नए विस्तार को काम में लाने के पूर्व निरीक्षण किया जाएगा।

(घ) जहां विद्युत परिपथों के बंद करना या 50 वोल्ट या उससे अधिक की प्रत्यावर्ती धारा वोल्टता से प्रभावित होने वाले विद्युत उपस्कर के धारा वहन करने वाले भागों को भूसंपर्कित करना असमर्थ या असाध्य हो वहां परिपथ या उपस्कर संस्थापित करके व्यक्तियों या वस्तुओं द्वारा आकस्मिक संपर्क को रोका जाएगा :

(i) ऐसे कक्षों या अहातों में, जिन्हें प्रभावी रूप से भूसंपर्कित किया गया है और केवल प्राधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश योग्य हो, या

(ii) इस प्रकार ऊंचे और व्यवस्थित किए गए वारजो गलियारों या मंचों पर जिससे कि अप्राधिकृत व्यक्तियों की पहुंच न हो सके।

(ङ) ऐसे विद्युत उपस्कर को, जो प्रचालन के दौरान समायोजन या परीक्षा के लिए अपेक्षित है, इस प्रकार संस्थापित किया जाएगा कि निर्विघ्न आधार सहित तुरंत पहुंच योग्य और पर्याप्त कार्यकरण स्थान की सब आवश्यक स्थलों पर व्यवस्था हो सके और उसे बनाए रखा जा सके।

(च) जहां विद्युत ट्रांसफार्मरों, संधारित्रों या अन्य उपस्कर में प्रति टंकी, कक्ष या चैम्बर 5000 लीटर से अधिक तेल है वहां ऐसे उपस्कर को जिसमें तेल है,

(i) औद्योगिक भवनों के बाहर स्थित किया जाएगा, और

(ii) गर्तों नालियों या हौजों के ऊपर इस प्रकार परिनिर्मित किया जाएगा कि आधानों के किसी एक की समस्त अन्तर्वस्तु उसमें एकत्रित हो जाएगी।

(3) भूसंपर्कित किया जाना :

(क) विद्युत केबलों, धातु नलिकाओं और उनके फिटिंगों धात्विक, सुरक्षागार्डों और उपयोग उपस्कर के धाराइतर वहन करने वाले अन्य भागों के कवच और आवरक को प्रभावी रूप से भूसंपर्कित किया जाएगा।

(ख) भूसंपर्कित किए जाने वाले चालक धारा के उस अधिकतम बहाव को जिसके परिणामस्वरूप संरक्षित किया जाने वाले उपस्कर का विद्युत् रोधन भंग हो सकता है सुरक्षित रूप से वहन करने के लिए निम्न प्रतिरोध के और पर्याप्त क्षमता के होंगे।

(ग) जहां अनावृत धातु भागों सहित सुवाह्य विद्युत उपस्कर का उपयोग किया जाता है वहां, विद्युत प्रदाय की प्रत्यावर्ती धारा और दिष्ट धारा पद्धतियों पर प्रचालित उपस्कर के अनावृत्त धातु फ्रेमों को प्रभावी रूप से भूसंपर्कित किया जाएगा।

(घ) जब उपस्कर या चालकों पर मरम्मत या अनुरक्षण कार्य करना हो तब प्रदाय स्रोत से विद्युत उपस्कर या चालकों से संबंध विच्छेद करने के लिए पृथक्कारी स्विचों की व्यवस्था की जाएगी। जब उपस्कर या चालकों को इस प्रकार पृथक कर दिया जाता है तब उन्हें प्रभावी रूप से भूसंपर्कित किया जाएगा और जहां आवश्यक हो, उनका परिपथ लघु कर दिया जाएगा।

(ङ) सभी सुवाह्य विद्युत औजारों और उपस्कर में तीन क्रोड केबलों की व्यवस्था की जाएगी जिनमें से एक भू तार है। औजारों/उपस्कर के लिए विद्युत प्रदाय अच्छी क्वालिटी के केवल तीन-पिन प्लगों का उपयोग करके किया जाएगा।

(4) सक्रिय भागों का संरक्षण.

(क) विद्युत कार्य के संबंध में प्रयुक्त प्लास, पेचकस, फ्यूजतार, कर्षक और समरूप हस्त औजार यथोचित रूप से विद्युतरोधी होंगे।

(ख) विद्युत उपस्कर के आसपास प्रयुक्त तेल कनस्तरों और झाड़नों ब्रुशों और अन्य सफाई युक्तियों के हैंडल असवाही सामग्री के होंगे।

(ग) आर्क वेल्डर या कर्तन मशीनों में मोटर जनित्रों, परिष्कारकों या ट्रांसफार्मरों और धारा वहन करने वाले सभी भागों को आकस्मिक संपर्क मद्दे विद्युतरोधी न किए गए सक्रिय भागों से संरक्षित किया जाएगा।

(5) अग्निशमन.

(क) विद्युत उपस्कर में लगी आग बुझाने के लिए जल का उपयोग नहीं किया जाएगा सिवाय वहां के जहां अग्नि शमन के प्रयोजनों के लिए इसमशान बन गए हों और जहां आग अन्यथा नियंत्रण योग्य न हो। पश्चात्वर्ती मामले में उपयोग के पूर्व विद्युत संपर्क मद्दे पूर्वविधानियां बरती जाएंगी।

(ख) विद्युत संस्थापनों में उपयोग के लिए CO_2 गैस प्रकार के शामकों की व्यवस्था की जाएगी। इसके अतिरिक्त शुष्क रेत या अन्य असवाही सामग्रियों का शामकों के रूप में उपयोग किया जाएगा।

(6) वैयक्तिक संरक्षण पोशाक.

(क) सक्रिय विद्युत परिपथों या उपस्कर पर या उनके निकट कार्य करते समय कर्मकार—

(i) चुस्त फिटिंग वाला पोशाक पहनेंगे उनमें धात्विक बटन या कफ नहीं होंगे।

(ii) अनावश्यक धातु वस्तु जैसे, अगूठी चाबी या घड़ी चैन नही पहनेंगे।

(7) स्थैतिक विद्युत :

(क) जहां स्थैतिक चार्जों का खतरनाक सचयन, पट्टी और घिरनी अंतनेदि द्वारा कारित हो वहां, शैफ्टों और बेयरिंगों, दोनों का भूसंपर्कित किया जाएगा।

(ख) जहां पट्टी और घिरनी के बीच चिनगारी इस प्रकार उत्पन्न हो कि कर्मकारों के लिए जोखिम कारित करे वहां, स्थैतिक चार्जों का सचयन भूमि से जोड़े गए धात्विक काम्ब के द्वारा कम कर दिया जाएगा और यदि आवश्यक हो तो, उन्हें उस स्थल पर जहां वे घिरनियों को खींचते जाते हैं, पट्टियों के जितना संभव हो उतना निकट, दोनों तरफ लगा दिए जाएंगे।

(8) परिसंकटमय अवस्थान :

ऐसे स्थानों में, जहां ज्वलनशील गैस या वाष्प सम्मिश्रण से विस्फोट का खतरा है, सस्थापित विद्युत उपस्कर, जैसे मोटर, स्विच और प्रकाश व्यवस्था फिक्सचर, अनुमोदित विस्फोट सह प्रकार के होंगे।

15. हस्त-औजारों और सुवाह्य विद्युत औजारें·

(1) हस्त-औजारे :

(क) हस्त-औजारें अच्छी क्वालिटी सामग्री के और उस कार्य के लिए जिसके लिए उनका उपयोग किया जाएगा, उपयुक्त होंगे।

(ख) हस्त-औजारों का केवल उन विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए, जिनके लिए वे अभिप्रेत हैं, उपयोग किया जाएगा। उनके हैंडल ग्रीज तेल, आदि से मुक्त होंगे।

(ग) हस्त-औजारों के काष्ठ हैंडल अच्छी क्वालिटी ऋजुतन्तु सामग्री के होंगे। वे चिकने होंगे और खण्डित या तेज धार वाले नही होंगे।

(घ) जहां चिनगारियों द्वारा ज्वलित किए जाने पर विस्फोटक वातावरण की कोई जोखिम हो वहां, उपमें प्रयुक्त हस्त-औजारे चिनगारीहीन प्रकार के होंगे।

(ङ) रवड़ औजारों के सीखों पर, जैसे ही वे फैलना या विदीर्ण करना आरम्भ करें, पट्टी बांध दी जाएगी या उन्हें किनारों पर उपयुक्त वक्रता की दशा में भूमि पर रखा दिया जाएगा।

(च) हस्त औजारों को केवल अर्हित व्यक्तियों द्वारा टेंपर, परिष्कृत और मरम्मत किया जाएगा।

(छ) ऊंचे स्थानों पर कार्य करते समय हस्त औजारों को फर्शों पर, गलियारों, आदि में नहीं छोड़ा जाएगा हस्त औजारों को पट्टियों या अन्य उपस्कर/संरचनाओं से उचित रूप से बांध दिया जाएगा जिससे कि वे नीचे व्यक्तियों पर न गिरें।

(ज) हस्त औजारों के सुरक्षित उपयोग के लिए कर्मकारों को समुचित रूप से अनुदेश दिया जाएगा और प्रशिक्षित किया जाएगा।

(झ) ऐसी संक्रियाओं में, जिनमें नेत्र को क्षति की जोखिम अन्तर्वलित हो, फोनादी छेनी या छेनी कर्तकों का उपयोग करते हुए कर्मकारों के लिए उपयुक्त नेत्र संरक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

(ञ) छल्ला और पट्टी से जड़े ठोस हैंडलो वाले रेतियो का उपयो किया जायेगा

(ट) हथौड़ों और मुग्दरों के हैंडलों को दृढ़तापूर्वक फिट किया जाएगा।

(ठ) डिबरियों को कसने या ढीला करने के लिए रेंचों के स्थान पर प्लासों का अनुकल्प के रूप में उपयोग नही किया जाएगा।

(ड) पेचकसो की धारें को उचित रूप से ग्रोउंड कर दिया जाएगा जिससे कि वे पेचों के सुराख में फिट हो सकें।

(ढ) खोलने के लिए या छेनी के रूप में पेचकसों का उपयोग नहीं किया जाएगा।

(ण) रेंचो या स्पेनरों पर पाइप या अन्य विस्तारण तब तक अनुज्ञात नही किए जाएंगे जब तक कि औजारों का इस रीति से उपयोग करने के लिए डिजाइन नही किया गया हो।

(त) रेंचों और स्पेनरों का हथौड़ों के रूप में उपयोग नही किया जाएगा।

(थ) हेकसा ब्लेडों को उनके फ्रेमो में कस कर लगाने जाएंगे और दृढ़ आघातों के साथ सीधी लाइन में प्रचालित किए जाएंगे जिससे कि ब्लेडो को टूटने और यथासंभव हाथों को क्षति होने से बचाया जा सके।

(2) सुवाह्य विद्युत् औजारे.

(क) ज्वलनशील वाष्पों, गैसों और गर्द की उपस्थिति में सुवाह्य विद्युत औजारों का उपयोग तब तक नहीं किया जाएगा जब तक कि ऐसे उपयोगों के लिए औजार को विशेष रूप से डिजाइन नहीं किया गया हो।

(ख) सभी विद्युत प्रचालित औजारों में, एक त्रि-क्रोड केवल का उपयोग किया जाएगा और औजार के बाडी से समुचित रूप से जोड़े गए तार को भूसपर्कित किया जाएगा। (नियम 12(3)(ङ) भी देखिए)

(ग) शक्तियुक्त औजारों पर स्विचों को एसी रीति से व्यवस्था की जाएगी कि आकस्मिक आरम्भण की संभावना कम से कम हो।

(घ) सुवाह्य विद्युत औजारों और उनके उपसाधनों का एक निश्चित अवधि पर बार-बार और पूरी तरह से निरीक्षण किया जाएगा तथा ऐसे सभी निरीक्षणों का अभिलेख बनाए रखा जाएगा

(ङ) विद्युत चालित औजार केवल ऐसे व्यक्तियों द्वारा प्रचालित किए जाएंगे जिन्हें ऐसे औजारों को उपयोग करने में प्रशिक्षित किया गया है और अनुदेश दिया गया है।

(च) सुवाह्य पेषण-यंत्रों में, चक्र को ऐसे सुरक्षित वाशरों और फ्लेंजों, जो संस्थापित चक्र के ऐसे प्रकार के लिए वाशरो और फ्लेंजों से काफी बड़े होंगे, के साथ उचित रूप से बनाया जाएगा।

(छ) पेषण कार्य करते समय बड़े चश्मे/चेहरा आवरण पहने जाएंगे पहना जाएगा।

(ज) सुवाह्य विद्युत बरमा का उपयोग करते समय छिद्रित की जाने वाली सामग्री को उपयुक्त रूप से जकड़ कर रखा जाएगा।

(झ) जब ऊंचे स्थानो में विद्युत औजारों का उपयोग किया जाए तब आपरेटर सुरक्षा पट्टा पहनेगा जिससे कि यदि औजार अचानक टूट जाए या आपरेटर को विद्युत आघात लगे तो गिरने का खतरा कम कम हो।

(ञ) शुष्क सक्रियाओं के लिए जैसे चफ करने, पेषण करने और रेत डालने के लिए, जिसे हानिकारक गर्द पर्याप्त रूप में उत्पादित होता है, प्रभावी स्थानिक दिर्वातक संवातन की व्यवस्था की जाएगी।

(ट) वायु संचालित औजार की दशा में, उसे खिंच जाने से रोकने लिए वायु नम्य नाल से एक लघु जंजीर दृढ़ता से संलग्न किया जायेगा

16. दाब पात्र और संयंत्र (1) साधारण :

(क) किसी ऐसे पात्र से, जो भारतीय बायलर अधिनियम, 1923 की परिधि मे आता है, भिन्न हर दाब पात्र संयंत्र और दाब के अधीन और वायुमंडलीय दाब से अधिक दाब पर प्रचालित दाब गैसों या विघटित गैसो के भंडारकण या परिवहन के लिए प्रयुक्त सिलिंडरों को धातु बोतल—

(i) ठोस बनावट, ठोस सामग्री, पर्याप्त सामर्थ्य के और किसी प्रत्यक्ष त्रुटि से मुक्त होगे; और

(ii) किसी सुरक्षित दशा में उचित रूप से अनुरक्षित किए जाएंगे।

(ख) किसी भी नए दाब पात्र का किसी कारखाने में तब तक उपयोग नहीं किया जाएगा जब तक कि उसका द्रवस्थैतिक परीक्षण किसी सक्षम व्यक्ति द्वारा डिजाइन दाब से कम से कम 1.3 गुने के दाब पर न कर लिया गया हो, और किसी ऐसे दाब पात्र या संयंत्र को, जिसका उपयोग पहले किया गया है या जो दो मास से अधिक अवधि के लिए बिलग या पड़ा रहा है या जिसमें परिवर्तन या मरम्मत की गई है, किसी कारखाने में तब तक उपयोग नही किया जाएगा जब तक कि उसकी परीक्षा किसी सक्षम व्यक्ति द्वारा बाहर और भीतर, यदि साध्य हो, से पूरी तरह से न कर ली गई हो, और उसकी द्रव स्थैतिक परीक्षण सक्षम व्यक्ति द्वारा ऐसे दाब पर जो अधिकतम अनुज्ञेय कार्यकरण दाब 1.5 गुना होगा, किया गया हो।

(ग) किसी भी दाब पात्र संयंत्र को किसी कारखाने में तब तक उपयोग नही किया जायेगा जब तक कि डिजाइन दाब या उसका अधिकतम अनुज्ञेय कार्यकरण दाब विनिर्दिष्ट करते हुए और परीक्षण के उस प्रकृति को, जिसके अधीन दाब पात्र/संयंत्र और उसकी फिटिंगें (यदि कोई हो) को रखा गया है, कथित करते हुए एक प्रमाण पत्र दाब पात्र संयंत्र के विनिर्माता से या सक्षम व्यक्ति से प्राप्त न कर लिया गया हो और इस प्रकार प्रयुक्त हर दाब पात्र/संयंत्र चिह्नित किया जाएगा जिससे कि ऐसे दाब पात्र/संयंत्र जिससे वह प्रमाणपत्र संबंधित है, पहचाना जा सके और प्रमाणपत्र को निरीक्षक द्वारा अवलोकन के लिए उपलब्ध रखा जाएगा।

(घ) सक्षम प्राधिकारी प्रतिकारी पात्रों और सहयुक्त उच्च दाब पाइपिंग और संघटकों के लिए विनिर्दिष्ट अपेक्षाएं नियत करेगा।

(2) सुरक्षा फिटिंगें : हर दाब पात्र/संयंत्र में—

(i) एक उपयुक्त सुरक्षा वाल्व या पर्याप्त क्षमता की अन्य प्रभावी दाब मोचन युक्ति यह सुनिश्चित करने के लिए फिट की जाएगी कि दाब पात्र/संयंत्र का अधिकतम अनुज्ञेय कार्यकरण दाब अधिक न हो। उसे अधिकतम अनुज्ञेय कार्यकरण दाब से अनधिक दाब पर प्रचालित करने के लिए व्यवस्थित किया जाएगा।

(ii) अधिकतम अनुज्ञेय कार्यकरण दाब के 1.5 गुने से अन्यून डायल रेंज के साथ एक उपयुक्त दाब प्रभायी फिट किया जाएगा। यह स्पष्टतः दृष्टिगोचर होगा और सब समय ठीक आन्तरिक दाब दिखाने के लिए डिजाइन किया गया होगा और दाब पात्र के अधिकतम अनुज्ञेय कार्यकरण दाब पर सुस्पष्ट लाल चिह्न से चिह्नित किया होगा।

(iii) एक उपयुक्त रोक वाल्व या वाल्वें फिट किये जाएंगे जिनके द्वारा दाब पात्र को अन्य दाबपात्रों/संयंत्र या दाब के प्रदाय के स्रोत से पृथक किया जा सकता है। ऐसा कोई रोक वाल्व या वाल्वें जितना संभव हो उतना दाब पात्र के निकट अवस्थित किए जाएंगे और आसानी से पहुंच योग्य होंगे ; और

(iv) द्रव या अन्य पदार्थों में, जो दाब पात्र में इकटठे हो जाएं; निकालने के लिए दाब पात्र के सबसे निचले भाग पर एक उपयुक्त रोधनी या वाल्व फिट किया जाएगा।

(3) दाब अपचायक युक्तियां : (क) ऐसे हर दाब पात्र में, जिसे प्रदाय स्रोत पर दाब से कम या उस दाब से कम, जो किसी अन्य प्रदाय स्रोत के साथ दाब पात्र को जोड़ने वाली पाइप में प्राप्त किया जा सकता है, कार्यकरण दाब के लिए डिजाइन किया गया है, एक उपयुक्त दाब उपचायक वाल्व या अन्य उपयुक्त स्वचालित युक्ति, जो अधिकतम अनुज्ञेय दाब को अधिक होने से रोकेगी, फिट की जाएगी।

(ख) अपचायक वाल्व या युक्ति के विफलन की दशा में, दाब पात्र के और संरक्षण के लिए कम से कम एक ऐसा सुरक्षा वाल्व, जिसकी क्षमता सब प्रवाष्प वाष्प या गैस को प्रदाय-स्रोत और प्रदाय स्रोत से जोड़ने वाली पाइप के आमाप पर दाब द्वारा यथा अवधारित असम्यक दाब उत्थान के बिना मोचन करने के लिए पर्याप्त हो, अपचायक वाल्व के निम्न दाब पार्श्व पर फिट किया जाएगा।

(4) सेवा परीक्षा और परीक्षाएं : (क) किसी भी नए दाब पात्र को किसी कारखाने में तब तक उपयोग नही किया जाएगा जब तक कि उसका द्रव स्थैतिक परीक्षण किसी सक्षम व्यक्ति द्वारा डिजाइन दाब के कम से कम 1.3 गुने के दाब पर न कर लिया गया हो, और किसी ऐसे दाब पात्र संयंत्र को, जिसका उपयोग पहले किया गया हो या जो दो मास से अधिक अवधि के लिए बिलग या पड़ा रहा है या जिसमें परिवर्तन या मरम्मत की गई है, किसी कारखाने में तब तक उपयोग नहीं किया जाएगा जब तक कि उसकी परीक्षा किसी सक्षम व्यक्ति द्वारा बाहर और भीतर, यदि साध्य हो, से पूरी तरह से न कर ली गई हो, और उसका द्रव स्थैतिक परीक्षण, सक्षम व्यक्ति द्वारा ऐसे दाब पर, जो अधिकतम अनुज्ञेय कार्यकरण दाब से 1.5 गुना होगा, किया गया हो।

(ख) किसी भी दाब पात्र संयंत्र को किसी कारखाने में तब तक उपयोग नहीं किया जाएगा जब तक कि डिजाइन दाब या उसका अधिकतम अनुज्ञेय कार्यकरण दाब विनिर्दिष्ट करते हुए और परीक्षण के उस प्रकृति को, जिसके अधीन दाब पात्र/संयंत्र और उसकी फिटिंगों (यदि कोई हो) को रखा गया है, कथित करते हुए एक प्रमाण पत्र दाब पात्र/संयंत्र के विनिर्माता से या सक्षम व्यक्ति से प्राप्त न कर लिया गया हो और इस प्रकार प्रयुक्त हर दाब पात्र/संयंत्र चिह्नित किया जाएगा जिससे कि ऐसा दाब पात्र/संयंत्र जिससे वह प्रमाणपत्र संबंधित है, पहचाना जा सके और प्रमाणपत्र को निरीक्षक द्वारा अवलोकन के लिए उपलब्ध रखा जाएगा।

(ग) सेवा में हर दाब पात्र/संयंत्र की किसी सक्षम व्यक्ति द्वारा पूरी तरह से परीक्षा की जाएगी :

(i) बाहरी, हर छ : मास की अवधि में एक बार,

(ii) भीतरी, हर बारह मास की अवधि में एक बार।

परन्तु किसी दाब पात्र की बनावट के कारण परीक्षा के स्थान पर द्रव स्थैतिक परीक्षण किया जा सकेगा जो हर दो वर्ष की अवधि में एक बार किया जाएगा।

(iii) प्रवस्थैतिक परीक्षण, हर चार वर्ष की अवधि में एक बार।

(iv) परन्तु यदि दाब पात्र/संयंत्र की बनावट और उपयोग के कारण हर चार वर्ष की अवधि में कम से कम एक बार ऊपर उपखंड

(ii) और (iii) में यथा अपेक्षित उसका द्रवस्थैतिक परीक्षा नहीं किया जा सकता है तो धातु की मोटाई या सभी भागों की अन्य त्रुटियों के लिए, जिनकी विफलता से दाब पात्र/संयंत्र में संभावित भंग हो सकता है, पराश्रव्य परीक्षण जैसे नियमित अनाशक परीक्षण किया जाएगा।

(घ) इस उपनियम के प्रयोजन के लिए किया जाने वाला द्रवस्थैतिक परीक्षण का दाब डिजाइन दाब के 1.25 गुना या अधिकतम अनुज्ञेय कार्यकरण दाब के 1.5 गुना दोनों में से जो भी कम हो, होगा।

(5) परीक्षण की रिपोर्ट : (क) यदि किसी परीक्षा के दौरान दाब पात्र/संयंत्र की अगली विहित परीक्षा होने तक सुरक्षित रूप से कार्य करने की क्षमता के संबंध में कोई संदेह उत्पन्न होता है तो सक्षम व्यक्ति कारण सहित अन्य सुसंगत टिप्पणी के साथ अपने विचार निष्कर्ष और परिणाम अभिलिखित करेगा और अधिकतम अनुज्ञेय कार्यकरण दाब को कम करने के या बहुधा विशेष परीक्षा या परीक्षा के अधीन रहते हुए या इन दोनों शर्तों के अधीन रहते हुए दाब पात्र का उपयोग किए और प्रचालन में रखे जाने के लिए प्राधिकृत कर सकेगा

(ख) इस नियम के अधीन किसी परीक्षा की रिपोर्ट करने वाला सक्षम व्यक्ति परीक्षा की समाप्ति के सात दिन के भीतर इस मामले में, जहां अधिकतम अनुज्ञेय कार्यकरण दाब को कम कर दिया है या परीक्षा से यह पता चलता है कि दाब पात्र/संयंत्र या उसका कोई भाग सुरक्षा के साथ तब तक नहीं चल सकता है जब तक कि उसकी मरम्मत नहीं की जाती या जब तक कि कोई अन्य सुरक्षा उपाय नहीं किया जाता, रिपोर्ट की प्रति निरीक्षक को भेजेगा।

17. संपीड़ित गैस सिलिन्डर : (1) भंडारकरण :—

(क) संपीड़ित गैस सिलिंडरों के मिल जाने से बचने के लिए और किसी संभाव्य परिसंकटमय स्थिति को रोकने के लिए सिलिंडरों विभिन्न गैस वालों को अलग-अलग संचित किया जाएगा।

(ख) यदि बड़ी संख्या में गैस सिलिंडरों को संचित किया जाना है तो, निम्नलिखित वर्गों के अन्तर्गत पृथक भंडारकरण सुविधा की व्यवस्था की जाएगी :

(i) अक्रिय गैस (अर्थात आर्गान, हीलियम आदि) और आक्सीजन

(ii) विषैली किन्तु अज्वलनशील गैस (अर्थात क्लोरीन, सल्फर डायआक्साईड, आदि)

(iii) ज्वलनशील गैसें दोनों विषैली और अविषैली (अर्थात, ऐसीटिलीन कार्बन-मोनो आक्साइड, हाइड्रोजन सल्फाइड आदि)

(ग) यदि प्रमुख रूप से संचित किए जाने वाले सिलिंडरों की संख्या कम है तो केवल एक छोटे भंडार की व्यवस्था की जा सकेगी: किन्तु व्यवस्था तीन वर्गों में के सिलिंडरों से अलग की जाएगी।

(घ) सिलिंडर किसी ठंडे शुष्क और सुसंवातित स्थान में संचित किए जाएंगे। सामयिक उपयोग के लिए खुले में रखे गए सिलिंडरों को वर्षा और धूप से सुरक्षित किया जाएगा। सिलिंडरों को उनकी संरक्षण टोपियों सहित संचित किया जाएगा।

(ङ) संचित की गई गैसों के नाम और संचित किए जाने के लिए अनुज्ञात परिणाम उपदर्शित करते हुए एक सूचना भंडारों के प्रवेश-द्वार पर लगाई जाएगी।

(च) गोल तल वाले सिलिंडरों को फर्श पर रखा जाएगा और प्रत्येक और तल स्तर को अनुरक्षित करते हुए पर्याप्त काष्ठ-टेक सहित 4 ऊंचे से अनधिक मीनार पद्धति पर अम्बार लगाया जाएगा। निकास वाल्वों का रुख पूर्णतया उसी तरफ होगा।

(छ) चौरस या नतोदर तल वाले सिलिंडरों को सीधा खड़ा रूप में संचित किया जा सकेगा किन्तु वे तब किसी ऐसे स्थान से होंगे जिससे कि उन्हें अकस्मात ठोकर न लगे या उन्हें उचित जंकिर व्यवस्था के द्वारा दृढ़ता पूर्वक जकड़ कर रखा जाएगा।

(ज) ऐसीटिलीन और द्रावित गैसों के सिलिंडरों को द्रव के क्षरण की संभावना से बचने के लिए सीधा खड़ा रूप में संचित किया जाएगा।

(झ) धूम्रपान प्रतिषिद्ध होगा, विशिष्टतः वहां जहां ज्वलनशील गैसें संचित की जाती रही हैं : "धूम्रपान निषेध" चिन्ह भंडारों में और उसके बाहर प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित किए जाएंगे।

(ञ) खुले ज्वालों चिनगारी उत्पन्न करने वाले कारकों या तप्त काम, जैसे वेल्डन का उपयोग, ऐसे भंडारों में प्रतिषिद्ध होगा, जहां ज्वलनशील गैसे रखी गई हैं।

(ट) ज्वलनशील सामग्री (अर्थात तेल) चिथड़े, कागज काष्ठ, पेंट, आदि (भंडारों) में नहीं रखी जाएंगी।

(ठ) भरे हुए और खाली सिलिंडर अलग-अलग रखे जाएंगे और "भरा हुआ" तथा "खाली" संबंधी सूचनाएं उपयुक्त स्थानों पर प्रदर्शित किए जाएंगे।

(ड) गसें भंडारों में रखे गए संपीड़ित गैस सिलिंडरों से नहीं निकाली जाएंगी।

(ढ) गैस सिलिंडर नियम, 1981 के अधीन अधिकथित कानूनी अपेक्षाओं का उपर्युक्त उपनियमों के अतिरिक्त पालन किया जाएगा।

(2) प्रबंध और उपयोग : (क) सिलिंडरों के, चाहे वे भरे हुए या खाली परिवहन करने के दौरान उनकी संरक्षण टोपियां लगी रहेंगी।

(ख) जब सिलिंडरों का ट्रकों में परिवहन किया जाएगा तब उन्हें अम्बार लगाकर रखा जाएगा जिससे कि वे ट्रकों के किनारों से बाहर न निकल सकें।

(ग) सिलिंडरों को ट्रक से गिरने से और अनियंत्रित ढंग, अत्यधिक टक्कर या दबाव रोकने के लिए यथोचित पूर्वाधानियां बरती जाएंगी।

(घ) संपीडित गैस सिलिंडर के परिवहन करने वाले ट्रकों के चालक लदाई परिवहन और उतराई में आवश्यक सावधानी बरतेंगे।

(ङ) ट्रकों पर विषैली और ज्वलनशील गैस वाले सिलिंडरों के परिवहन की दशा में, ट्रकों के चालकों को क्रियाकलाप का निदेश देने वाले व्यक्तियों द्वारा सिलिंडरों की अन्तर्वस्तु की ओर ध्यान दिलाएगा और लदाई, परिवहन तथा उतराई में आवश्यक सावधानी बरतने के लिए कहेगा।

(च) भरे हुए सिलिंडरों से लदे ट्रकों को सार्वजनिक स्थानों में देखरेख के बिना नहीं छोड़ा जाएगा।

(छ) सिलिंडरों की लदाई या उतराई में उत्थापन चुम्बकों का उपयोग नहीं किया जाएगा।

(ज) जब सिलिंडरों की लदाई या उतराई क्रेन से की जाए तब समुचित रूप से डिजाइन किए गए क्रेडल का उपयोग किया जाएगा।

(झ) किसी संयंत्र/प्रयोगशाला के भीतर सिलिंडर परिवहन करने के लिए, उपयुक्त हस्त-ट्राली का उपयोग किया जाएगा। ऐसे हस्त-ट्राली में सिलिंडर को बांधने के लिए एक जंजीर की व्यवस्था की जाएगी जिससे कि यदि हस्तट्राली किसी उभाड़ पर से गुजरे तो वह गिर न सके।

(ञ) सिलिंडरों के लुढ़कने, खींचने और ढलकने से बचा जाएगा।

(ट) जब सिलिंडर को संयंत्र/प्रयोगशाला में उसके उपयोग स्थान पर लाया जाए तब उसे अधिमानतः किसी दीवाल, बेंच या किसी अन्य दृढ़ आधार से बांध दिया जाएगा :

(ठ) सिलिंडरों को ऊष्मा, स्रोत, जैसे भट्टियों, रेडिएटरों वाष्प पाइपों, चूल्हों के पास नहीं रखा जाएगा। यह विशिष्ट रूप से द्रवित गैसों के सिलिंडरों की दशा में महत्वपूर्ण है।

(ड) सिलिंडर वाल्वों को, सिवाय उस समय के जब गैस वस्तुतः ली जाती है, सब समय बंद रखा जाएगा।

(ढ) वाल्व स्पिंडल प्रचालित करने के लिए केवल मानक कुंजी का उपयोग किया जाएगा। किन्हीं साधनों द्वारा उत्तोलक शक्ति को बढ़ाया नहीं जाना चाहिए न ही अत्यधिक शक्ति अर्थात् घनताड़न का उपयोग किया जाना चाहिए।

(ण) सिलिंडर वाल्वों को साफ रखा जाएगा। रेगुलेटर फिट करने के पूर्व वाल्व साकेट के भीतर पड़ी हुई किसी ऐसी धूल को जो जमी हुई न हो वाल्व का चटका कर हटा दिया जाएगा।

(त) गैस प्रदायक से विनिर्दिष्ट सलाह के बिना सिलिंडर वाल्व और फिटिंगों को स्नेहन नहीं किया जाएगा। आग या विस्फोट की जोखिम के कारण किसी भी मद्दे आक्सीजन सिलिंडरों पर तेल या ग्रीज का उपयोग नहीं किया जाएगा।

(थ) खाली सिलिंडरों को उतना ही सावधानी से संभारण जाएगा जितनी भरे हुए सिलिंडरों को संभारण जाता है।

18. परिसंकटमय सामग्री का प्रबन्ध :—(1) साधारण :

(क) सभी परिसंकटमय सामग्रियों का प्रबन्ध इस प्रकार किया जाएगा जिससे कि वैयक्तिक क्षति न हो। इसकी योजना में उपस्कर/पद्धतियों का उचित डिजाइन और अनुरक्षण सम्मिलित है।

(ख) परिसंकटमय सामग्रियों की उठाई धराई करने के समय उचित वैयक्तिक संरक्षण उपस्कर की व्यवस्था की जाएगी।

(ग) ऐसे कार्मिक जिनसे परिसंकटमय सामग्री संभालने की अपेक्षा की जाती है, उनके खतरनाक गुणधर्मो संभालने के समय बरती जाने वाली पूर्वावधानियों ऐसे प्राथमिक उपचार और अग्नि शामक पद्धतियों, जिनकी, उत्पन्न हो सकने वाली आपात स्थिति के मामलों में अपेक्षा की जाए, के बारे में सुपरिचित होंगे।

(घ) सभी छलकें पदार्थों का निपटान शीघ्रता और सुरक्षित रूप से कर दिया जाएगा। उसके लिए उचित प्रक्रिया अधिकथित की जाएगी और उन्हें प्रबन्ध-क्षेत्रों में सहजदृश्य रूप से प्रदर्शित किया जाएगा।

(ङ) प्रबन्ध-क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में उपयुक्त अग्नि शामकों की व्यवस्था की जाएगी। उपयुक्त अनुदेश प्रदर्शित किए जाएंगे। अग्नि सेवा कार्मिक को आग बुझाने के प्रयास करने के पूर्व जलने वाली सामग्री के प्रकार और सामना किए जाने वाले धूमों के अपेक्षित परिसंकट के संबंध में जानकारी होगी।

(च) परिसंकट सामग्री का प्रबन्ध करने वाले क्षेत्रों में खाना, पीना और धूम्रपान करना सर्वथा प्रतिसिद्ध होगा।

(2) ज्वलनशील द्रव. (क) जहां ज्वलनशील द्रव संभाले जाते हैं वहां कोई खुले ज्वाले या ज्वलन के अन्य स्रोत जिनमें चिनगारी स्रोत सम्मिलित हैं, नहीं होंगे।

(ख) आधान या टंकियों पर उपयोजित वातीय दाब के द्वारा ज्वलनशील द्रवों का अंतरण तब तक प्रतिसिद्ध होगा जब तक कि इस प्रयोजन के लिए आधान या टंकी का डिजाइन नहीं किया जाता और उसकी कालिकतः जांच नहीं की जाती और उसे काफी ठोस नहीं पाया जाता उन्हें अन्य पाइपिंग पद्धति के द्वारा, अधिमानतः गुरुत्व का उपयोग करके और अनुमोदित स्वतः बंद होने वाले वाल्व का प्रयोग करके निर्माण के भीतर ही पात्रों आधानों या सुवाह्य टंकियों से या उनमें अंतरित करके निकाला जाएगा।

(ग) जहां वाष्पशील द्रव टैंकरों या सड़क यानों से अन्तरित किए जाते है वहां भूसंपर्करण पद्धति के धातु कर्म को टैंकर या सड़क यान में धातु कर्म से और भूमि से भी जोड़ा जाएगा।

(घ) 20 लीटर तक ज्वलनशील द्रवों के स्थानान्तरण और संभालने के लिए अनुमोदित सुरक्षा कनस्तरों का उपयोग किया जाएगा। सुरक्षा कनस्तरों में निम्नलिखित आवश्यक विशिष्टताएं होंगी।

1. वे क्षरणरोधी होंगे,

2. संघिदारण (या आग लगने की दशा में विस्फोट) रोकने के लिए उनमें 0.3 कि० ग्रा०/से० मी० जेज आन्तरिक दाब पर स्वतः निकास वाष्प होगा,

3. ज्वाला का ज्वलनशील अन्तर्वस्तुओं तक पहुंचने से रोकने के लिए उनमें ज्वाला अग्राहक होगा,

4. वे भरे जाने या निकाले जाने के पश्चात् स्वतः बंद हो जाएंगे।

(ङ) स्थैतिक विद्युत विरचन से बचने के लिए ज्वलनशील द्रवों के प्रवाह के वेग को अधिक से अधिक 1 मीटर/सेकेण्ड तक निर्बंधित किया जाएगा।

(च) उपशिष्ट ज्वलनशील द्रवों को दृढ़तापूर्वक फिटिंग वाले ढक्कनों सहित आधानों में एकत्रित अंतरित और संचित किया जाएगा जब भरण संक्रियाओं के संबंध में कतरन या चिथड़ों का उपयोग किया जाए तब दृढ़तापूर्वक फिटिंग वाले ढक्कनों सहित धातु के खाली कनस्तरों की व्यवस्था की जाएगी और सभी ससिक्त चिथड़ों या कतरन को उपयोग के पश्चात् उनमें तुरंत जमा कर दिया जाएगा। रद्दी वाले कनस्तर का अन्तर्वस्तु को, जैसे ही और जब वह भर जाए समुचित रूप से नष्ट कर दिया जाएगा।

(छ) किन्हीं भी परिस्थितियों में छलके हुए ज्वलन शील द्रवों के निपटान के लिए सामान्य नाली का उपयोग नहीं किया जाएगा।

(3) क्षारीय धातुएं (क) क्षारीय धातुओं का प्रबंध क्षेत्र नलों और पाइपों से बिल्कुल खाली रहेगा।

(ख) क्षारीय धातुओं के संभालने में प्रयुक्त उपस्कर और पद्धतियों का सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित रूप से डिजाइन किया जाएगा। द्रवित धातु के छलकाव को रोकने के लिए सभी उपस्करों के नीचे डिप ट्रे और वाल्व होंगे।

(ग) क्षारीय धातु का प्रबंध करने वाले क्षेत्रों में प्रयुक्त सभी औजारें शुष्क होंगे। क्षारीय धातुओं वाले धातु द्रवों को खोलने से सैवव अनालाप औजारों का उपयोग किया जाएगा।

(घ) क्षारीय धातुओं के संभालने में अपेक्षित संरक्षण पोशाक की कोटि धातु की उस मात्रा पर जिस तक कोई कर्मकार प्रभाव्य है और धातु के तापमान पर निर्भर होगी। एप्रनों टंगावरणों सिर आवरणों, दस्तानों और चेहरा संरक्षण का उपयोग अवश्यनियों पर निर्भर रहते हुए किया जाएगा।

(ङ) द्रवित क्षारीय धातुओं को अक्रिय गैस की आड़ में या आग की संभावना को कम से कम करके निम्नतम संभव तापमान और दाब पर निर्वात के अधीन अन्तरित किया जाएगा :

(च) जहां क्षारीय धातुओं को सम्भाला जाता है वहां वेल्डन गैस वर्तन, पात्र उपस्कर आदि जैसी सामग्री से भरा जाएगा ।

(छ) द्रव धातु उठाई धराई प्रणाली में एक शीघ्र कार्यकारी नाली प्रणाली सम्मिलित की जाएगी जिससे कि द्रव धातु अनुषंगी संशोधन प्रणाली में अपवाहित हो सके ।

(ज) दाब या निर्वात के लिए इस प्रणाली की कालिकत: यह सुनिश्चित करने के लिए जांच की जाएगी कि सुरक्षा खतरे में नहीं है और जांच का अभिलेख बनाए रखा जाएगा ।

(झ) वायु और जल लाइनों को, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, उस पाइपिंग से, जो द्रव धातु संचालित करता है, नहीं जोड़ा जाएगा ।

(ञ) ऐसी सभी मशीनरी और पाइप लाइनों को जिन पर स्थैतिक विद्युत के संचय होने की संभावना है, प्रभावी भूसंपर्कित किया जाएगा ।

(ट) अन्तर्वलित खतरों और की जाने वाले सुरक्षा उपायों को उपदर्शित करते हुए उपयुक्त सूचनाएं परिवहन के लिए प्रयुक्त बैरलों या टैंकरों पर प्रदर्शित की जाएगी ।

(ठ) प्रयोगशाला में छलकी हुई क्षारीय धातुओं की थोड़ी मात्रा को सोडाक्षार की परत से ढक दिया जाएगा और इसके बाद किसी निर्दिष्ट स्थान पर तुरन्त निपटान के लिए उन्हें खुरच लिया जाएगा । क्षारीय धातुओं की अधिक मात्राओं के लिए निपटान की उपर्युक्त पद्धतियों की योजना बनाई जाएगी ।

(4) संक्षारक : (क) संक्षारक सामग्रियों के आधान उपयुक्त प्रकार और ठोस सामग्री के होंगे ।

(ख) कर्मकारों द्वारा वैयक्तिक संरक्षा उपस्कर, जैसे रसायन के बड़े चश्मे एप्रन और रबड़ के जूते उस समय पहने जाएंगे जब वे संरक्षक सामग्रियों की उठाई धराई करते है ।

(ग) आधान या टंकी पर उपयोजित वातीय दाब के द्वारा संक्षारक द्रवों का अंतरण तब तक प्रतिषिद्ध होगा जब तक कि प्रयोजन के लिए आधान या टंकी को डिजाइन नहीं किया जाता और उसकी कालिकत: जांच नहीं की जाती तथा उसे काफी ठोस नहीं पाया जाता ।

(घ) जहां जहां बड़ी मात्रा में संक्षारक सामग्री सम्भाली जाती हैं, उसके पास काफी जल उपलब्ध रहेगा । इसके अतिरिक्त एक सुरक्षा फुहार और नेत्र साफ करने के लिए झरना होगा ।

(ङ) संक्षारक सामग्री का प्रबंध करने वाले क्षेत्र का फर्श संक्षारण रोधी होगी ।

(च) ऐसे क्षेत्रों की जहां संक्षारक सामग्री का प्रबंध किया जाता है, निकास लाइन संक्षारणरोधी होगी ।

(5) विषैली सामग्री : (क) विषैली सामग्रियों के भंडारकरण और उपयोग पर चुस्त प्रशासनिक नियंत्रण होगा । वे उत्तरदायी व्यक्तियों के भारसाधन में होंगे और उन्हें केवल तब जारी किया जाएगा जब वे विनिर्दिष्ट प्रयोगों/प्रक्रियाओं के लिए अपेक्षित हों ।

(ख) विषैली सामग्री के प्रबंध में नियोजित व्यक्तियों के लिए आवश्यक वैयक्तिक संरक्षा उपस्कर की व्यवस्था की जाएगी ।

(ग) ऐसे क्षेत्रों में, जहां विषैली सामग्रियों का प्रबंध किया जाता है, कार्य कर रहे व्यक्तियों पूर्णत: निर्धारित वैयक्तिक आरोग्य विज्ञान का पालन करेंगे ।

(घ) विषैली सामग्रियों से युक्त सभी अपशिष्टों को सुरक्षापूर्वक निपटान कर दिया जाएगा ।

19. प्रबंध पद्धतियां : (1) हस्त प्रबंध

(क) भारी वस्तुओं के हस्त-प्रबंध से, जहां तक संभव हो, बचा जाएगा । इसके बदले में उन्हें उठाने और ढोने के लिए यांत्रिक साधियों की व्यवस्था की जाएगी और उनका उपयोग किया जाएगा ।

(ख) ऐसे कर्मकारों को, जिन्हें सामग्री का प्रबंध करने के लिए सौंपा गया है, इस संबंध में अनुदेश दिए जाएंगे । कि सामग्रियों का सुरक्षापूर्वक कैसे उठाया और ढोया जाए ।

(ग) जहां दो या अधिक कर्मकारों द्वारा भारी वस्तुएं उठाई या ढोयी जाती है वहां भारत के उठाए और नीचे किए जाने को कार्य की समरूपता सुनिश्चित करने के लिए भली भांति समझे जाने वाले संकेतों द्वारा शामिल किया जाएगा ।

(घ) जहां भारी वस्तुएं, जैसे भारित ड्रम या टंकी, किसी भी दिशा में आनतियों पर सम्भाली जाती है वहां:—

(i) रोक या फन्नी का उपयोग करने के अतिरिक्त उनकी गति को नियन्त्रण करने के लिए रस्सों और टेकल का उपयोग किया जाएगा ; और

(ii) कर्मकारों का नीचे की ओर खड़ा होना प्रतिषिद्ध होगा ।

(ङ) जहां भारी वस्तुएं रोलर के द्वारा हटाई जाती हैं वहां, गति में रहने के दौरान रोलरों की दिशा परिवर्तन करने के लिए हाथ या पांव के बदले शलाकाओं या स्लेजों का उपयोग किया जाएगा ।

(च) तेल धार, फिनों, स्लिवरों, खड़ों या समरूप खतरनाक निकले हुए भागों वाली वस्तुओं का प्रबंध करने वाले यातप्त, दाहक या संक्षारक सामग्रियों का प्रबंध करने वाले कर्मकार उपयुक्त वैयक्तिक संरक्षण उपस्कर का उपयोग करेंगे ।

(छ) सामग्रियों का ढेर इस प्रकार लगाया जाएगा जिससे कि ढेर से निम्नलिखित में बाधा न पड़े ;

(i) प्राकृतिक या कृत्रिम प्रकाश के यथोचित वितरण में,

(ii) मशीनों या अन्य उपस्कर के उचित प्रचालन में

(iii) गलियारों या आवागमन वीथिकाओं के बेरोक उपयोग में ; और

(iv) रोधक प्रणाली के रक्षतापूर्ण कार्य या अन्य अग्निशामक उपस्कर के उपयोग में

(ज) सामग्रियों का ढेर भवनों के विभाजनों या दीवारों के पास तब तक नहीं लगाया जाएगा जब तक कि यह ज्ञात न हो विभाजन या दीवार बल सहन करने के लिए पर्याप्त सामर्थ्य की है ।

(झ) अधिकतम भार, जो किसी एक वयस्क पुरुष या महिला द्वारा हाथ से या सिर पर उठाए ढोए, या हटाए जाने के लिए अनुज्ञात किए जा सकते है, क्रमश: 50 कि० ग्राम और 30 कि. ग्रा. होंगे ।

(ञ) वह मार्ग, जिससे किसी वस्तु को ढोया या हटाया जाता है, पहले से हर सभी बाधाओं या अन्य परिसंकटमय स्थितियों से मुक्त होगा ।

(ट) हस्त-ठेलों और चक्र गाड़ियों को धातु निर्मित गार्डों से लैस किया जाएगा । कीलकों के स्थान पर कीलों तार के टुकड़ों और अन्य अनुकल्पों का उपयोग नहीं किया जाएगा ।

(ठ) जब किसी ट्रक पर लदाई की जाए तब उतराई की पद्धति पर विचार किया जाएगा । भारों के नीचे गुटक रखे जाएंगे जिससे कि यदि उतराई केन्द्र पर यांत्रिक उपस्कर का उपयोग किया जाता है तो सिंगलों को आसानी से अकड़ा जा सके ।

(ड) सामग्री की उठाई धराई करने वाले उपस्करों का कालिकत: निरीक्षण किया जाएगा और उन्हें ठीक मरम्मत में रखा जाएगा । अनुरक्षण का अभिलेख एक रजिस्टर में रखा जाना चाहिए ।

(ढ) जब वे उपयोग में हों तब ट्रकों को निर्दिष्ट स्थानों पर ही खड़ा किया जाएगा ।

(2) यांत्रिक प्रबंध

(क) औद्योगिक शक्ति चालित ट्रकें

(i) उपकरण ऐसे प्राधिकृत व्यक्तियों द्वारा ही प्रचालित किए जाएंगे जिन्हें उनके सुरक्षित प्रचालन के लिए विनिर्दिष्ट प्रशिक्षण दिया गया है ;

(ii) भारों का परिवहन ऐसी रीति से किया जाएगा जिससे कि आपरेटर के लिए अधिक से अधिक स्पष्ट अवलोकशक्ति उपलब्ध हो सके ;

(iii) उपस्कर के प्रत्येक भाग पर सुरक्षित भार क्षमता और प्रचालन गति उपदर्शित की जाएंगी ;

(iv) व्यक्तियों का भारों या उपस्कर पर चढ़ना प्रतिषिद्ध होगा ;

(v) औद्योगिक ट्रकों पर पीली और काली धारियां पेंट की जाएंगी जिससे कि वे व्यक्तियों द्वारा स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ें ।

(ख) उत्थापक मशीनें :—

(1) व्यक्तियों को भार या क्रेन हुकों पर चढ़ने की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी;

(2) भारों को व्यक्तियों के उनके नीचे काम करने के दौरान क्रेन पर नहीं ढोया जाएगा। जब क्रेन गति में हो तब तब घण्टे या भोंपू का सदा उपयोग किया जाएगा;

(3) स्लिंगों, जंजीरों, आदि को खींचा नहीं जाएगा। भार को उतारने के पश्चात क्रेन को तब तक नहीं हटाया जाएगा जब तक कि हुक को नीचे नहीं कर दिया जाता और स्लिंग या जंजीर को हुक से अलग नहीं कर दिया जाता;

(4) क्रेन पर के किसी भार को तब तक नहीं हटाया जाएगा जब तक कि फ्लोर से दिए गए संकेतों को स्पष्ट रूप से नहीं समझ लिया जाता;

(5) भार को झुलने नहीं दिया जाएगा;

(6) किसी भार को उठाते या नीचे गिराते समय इस बात की जांच कर ली जाएगी यह पार्श्ववर्ती वस्तु के ढेर या मशीनरी को सुरक्षित रूप से बिना स्पर्श किए पार कर जाएगा ;

(7) क्रेन की सुरक्षित भार क्षमता किसी भी समय पार नहीं करेगी ।

(ग) संवाहक :—

(1) सभी शक्ति चालित संवाहक ठोस बनावट के होंगे और उन्हें कर्मकारों को गतिशील भागों पर पकड़े जाने से या सामग्री गिरने से क्षतिग्रस्त होने से रोकने के लिए बाड़ा लगाकर या शलाका के संरक्षित किया जाएगा। सभी गतिशील पट्टियों, गियरों, स्प्राकेटों, घिरनियों, शैफ्टों और जंजीरों को प्रभावी रूप से संरक्षित किया जाएगा ।

(2) शक्ति चालित संवाहकों में उपयुक्त रूप से अवस्थित आपात नियंत्रण युक्ति की व्यवस्था की जाएगी। जहां-जहां आरपार मार्गों की व्यवस्था की जानी है, वे समुचित डिजाइन के होंगे;

(3) सुवाह्य गुरुत्व शूट, रालर और पट्टी, जब उनका उपयोग सामग्री के प्रबंध में किया जाए तब, ठोस बनावट के होंगे और उनमें प्रत्येक खंड में प्रमाणित अभिबंधी युक्तियों की व्यवस्था की जाएगी ।

(4) सभी उपरि संवाहकों के किनारों के साथ-साथ और कोनों और घुमावों पर साइड बोर्ड संस्थापित किए जाएंगे। और उनके नीचे कर्मकारों को सामग्री के गिरने से संरक्षित करने के लिए स्क्रीन गार्ड लगाए जाएंगे ;

(5) व्यक्तियों का संवाहकों पर चढ़ना प्रतिषिद्ध होगा ।

20. उत्तोलन साधित्र (1) साधारण :

(क) क्रेनों, उत्तोलकों, डेरिकों और समरूप उपस्कर के संबंध में प्रयुक्त सभी स्लिंगें, जंजीरें और अन्य गियर प्राधिकृत व्यक्तियों के पर्यवेक्षण के अधीन रहेंगे और उनके द्वारा अनुरक्षित किए जाएंगे ।

(ख) अनुरक्षण और निरीक्षण के अभिलेख रखे जाएंगें ।

(ग) सभी उत्तोलन साधित्र हुकों या रेकों पर रखे जाएंगे जिससे कि उन्हें भंडारकरण के दौरान नुकसान न हो ।

(2) घिरनी आलंब : (क) आलंबों की उत्थापक क्षमता प्रत्येक आलंबन पर स्पष्ट रूप से अंकित की जाएगी ।

(ख) उपरिस्थित आलंब का बंधन पर्याप्त सामर्थ्य का होगा । यह उस अधिकतम भार के, जो आलंब द्वारा उत्तोलित किया जाए पांच गुने भार को अवलंब देने के योग्य होगा ।

(ग) खुरदरे तंतु रज्जु या जंग लगे तार रज्जु का उपयोग नहीं किया जाएगा ।

(घ) आलंबों की कालिकतः परीक्षा की जाएगी और उन्हें प्रचालन दशाओं में बनाए रखा जाएगा ।

(3) हुकें । (क) हुकों के प्रकार का चयन संभाली जाने वाली सामग्री के आकार और प्रकार के अनुसार किया जाएगा । हुक के किसी भाग पर अत्याधिक भार अनुज्ञात नहीं किया जाएगा ।

(ख) हुकों का यनर्माण फोर्जित या परतजार स्पात से किया जाएगा।

(ग) ऐसे हुकों की, जो अतिभराई के कारण विरूपित हो गए हैं, मरम्मत नहीं की जाएगी या उन्ह दुबारा काम में नहीं लगाया जाएगा ।

(घ) हुकों को ऐसी रीति से तप्त नहीं किया जाएगा या उनका अन्यथा उपचार नहीं किया जाएगा जिससे कि उसकी अनुज्ञात क्षमता प्रभावित हो ।

(ङ) हुकों को, जहां तक संभव हो, सुरक्षा अर्गला बन्द से लैस किया जाएगा ।

(4) रज्जू : (क) तंतु रज्जु :

(i) उपयोग के लिए केवल अच्छे क्वालिटी के मनीला या संश्लिष्ट तंतु रज्जु को चुना जाएगा। ऐसे रज्जुओं पर उपयोजित किए जाने वाले भार निम्नतम विभंजन सामर्थ्य के 20 प्रतिशत से अधिक नहीं होंगे ।

(ii) सभी रज्जुओं की कालिकतः परीक्षा की जाएगी । बाह्य निरीक्षण खरोंचों, विभंज तंतुओं, कटावों, घिसावों या अन्य अन्य त्रुटियों के लिए किया जाएगा । ऐसे निरीक्षण और परीक्षा के अधीन पाई गई त्रुटियों वाले तंतु रज्जुओं को काम से हटा लिया जाएगा ।

(iii) रज्जुओं को सुसंवातित कक्षों में उपलब्ध किए गए हुकों या रैकों पर रखा जाएगा । उन्हें आर्द्र और संक्षारक वातावरणों तथा चरम तापमानों से प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा ।

(ख) तार रज्जु : (i) हर तार रज्जु का उपयोग और अनुरक्षण, सर्वथा विनिर्माता की सिफारिशों के अनुसार किया जाएगा । तार रज्जुओं पर उपयोजित भार निम्नतम विभंजन सामर्थ्य के 20 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा ।

(ii) रज्जुओं का निरीक्षण संस्थापन के समय और उसके पश्चात जब वे उपयोग में हों तब हर सप्ताह में एक बार किया जाएगा ।

(iii) किसी ऐसे रज्जु का, जो तीन मास या अधिक तक उपयोग में नहीं रहा है और जल, आर्द्रता, सीलन, आदि से प्रभावित होता रहा है, उसके पश्चातवर्ती उपयोग के पूर्व ,संरक्षण

के लिए निरीक्षण किया जाएगा । यदि सुस्पष्ट संक्षारण पाया जाता है तो, उसे उत्तोलन या भार वहन करने वाले काम से हटा लिया जाएगा तार रज्जुओं को भार वहन करने वाले काम से उस दशा में हटा लिया जाएगा जब ऐसे रज्जुओं में समाविष्ट तारों की कुल संख्या के 4 प्रतिशत विभंज पाए जाते हैं ।

(iv) तार रज्जुओं को विनिर्माताओं द्वारा की गई सिफारिशों के रूप में किसी स्नेहक से स्नेहन किया जाएगा । तार रज्जु के विकुंचन और अध्यावर्तन से बचा जाएगा । किसी विकुंचित तार पर भार का अपयोजन नहीं किया जाएगा ।

(v) टाइप रज्जु क्लेम्पों को संलग्न करने में "V" के बंद या वक्र सिरे को रज्जु के लघु या अंतिम सिरे के संपर्क में रखा जाएगा और थिम्बिलों का उपयोग फंदों के छिद्रों में किया जाएगा । क्लेम्प पर की ढिबरियों का निरीक्षण किया जाएगा और उन्हें प्रचालनों के दौरान बार बार कसा जाएगा ।

(5) जंजीरें : (क) हर जंजीर का उपयोग और अनुरक्षा, सर्वथा विनिर्माता की सिफारिश के अनुसार किया जाएगा । जंजीरों पर उपयोजित भार निम्नतम विभंजन सामर्थ्य के 20 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा ।

(ख) जब वह लगातार उपयोग में हो तब, उत्तोलन जंजीर का किसी प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा प्रत्येक मास में कम से कम एक बार पूरी तरह से निरीक्षण किया जाएगा ।

(ग) जंजीरों को दो कड़ियों के बीच कीलें या पेच लगा कर छोटा नहीं किया जाएगा या जोड़ा नहीं जाएगा न ही किसी जंजीर में गांठ लगाई जाएगी । जंजीर की त्रुटिपूर्ण कड़ियों या भागों का जंजीरों के विनिर्माता द्वारा दी गई कड़ियों या सेक्शनों द्वारा ही बदला जाएगा ।

(6) स्लिंगें : (क) स्लिंगों के सिरों को फंदे बनाने के लिए उचित रूप से बांधा जाएगा ।

(ख) कटाव, अत्यधिक घिसाई या अन्य क्षति का लक्षण दिखाने वाले तंतु (मनीला या संश्लिष्ट) रज्जुओं को हटा दिया जाएगा । काम में लाने के पश्चात् रज्जुओं का निरीक्षण सामान्य दशाओं के अधीन हर 30 दिन पर और उस दशा में हर 7 दिन पर जब उनका उपयोग उस पाड़ को, जिस पर आदमी काम करते हैं, अवलम्ब देने के लिए किया जाए, किया जाएगा । यदि वे अम्लों या दाहकों से प्रभावित होते हों तो उनका निरीक्षण प्रतिदिन किया जाएगा । तंतु रज्जु स्लिंगों का उपयोग द्रवित धातुओं या तप्त वस्तुओं के उठाने के लिए नहीं किया जाएगा ।

(ग) तार रज्जु और जंजीर स्लिंगों का बार बार निरीक्षण और स्नेहन किया जाएगा ।

(घ) अधिक झुकने से स्लिंग का संरक्षण करने के लिए भार के किनारों पर गुटकों या अधिक मात्रा में पैड का उपयोग किया जाएगा । जब एकल या बहुस्लिंगों का उपयोग किया जाए तब, भार को इस प्रकार व्यवस्थित किया जाएगा कि दबाव रज्जुओं के बीच बराबर हो ।

(ङ) लम्बी सामग्रियों की उठाई धराई करने वाले स्लिंगों के संबंध में विस्तारकों का उपयोग किया जाएगा ।

21 औद्योगिक स्वास्थ्य विज्ञान : (1) साधारण :

(क) कार्यकरण पर्यावरण में मौजूद कर्मकों का, जैसे भौतिक, रासायनिक और जैविक का, पता लगाया जाएगा, मूल्यांकन किया जाएगा और नियंत्रण किया जाएगा जिससे कि कर्मकारों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े ।

(ख) जब कर्मकारों को किसी योजनाबद्ध संक्रिया के दौरान अनुज्ञेय मान से अधिक स्तरों पर प्रभाव्य होने के लिए अनुज्ञात किया जाता है तब एक चिकित्सक हाजिर रहेगा ।

(2) भौतिक कर्मक : (क) उष्मा प्रतिबल :

(1) उच्च ताप पर द्रवों के संचित करने या अन्तर्विष्ट करने वाले पात्रों, पाइपों या फ्लूज को पर्याप्त रोधी सामग्री से आच्छादित किया जाएगा ।

(2) कार्यकरण क्षेत्र में रोधी सामग्रियों, उष्मा परिरक्षकों की व्यवस्था करके, शीतल वायु का प्रदाय करके और/या वायु परिसंचरण करके उष्मा प्रतिबल को कम करने का हर प्रयास किया जाएगा । जहां उष्मा प्रतिबल इन पद्धतियों द्वारा अनुज्ञेय मान के नीचे तक कम नहीं हो सकता है वहां, प्रभावन को तप्त पर्यावरण में काम के क्षणों के बीच (शीतल क्षेत्रों में) विराम अन्तरालों की व्यवस्था करके और/या संरक्षण सूटों जैसे वैयक्तिक नियंत्रण उपायों द्वारा नियंत्रित किया जाएगा ।

(ख) अनायनकारी विकिरण :

(i) सभी विद्युत आर्क संक्रियाओं को आसपास के कर्मकारों की नेत्र-क्षति रोकने के लिए यथोचित रूप से आवरण दिया जाएगा । वेल्डक उपयुक्त हुड पहनेंगे जो नेत्रों और गर्दन-त्वचा तथा चेहरे का संरक्षण करेंगे और उन्हें उपयुक्त फिल्टर कांच से लैस किया जाएगा ।

(ii) ऐसी संक्रियाओं के जिन से विकिरण की उच्च तीव्रता का उदय होता है, और जिन्हें आवरण नहीं दिया गया है, आसपास काम करने वाले वेल्डकों के मददगार या अन्य पार्श्व परिरक्षकों सहित उपयुक्त बड़े चश्मे पहनेंगे ।

(iii) अवरक्त/पराबैंगनी विकिरणों के व्यक्तियों पर प्रभावन को उपयुक्त परिरक्षकों का उपयोग करके या सुरक्षित दूरियों पर काम करके सीमाओं के भीतर बनाए रखा जाएगा । उसी प्रकार सूक्ष्म तरंग विकिरण के प्रभावनों को अनुज्ञेय स्तरों के भीतर नियंत्रित किया जाएगा ।

(iv) संबद्ध ऊर्जा लेसर के प्रभावनों को मुख्य रूप से नियंत्रण उपाय करके और वैयक्तिक तथा चिकित्सा नियंत्रण पद्धतियों द्वारा अनुपूर्ति करके कम से कम रखा जाएगा । विनिर्दिष्टतः लेसर किरण पुंजों को सीधे अवलोकन करना प्रतिषिद्ध होगा ।

(ग) रव : कार्यकरण पर्यावरण में रव का उपयुक्त इंजीनियरी नियंत्रण उपायों द्वारा अनुज्ञेय मान के नीचे रखा जाएगा । जहां इनके द्वारा स्तरों में पर्याप्त प्राप्त न हो वहां, प्रभावन की अवधि को नियंत्रित किया जाएगा या कर्मकारों के लिए उपयुक्त कर्ण मफों की व्यवस्था की जाएगी ।

